राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-206
लखनऊ, गुरुवार 14 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य 3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीएम ने शहीद गुलाब सिंह लोधी की भव्य मूर्ति का किया अनावरण 05

वेडिंग डेस्टिनेशन क्षेत्र के रूप में उभरेगा उत्तराखंड : सीएम धामी 12

## संक्षिप्त समाचार

### भूटान के पीएम आज से पांच दिवसीय भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे 14-18 मार्च तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। जनवरी 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री टोबगे की यह पहली विदेश यात्रा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री टोबगे के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल में विदेश मामलों और विदेश व्यापार मंत्री, ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री, उद्योग, वाणिज्य एवं रोजगार मंत्री और भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस दौरे में भूटान के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्री और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भूटान के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री टोबगे मुंबई भी जाएंगे। मंत्रालय के अनुसार भारत और भूटान के बीच सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ पर आधारित मित्रता और सहयोग के अनुकरणीय संबंध हैं।

### कांग्रेस के विधायक अंबा के ठिकाने पर दूसरे दिन भी छापे

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के ठिकाने पर आज दूसरे दिन भी ईडी की छापेमारी जारी है। विधायक के घर पर मंगलवार को करीब 18 घंटे तक हुई छापेमारी के बाद ईडी की टीम बुधवार को भी अंबा प्रसाद के हजारीबाग के हुरहुरु स्थित आवास पर छापेमारी कर रही है। इस बीच विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बीजेपी की तरफ से हजारीबाग और चतरा सीट पर चुनाव लड़ने का ऑफर था, नहीं मानने पर ईडी भेजकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। सुश्री प्रसाद ने एजेंसी के अफसरों पर आरोप लगाया है कि कल दिनभर उन्हें टार्चर किया गया। उन्हें घंटों एक ही जगह खड़ा रखा गया। यहां तक कि अफसर सीधे उनके बेडरूम तक पहुंच गए।

### अरुणाचल विस चुनाव के लिए भाजपा की सूची जारी

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में कई बड़े नाम शामिल हैं, जिनमें मौजूदा सीएम पेमा खांडू का नाम भी है। लोकसभा चुनाव 2024 के साथ ही अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा की 11 मार्च को आयोजित हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस सूची को मंजूरी दी गई थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस सूची में अरुणाचल प्रदेश की सभी 60 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

### शेयर बाजार 906 अंक गिरा, निवेशकों के 13 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 13 मार्च को बड़ी गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 906 अंक की गिरावट के साथ 72,761 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 338 अंक की गिरावट रही। ये 21,997 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट रही। स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स में भी आज गिरावट देखी गई है। स्मॉलकैप इंडेक्स 2,189 अंक (5.11 प्रतिशत) गिरकर 40,641 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं मिडकैप इंडैक्स में 1,646 अंक (4.20 प्रतिशत) की गिरावट रही। ये 37,591 के स्तर पर बंद हुआ। जेट एयरवेज के शेयर में आज लगातार दूसरे दिन 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा। ये 2.15 रुपए (5.00 प्रतिशत) चढ़कर 45.20 रुपए पर बंद हुआ।

### यूपी : राज्यकर्मियों को 50 प्रतिशत मिलेगा डीए

**लखनऊ।** यूपी के 16.35 लाख राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को पहली जनवरी से मूल वेतन के 50 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता यानि डीए मिलेगा। अभी तक राज्य कर्मचारियों को मूल वेतन का 46 प्रतिशत डीए मिल रहा था। बीते दिनों केंद्र सरकार की ओर से कर्मचारियों के लिए यह निर्णय किए जाने के बाद अब राज्य सरकार ने भी यह फैसला किया है। राज्य कर्मचारियों को चार प्रतिशत की बढ़ी दर से डीए दिए जाने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी की ओर से मंजूरी दिए जाने के बाद वित्त विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में शासनादेश भी जारी किया।

### सीएम योगी ने लोकभवन सभागार से 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण करते हुए कहा

# आशा की किरण बना एमएसएमई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** चीन के उत्पादों को हमने अपने मार्केट से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा, प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। ये कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद मार्केट में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद मार्केट से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को सीएम योगी ने चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। सीएम योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एसीएस अमित मोहन प्रसाद, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण, उद्यमी और हस्तशिल्पी कारीगर मौजूद रहे।



#### यूपी में बड़े उद्योगों के लिए है बेहतर माहौल

सीएम ने कहा कि हमारे पास मजबूत एमएसएमई बेस है, सुरक्षा का माहौल है और पर्याप्त लैंडबैंक है। ऐसे में यहां बड़े उद्योग के लिए बेहतर माहौल बन चुका है। इसकी झलक हमें यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए यूपी को प्राप्त हुए 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव में दिखता है। यही नहीं हाल ही में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश को हमने धरातल पर उतारा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए डिस्ट्रिक्ट लेवल और स्टेट लेवल बैंकर्स की भी सराहना की।

#### आर्थिक प्रगति के साथ ही युवाओं को मिल रहा रोजगार

मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। सीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। सीएम योगी ने बताया कि प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं। उन्नाव में बन रहे प्रदेश के 11वें प्लेज पार्क के लिए मंगलवार चेक वितरित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई विभाग पिछले सात साल में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के उद्यमियों के लिए नई आशा की किरण बनकर उभरा है।

#### मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराए विभाग

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एमएसएमई विभाग को मार्केट की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। अगर हमने ये काम कर लिया तो प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को पूरे देश में छाने में बहुत देर नहीं लगेगी। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील की कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

## भारत को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने में मदद करेंगी परियोजनाएं

- तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का पीएम ने किया शिलान्यास

एजेंसी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'इंडियाज़ टेकेड चिप्स फॉर विकसित भारत' में सम्मिलित हुये और लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास किया। श्री मोदी ने इस अवसर पर देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक है। आज हम इतिहास भी रच रहे हैं और उज्ज्वल भविष्य की तरफ एक बहुत बड़ा मजबूत कदम भी उठा रहे हैं।

बुधवार को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े करीब सवा लाख करोड़ रुपये के तीन बड़े प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुआ है। गुजरात के धोलेरा, साणंद और असम के मोरीगांव में सेमीकंडक्टर फैसिलिटी हो, ये भारत को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग का एक बड़ा ग्लोबल हब बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, मैं सभी देशवासियों को इस महत्वपूर्ण पहल, एक महत्वपूर्ण शुरुआत, एक मजबूत कदम के लिये इस आयोजन को लेकर बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज इस कार्यक्रम में ताईवान के हमारे साथी भी वर्चुअल रूप से शामिल हुये हैं। मैं भी भारत के इन प्रयासों से काफी उत्साहित हूं।



## एमपी-एमएलए कोर्ट से मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को फर्जी शस्त्र लाइसेंस से जुड़े एक मामले में वाराणसी के स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई।

स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट के जज अवनीश गौतम ने 36 साल पुराने इस मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को आईपीसी की धारा 428, 467, 468, 120बी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत आरोप सिद्ध होने पर मंगलवार को दोषी करार दिया था। सजा सुनाए जाने के वक्त मुख्तार अंसारी बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुआ। एक अन्य मामले में बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे मुख्तार को आठवीं बार सजा हुई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी मुख्तार को उम्रकैद की सजा हुई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार मुख्तार अंसारी ने 10 जून 1987 को दोनाली बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि गाजीपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर से मुख्तार ने संस्तुति प्राप्त कर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त किया था। फर्जीवाड़ा सामने आने पर सीबीसीआईडी ने 4 दिसंबर 1990 को गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुख्तार अंसारी, तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर समेत पांच नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक का आरोपी उत्तर कुंजी के साथ गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एसटीएफ यूपी को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। पिछले दिनों आयोजित की गई पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद से यूपी एसटीएफ द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करते हुए यूपी पुलिस ने पेपर लीक गिरोह के खिलाफ ए फआईआर दर्ज की थी।

एफआईआर दर्ज करने के बाद लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं। इसी बीच एसटीएफ को महेन्द्र शर्मा पुत्र रामफल को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, प्रश्नपत्र, उत्तर कुंजी बरामद की है। आरोपी को पिल्लुखेडा रेलवे फाटक के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक की बेसमेंट में बनी दुकान से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ पर पता चला कि कि इस कार्य में महेन्द्र पुत्र रामफल निवासी हरियाणा भी शामिल रहा है। जो वर्तमान में हरियाणा में छिपा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र शर्मा ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 15-02-2024 को उसके गांव के विक्रम पहल ने उसे इस काम में शामिल किया। यह दिल्ली पुलिस में काम करता है। विक्रम मुझे अपने साथ मानेसर गुरूग्राम स्थित रिसोर्ट लेकर गया था। जहां पर उसने बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र आने वाला है।

## यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के समान नागरिक संहिता बिल (यूसीसी) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिल गई है। सत्ता संभालने के बाद महज 18 माह की अवधि में ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले में पहल करते हुए कमेटी गठित कर दी थी। मुख्यमंत्री धामी ने समान नागरिक संहिता को मंजूरी दिए जाने का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति का आभार जताया।

समिति के समान नागरिक संहिता मसौदे को सरकार ने उत्तराखंड विधानसभा में पिछले माह छह फरवरी को रखा था, जिसे पास कर दिया गया था। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस बिल को स्वीकृत होने के लिए राष्ट्रपति को भेजा गया था, जिसे बुधवार को मंजूर कर लिया गया। समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला उत्तराखंड देश में पहला राज्य बन गया है।

#### क्या है यूसीसी

समान नागरिक संहिता का उद्देश्य है कि देश में रहने वाले सभी नागरिकों हर धर्म-जाति के लोगों के लिए एक ही कानून होना। अगर किसी राज्य में सिविल कोड लागू होता है तो विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेना और संपत्ति के बंटवारे जैसे तमाम विषयों में प्रत्येक नागरिकों के लिए एक सा कानून होगा। संविधान के चौथे भाग में राज्य के नीति निदेशक तत्व का विस्तृत ब्यौरा है, जिसके अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करना सरकार का दायित्व हो गया है।



# वंचितों को वरीयता मोदी सरकार की गारंटी : भूपेंद्र सिंह

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

- पीएम - सूरज पोर्टल के लॉन्चिंग कार्यक्रम में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
- योजनान्तर्गत जिले के 1168 पात्र बने लाभार्थी



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि गरीबों व वंचितों को सामाजिक न्याय के तहत अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है।मोदी ने देश के गरीबों ,किसानों,महिलाओं एवम युवाओं को केंद्र में रखकर बीते दस वर्षो में कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में पीएम -सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के लॉन्चिंग पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सोशल इंजीनियरिंग के तहत मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित करा कर आधी आबादी के सम्मान को संबल प्रदान किया है। मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं के चलते बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले है जो मोदी सरकार के दौरान देश में ईज ऑफ लिविंग में सुधार की पुष्टि करता है।खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री ने पीएम सूरज योजना के सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया।इसके पूर्व सभी ने प्रधानमंत्री मोदी का लाइव उद्बोधन सुना एवम प्रदेश अध्यक्ष ने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र एवम किट वितरित किए।संचालन आशीष पाठक ने किया।

इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज, राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत,डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह, शशांक कुसुमेश, बैजनाथ रावत, विजय आनंद बाजपेई मौजूद रहे।

### योजनान्तर्गत जिले में कुल 1168 लाभार्थी चयनित

पीएम-सूरज योजनान्तर्गत चयनित 706 लाभार्थियों को आर्यावर्त बैंक ने वित्त वर्ष में कुल 10.18 करोड़ के ऋण किए। पीएम सूरज योजनान्तर्गत जिले में कुल 1168 लाभार्थी चयनित हुए ।जिसमे आयुष्मान योजना के 10 ,राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम के 127 एवम राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम के कुल 874 लाभार्थी शामिल है। इस अवसर पर बैंक के सहायक महाप्रबंधक संजीव कुमार मौजूद रहे।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा का किया उद्घाटन

बाराबंकी ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की तथा असैनी मोड़ पर एमएलसी एवम जिला प्रभारी अवनीश सिंह द्वारा अपनी निधि से बनवाए गए द्वार का नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया।

## लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड मितौली सभागार में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रयागराज से पधारे जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य नें श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक का शुभारंभ किया।

लोकसभा प्रभारी मनोज वर्मा ने प्रयागराज से पधारे जिला प्रभारी का माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने चुनाव प्रबंध समिति की बैठक में उपस्थित बूथ स्थर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग घर-घर जाकर जनता को सजक प्रहरी के भांति जागृत करते हुए चुनाव में लग जाए और अनुसूचित जाति की बस्ती में जाकर भ्रमण करें। जो योजनाओं से वंचित रह गए हैं उन्हें जोड़ने का कार्य करें।

## खबरें एक नजर में

### लव जिहाद में आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने हिंदू समुदाय की एक युवती के साथ हुए लव जिहाद के मामले में एक आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कस्बे के एक मुहल्ले की कालोनी की महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका अपने मायके ओयल में सलमान खान निवासी मुहल्ला देवीस्थान थाना मोहम्मदी से संपर्क हुआ और उक्त सलमान ने अपनी मीठी बातों में बहला फुसलाकर उसे भगा ले आया और गोला में कमरा लेकर दुष्कर्म करता रहा। जब पीडिता ने शादी के लिए कहा तो बराबर टालमटोल करता रहा। उसके बाद मोहम्मदी में कमरा लिया और वर्तमान में कालोनी में रखता है। उक्त सलमान खान सात मार्च को ग्राम देहुआ से चोरी चुपके शादी कर ली। सलमान ने पीडिता के साथ धोखाधड़ी छल कपट एवं जालसाजी करते हुए दुष्कर्म किया है। पीडिता ने जब उक्त सलमान से फोन पर पूछा तो सलमान ने धमकी दी कि मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। मैं तुम्हें जान से मार कर अपनी पत्नी के साथ बाहर चला जाऊंगा। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर आरोपित सलमान के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि आरोपित के घर दबिश दी गयी है। घर पर ताला लगा है। शीघ्र ही आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### लापता युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के दुधवा के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। वह चार दिन से घर से लापता था पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। मझगई रेंज के वाचर सर्वेश ने सिंगाही पुलिस को सूचना दी की क्षेत्र में सहेली बैराज के निकट रूप नगर बंधे के पूर्व में स्थित जंगल के अंदर करीब 100 मीटर पर स्थित पेड़ में एक शव रस्सी से लटक रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को निकाला। पुलिस के अनुसार उसके जेब में एक मोबाइल मिला जो कि स्विच ऑफ था। पुलिस ने मोबाइल को पुलिस चार्ज किया तो उसके बहनोई राजेश का फोन आया था। उसके बाद उसकी पहचान धीरज यादव 25 वर्ष के रूप में हुई। मृतक की पत्नी शोभा ने बताया की बंटवारे को लेकर परिवार में ही विवाद हो गया था। 10 मार्च से वह लापता था मृतक की पत्नी ने बंटवारे को लेकर एक शिकायती पत्र मझगई थाने में दिया था। सिंगाही प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदोरिया नहीं बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना लोनीकटरा अंतर्गत मंझूपुर गांव में बुधवार की दोपहर एक 21 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी राजेंद्र प्रसाद की पुत्री काजल का विवाह लगभाग एक वर्ष पहले जनपद लखनऊ के थाना मोहनलालगंज के जगन्नाथपुर गांव से हुआ था। बताते हैं कि मृतका के पिता व उसके ससुराल वालों के बीच कुछ अनबन हो गई थी ।तब से मृतका मायके में रह रही थीं। पिता अपनी बेटी का दूसरा विवाह करना चाह रहे थे। जबकि मृतका अपनी ससुराल जाना चाहती थी। आज जब परिवारीजन घर से बाहर थे, तभी दोपहर में काजल घर के एक कमरे में छत से साड़ी के फंदे से लटक गई। बाहर से वापस लौटे परिवारीजन कमरे में गए तो बेटी को फांसी पर लटका देख सन्न रह गए ।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लोनीकटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

### दो स्मैकिए गिरफ्तार, मादक पदार्थ बरामद

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गये अभियान के अन्तर्गत थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 2 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार,किया गया जिनके कब्जे से कुल 98 ग्राम अवैध स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 10 लाख रूपये) जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा दो तस्करों? को गिरिफ्तार किया गया जिनमें अफजल शैफ पुत्र मोहम्मद सरीफ निवासी मीरापुर वेलाव थाना कोठी जनपद बाराबंकी 2. वकील अहमद पुत्र अफजाल निवासी ग्राम मीरापुर जरगहवा थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 98 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गयी ।जिसकी (अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 10 लाख रूपये) बरामद कर थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 84/2024 धारा 8/21/60(3) एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0 85/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## अलीगंज लखीमपुर मार्ग का धीमी गति से हो रहे निर्माण-कार्य को लेकर जन मानस में आक्रोश



बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

काफी समय के बाद अलीगंज लखीमपुर मार्ग मरम्मत का काम शुरू हुआ परंतु कार्य धीमी गति से हो रहा है। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी सड़क पर गिट्टी और मिट्टी डालकर छोड़ दिए जाने से हो रही है। कहीं कहीं सड़क पर बिखरी गिट्टी में फंसकर आए दिन यात्री चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने मानक के अनुरूप तेज गति से काम कराने की मांग की है।

अलीगंज से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पिछले कई वर्षो से बदहाल है। इस मार्ग पर अनगिनत गड्ढे बन गए हैं। लोगों के आवाज उठाने पर सड़क पर कहीं कहीं पैच वर्क किया गया जिससे राहगीरों का भला नहीं हो सका। जिसके बाद अलीगंज से लखीमपुर तक सड़क का नव निर्माण मंजूर हो गया। सड़क पर मरम्मत कार्य तो शुरू किया गया पर कार्य धीमी गति से हो रहा है जिससे राहगीरों को प्रतिदिन ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



जिला मुख्यालय तक जाने का यह सीधा रास्ता है अन्य मार्गों से जाने पर सफर दोगुना हो जाता है। बदहाल सड़क मरम्मत से राहगीरों को राहत मिलेगी परंतु कार्य तेज होना चाहिए। यदि इसी तरह कार्य होता रहा तो बरसों बाद भी यह सड़क नहीं बन पाएगी।

**रोहित गिरी मेडिकल व्यवसाई**



अलीगंज से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला क्षेत्र का यह प्रमुख मार्ग है जिस पर गोला बिजुआ क्षेत्र सहित सैकड़ों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। सड़क मरम्मत में देरी राहगीरों के लिए समस्या बन गई है।

**अमित मिश्रा, अधिवक्ता अलीगंज**



इस मार्ग से प्रतिदिन आना जाना होता है। मार्ग बदहाल होने से समय अधिक लगता है व बाइक के टायर पंचर होना आम बात है। यह मार्ग काफी समय से जर्जर हालत में है सड़क बन तो रही है लेकिन कार्य में धीमापन है इसमें शीघ्रता लाने की आवश्यकता है।

**उत्तम अवस्थी, शिक्षक**



जिला मुख्यालय तक पहुंचाने का यह सीधा मार्ग है ।विभागीय अधिकारियों को इस सड़क पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे अलीगंज से लखीमपुर तक जाने वालों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

**योगेश कुमार मिश्र, शिक्षक**

## पीएम नरेंद्र मोदी से सम्मानित होकर सुनीता बाबा ने लखीमपुर का नाम किया रोशन

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।



विकासखंड पसगवां के मैगलगंज के निकट जमुनिया शहबाज की सुनीता बाबा ने ड्रोन दीदी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया ।

उत्तर प्रदेश की 27 महिलाओं को ड्रोन दीदी के रूप में चयनित किया गया था जिसमें प्रधानमंत्री से सम्मान के लिए खीरी की ही ड्रोन दीदी का चयन हुआ। पीएम नरेंद्र मोदी से सम्मानित होकर सुनीता ही नहीं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सुनीता ने सबसे पहले आंनवी स्वयं सहायता समूह का गठन किया था जिसमें समूह की सभी महिलाएं 50 रुपए प्रति माह के हिसाब से समूह के खाते में जमा कर रही थी।

समूह की महिलाओं ने अपना-अपना काम करने के लिए समूह से पैसा लेकर कार्य शुरू किया। जिसमें सुनीता बाबा ने भी 5000हजार रुपये लेकर सिलाई मशीन खरीदी और घर पर ही कपड़ों के सिलाई का कार्य शुरू कर दिया इससे थोड़ी बहुत आमदनी होने लगी। सुनीता बाबा के पति मनदीप सिंह के पास दो एकड़ जमीन है और करीब 20 से 22 एकड़ जमीन बटाई पर ले रखी है। मनदीप को इफको केंद्र से नमो ड्रोन दीदी के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। मनदीप ने अपनी पत्नी का ड्रोन दीदी के लिए आवेदन कर दिया। आवेदन में चयन होने पर सुनीता बाबा ने मोतीलाल नेहरू फार्मर ट्रेंनिंग सेंटर फूलपुर प्रयागराज से ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया। इफको ने लखीमपुर जिले की मितौली तहसील में पहला ड्रोन पसगवां ब्लॉक के जमुनिया शहबाज की सुनीता बाबा को दिया। सुनीता को किसान लोग ÷किसान उड़ान एप÷ पर स्प्रे करने के लिए सूचित करता है। सूचना पाकर सुनीता गांव में पहुंचकर छिड़काव करती हैं सुनीता ने ड्रोन से अभी तक खाद व कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव लगभग 250 एकड़ क्षेत्रफल में 40 किसानों के खेतों में किया है। 1 एकड़ खेत के ड्रोन से छिड़काव में लगभग 7 मिनट लगते हैं और एकड़ छिड़काव का खर्चा 300 रुपए आता है। एफको के क्षेत्रीय प्रबंधक एस सी मिश्रा ने बताया कि इफको लखीमपुर के प्रयासों के द्वारा किसानों के खेतों में ड्रोन द्वारा नवीनतम तकनीकि से फसलों पर नैनो यूरिया व नैनो डीएपी छिड़काव करके कम लागत में अधिक उत्पादन हो जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके, निरन्तर कार्य कराया जा रहा है। जिले के सभी ब्लॉकों में नमो ड्रोन वीडियो का चयन कर वितरण किया जाना है अभी जिले का पहला ड्रोन पसगवा ब्लॉक की सुनीता बाबा को मिला है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला सीएचओ घायल

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवती घायल हो गई जिसका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। विकास खंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत राघवपुर में स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर पर कार्यरत अदिति वर्मा बुधवार को सेंटर पर कार्य करने के बाद टीकाकरण के फॉर्मेट पर हस्ताक्षर करने के लिए कान्हुपुर जा रही थी।अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिसमे अदिति वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गई ।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनो ने घायल युवती को गोसाईगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर इलाज जारी है।

## जिला पुरुष चिकित्सालय में तैनात संविदा कर्मचारियों की हुई बैठक

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ लखीमपुर खीरी इकाई के बैनर तले एक आवश्यक बैठक जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल के मीटिंग हॉल में हुई जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

इस दौरान डॉ शिशिर पांडे द्वारा समस्त कर्मचारियों को संगठन के बैनर तले जोड़ने के लिए योजना बनाने को लेकर विचार दिया गया जिसमें संविदा आउटसोर्सिंग और कांटेक्ट पर काम कर रहे कर्मचारियों को संगठन के बैनर तले जोड़ने पर चर्चा हुई। इसमें मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स और स्टाफ को भी शामिल करने पर चर्चा हुई। जिसका सभी ने पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान समान कार्य समान वेतन और वेतन विसंगत सहित कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की बात ही सुविधाएं दिए जाने को लेकर राज्य स्तर पर संगठन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों और उन पर किए जा रहे कार्यों को लेकर भी बताया गया। साथ ही कहा गया कि संविदा के नाम पर शोषण की नीति नहीं चलाई जानी चाहिए। जल्द ही संगठन के बैनर तले अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सीएमएस सीएमओ और मिशन निदेशक सहित स्वास्थ्य मंत्री को भेजने की तैयारी की जा रही है। इस दौरान डॉ कर्मवीर सिंह द्वारा संविदा आउटसोर्सिंग और कांटेक्ट पर काम कर रहे सभी कर्मचारी से अनुरोध किया गया है कि वह संगठन के बैनर तले जुड़कर एक शक्ति के रूप में काम करें। इस दौरान संगठन के जिला मीडिया प्रभारी देवनंदन श्रीवास्तव सहित जिला पुरुष चिकित्सालय अध्यक्ष विवेक मित्तल सहित फार्मासिस्ट मनोज मौर्या, पंकज शुक्ला, अनुज त्रिवेदी, स्तुति कक्कर, अतुल पांडे, सुरेंद्र कश्यप, प्रीति सिंह, अरविंद वर्मा, गौरव, ब्रजेश सहित अन्य संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चेयरमैन ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर में हो रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अध्यक्ष आलोक तिवारी ने सुभाष वार्ड में बन रहे अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचकर कार्य के प्रगति के बारे में जानकारी ली इसके पश्चात बछरावां रोड पर स्थित नवनिर्मित टैक्सी स्टैंड पर पहुंचकर हो रहे विकास कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया व भटखेरा वार्ड में स्कूल की बन रही बाउंड्री वॉल देखी इन सभी कार्यों की प्रगति देखकर श्री तिवारी संतुष्ट नजर आए और ठेकेदार को समय से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष के साथ नगर पंचायत कर्मी राजेंद्र यादव, अंकित मिश्रा, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, नितिन मौर्य ,श्यामू राज उपस्थित रहे।

## बिजली स्पार्किंग : अग्निकांड में 60 घर जलकर हुए राख

- एसडीम पहुंचे मौके पर, बेघर हुए लोगों का हाल-चाल जाना

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।

घर में छप्पर के नीचे लगे बिजली के बोर्ड कि स्पार्किंग से निकली चिंगारी से लगी आग में गांव के 60 घर जलकर खाक हो गए वही घरों में रखा रोजमर्रा का सामान दाल, चावल, आटा, चारपाई व गैस सिलेंडर अग्नि की भेंट चढ़ गए। अग्निकांड की सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल तहसीलदार व पुलिस के सिपाही मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों व दमकल दस्ते के साथ आग बुझाई। सरकारी अमले ने अग्निकांड से बेघर हुए लोगों को सरकारी मदद पहुंचने का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र सिंगाही के ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेवा में सरवन कुमार गौतम एवं उत्तम दोनों भाइयों के घर के अंदर पड़े छप्पर के नीचे लगे बिजली के बोर्ड में अचानक स्पार्किंग हुई जिससे निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। तेज हवा के चलते देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गांव के राधे, नंदकिशोर, विजय कुमार, नेता उत्तम कुमार, जगदंबा, बलराम राजेंद्र, सोहन, अशोक, मेला राम, रंजीत, श्री राम, राजकुमार, गुलाम, रामनरेश, राम सेवक, गुलफाम, मेहंदी हसन, सरताज आदि करीब 60 घर अग्निकांड में जलकर स्वाहा हो गए वही शत्रोहन निवासी महादेवा के घारी में बंधी उसकी पड़िया अग्नि की भेट चढ़ गई। अग्नि का मंजर इतना भयानक था कि ग्रामीण अपनी जान बचाकर घर से निकाल पाए बाकी घर गृहस्ती का सामान अग्निकांड में अग्नि की भेंट चढ़ गया। लोग खुले आसमान के नीचे अपनी रातें बिताने को विवश हो गए हैं। अग्निकांड की की सूचना पाकर निघासन नायब तहसीलदार भीमचंद क्षेत्रीय लेखपाल सर्वजीत वर्मा, सिपाही राज मंगल एवं राम भवन गांव में पहुंचकर अग्निकांड में दमकल रास्ते के साथ ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में मदद की और ग्रामीणों के साथ कडी मशक्कत कर अग्नि पर काबू पा लिया है।

ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेवा में हुए भीषण अग्निकांड में सरकारी अमला केवल खाना पूर्ति करता नजर आया और दमकल दस्ते की गाड़ी आग लगने के 2 घंटे बाद राख बुझाने के लिए पहुंची। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर अपने अपने पंपिंग सेट को बोरिंग पर बांधकर बाल्टी से आग बुझाई। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और अग्निकांड से बेघर हुए लोगों का हाल-चाल जाना।

## खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ ने किया ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण



हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

बुधवार दोपहर खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ ने जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद में स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

लगभग 3:00 बजे पहुंचे खंड विकास अधिकारी संदीप गुप्ता ने गौशाला की चाक चौबंद व्यवस्था देख ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू की तारीफ की और कहा कि गौशाला में मौजूद पशुओं को हर समय बांध कर न रखें कुछ समय के लिए खुला भी छोड़े। गौशाला में रह रही गायों के खाने-पीने एवं साफ सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

## युवती को बहाने से बुलाकर किया छेड़छाड़ और जमकर पिटाई

- पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना सिंगाही क्षेत्र में दूसरे समुदाय के युवक ने कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र की थारू युवती को बहाने से अपने गांव मोतीपुर बुलाया और एकांत में ले जाकर उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगा। युवती ने विरोध किया तो उसकी बेल्टों से पिटाई कर दी जिससे वह चोटिल हो गई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाना सिंगाही पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र की एक थारू युवती ने बताया कि ग्राम पंचायत मोतीपुर थाना सिंगाही का अशरफ अली से उसकी जान पहचान थी। आरोपी अशरफ ने 9 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे दिन में उसे फोन किया और कहा कि कुछ जरूरी काम है इसलिए मोतीपुर आ जाओ। और जब वहां पहुंची तो आरोपी ने उसका बहाने से मोबाइल ले लिया और एकांत में ले जाकर जबरदस्ती शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने बेल्टों से जमकर पिटाई कर दी।

पिटाई से उसे चोटे भी आई और शोर शराबा होने पर तमाम लोग इकट्ठा हो गए। तब वह किसी तरह से जान बचाकर भाग कर अपने घर पहुंची और परिवार वालों को पूरी घटना बताई उसका मोबाइल भी आरोपी के पास में है परिवार के लोग पीड़ित युवती को लेकर थाना सिंगाही पहुंचे। सिंगाही प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदोरिया को पूरी घटना बताई और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी अशरफ के खिलाफ छेड़छाड़ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पीड़ित युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। उधर मामला दो समुदायों के बीच का होने से लोगो रोष में है।

इस संबंध में सिंगाही प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदोरिया ने बताया की पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है आरोपी की तलाश में संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### क्षेत्रीय विधायक ने किया इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण

हैदरगढ़ बाराबंकी। विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम सभा मुस्तफाबाद स्थित कालेश्वर महादेव मंदिर एवं ग्राम सभा शहरी इस्लामपुर अंतर्गत गुलामाबाद में त्वरित आर्थिक विकास योजना के माध्यम से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था जिसका उद्घाटन आज क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास शासन की पहली प्राथमिकता है केंद्र व प्रदेश की सरकार ने सड़क बिजली पानी का जो वादा किया था वह पूरा किया जा रहा है। हर घर नल योजना लगभग 80% पूरी हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि आज उनके क्षेत्र नहीं बल्कि प्रदेश के हर गांवों में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता प्रधान दीनबंधु पांडे विक्रम सिंह विजय प्रताप सनद तिवारी जिला महामंत्री किसान मोर्चा मोनू सिंह मंडल कोषाध्यक्ष राम किशोर गुप्ता महामंत्री रूपचंद चौरसिया सेक्टर प्रमुख विपिन मौर्य सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व ग्राम वासी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने स्वीप अन्तर्गत दिव्यांगजनों की ट्राईसाइकिल रेस को दिखाई हरी झण्डी

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

- दिव्यांगजनों की ट्राईसाइकिल रेस में सरोज कुमार को मिला प्रथम स्थान, वहीं क्रिकेट में कप्तान लालू यादव की टीम ए विजई

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम, बाराबंकी में किया गया। जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर दिव्यांगजनों की ट्राईसाइकिल रेस का शुभारम्भ किया गया। रेस में कुल 08 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें श्री सरोज निवासी सद्दीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, श्री हंसराज निवासी मैगलपुर द्वितीय विजेता एवं श्री समर सिंह निवासी समसीपुर तृतीय विजेता घोषित किये गये। दिव्यांगजन के द्वारा टीम ए एवं टीम बी बनाकर क्रिकेट का भी आयोजन किया गया है। टीम ए की कप्तानी श्री लालू यादव एवं टीम बी की कप्तानी श्री नागेश कुमार के द्वारा की गयी। जिसमें टीम ए विजेता रही। श्री आदित्य सैनी, मैन ऑफ द मैच घोषित किये गये। सभी विजेता एवं उपविजेता को जिला अधिकारी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है। इस उत्सव में शामिल होकर देश को सशक्त बनाना हम लोगों का परम कर्तव्य व दायित्व है । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अ सुदन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अजाज खान, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी नरेश, डिप्टी कलेक्टर श्वेता सहित भारी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड

## प्रगति की ओर अग्रसर





**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड विशेषकर बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध है और उनकी यात्राओं और इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकासकार्यों के लिए किए गए दूरदर्शी प्रयासों में साफ देखा जा सकता है**

## बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिल रहा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा

**“ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम अपने राज्य के समग्र विकास, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य की प्रगतिशील नीतियों और रणनीतिक पहल के माध्यम से हम आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर की दिशा में अग्रसर हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को प्रगति का एक मॉडल बनाना है जहां परंपरा और नवीनता का संगम होता है और जहां हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि और कल्याण के लिए कार्य कर विकास में योगदान देता है।**

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

**“ मैं पिछले कुछ वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तराखण्ड सरकार को बधाई देता हूं। ऐसा निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने के चलते संभव हुआ है। इसके साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की उत्तराखण्ड की प्रतिबद्धता ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के प्रति राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता की आशा करता हूं।**

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

सुरम्य उत्तरी राज्य उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां भक्तों और आगंतुकों को समान रूप से आकर्षित करने वाले विभिन्न स्थलों में से एक बद्रीनाथ और केदारनाथ है। यहां श्रद्धालु व भक्त शांति का अनुभव करने के लिए आते हैं। इन पवित्र स्थानों को पुनर्स्थापित करने और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए यहां की संभावनाओं का सामने लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष रुचि दिखाई हैं। उनके दिशा-निर्देशन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरी समर्पण और प्रतिबद्धता से उत्तराखण्ड में परिवर्तनकारी कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध को हम सबने देखा है। यह बात उनकी यात्राओं और इन प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों के उत्थान के लिए दूरदर्शी प्रयासों से स्पष्ट झलकता है। बाबा केदार के प्रति उनकी श्रद्धा, केदारनाथ धाम की समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से प्रदर्शित होती है। यह इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महात्वकांक्षा बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देकर उत्तराखंड को विश्व पटल पर लाने की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण है, जो प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की शुरुआत से ही उनके दिल के करीब रहा है। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद केदारनाथ के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।



ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि पुनर्निर्माण ऐसा होना चाहिए, जिससे धाम की प्रतिभा और दिव्यता को पूर्ण रूप में प्रदर्शित किया जा सके। इसमें आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के निर्माण से लेकर प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति केदारनाथ की पवित्रता बनाए रखने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

इसके अलावा, उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक बुनियादी ढांचे के समग्र विकास को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक प्रयास अब केदारनाथ और उसके आगे के क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसी परियोजनाएं, बद्रीनाथ को एक स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी शहर में बदलने के प्रयास को दर्शाती हैं। दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना भी इन पवित्र स्थलों तक कनेक्टिविटी और पहुंच में सुधार प्रधानमंत्री के समर्पण को उजागर

**उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों ने उसके पूर्व गौरव को बढ़ा दिया है, जो दुनिया भर से तीर्थ यात्रियों को राज्य की ओर आकर्षित कर रहा है**

करती है। इन प्रयासों के चलते उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऑल वेदर रोड परियोजना, जिसे चारधाम सड़क परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, यह उत्तराखण्ड के चार धामों को जोड़कर भक्तों और आगंतुकों के लिए निर्बाध यात्रा को संभव बनाने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसी तरह से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, अपनी उद्यमशीलता और सरल तकनीक के साथ केदारनाथ और आस-पास के क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करने के लिए संकल्पित है। केदारनाथ और बद्रीनाथ का महत्व जितना आध्यात्मिक है, उतना ही यह अपनी प्राकृतिक सौन्यता के लिए भी विश्व स्तर पर श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित केदारनाथ 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है। यह प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा का अहम पड़ाव भी है। यहां के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ जुड़े पुनर्निर्माण उपायों ने केदारनाथ को उसका पुराना गौरव पाने में मदद की है, जिससे दुनिया भर से तीर्थयात्री आकर्षित होकर यहां आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन से केदारनाथ में नए विकास पर बल दिया जा रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण से लेकर सरस्वती रिटेनिंग वॉल और तीर्थ पुरोहित घरों जैसी आवश्यक परियोजनाओं का उद्घाटन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पण का प्रतीक है। केदारनाथ के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव, उनकी सच्ची बातें श्रद्धालुओं बीच गूंजती हैं और इन धार्मिक स्थानों के महत्व को विस्तार देती हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐसे उद्यमों का परिवर्तनकारी प्रभाव बुनियादी ढांचे के विकास से आगे बढ़ता है, जिससे उत्तराखण्ड में समावेशी विकास और पर्यटन को बल मिलता है। नीतिगत प्रोत्साहन और क्षेत्रीय प्राथमिकता, विशेष रूप से पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा पर उनके फोकस ने उत्तराखण्ड को निरंतर विकास करने वाले अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। बुनियादी ढांचे के विस्तार में राज्य की प्रगति और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के प्रति उनके समर्पण ने न केवल अर्थव्यवस्था को बल दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया है। बद्रीनाथ और केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अटूट आस्था ने उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन के पुनरुद्धार को प्रेरित किया है। दूरदर्शी प्रयासों और नए विकास कार्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन धार्मिक स्थानों को पुनर्स्थापित कर समृद्धि और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हाल के वर्षों में हासिल की गई अविश्वसनीय उपलब्धियों के लिए उत्तराखण्ड सरकार को हार्दिक बधाई देता हूं। यह सराहनीय प्रगति पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उन्नत क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ रणनीतिक दृष्टिकोण का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार, सतत विकास के लिए बेहतर मानक स्थापित होते देखकर मुझे खुशी होती है। अपने प्राकृतिक संसाधनों और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखण्ड की रणनीति न केवल इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। मैं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण की प्रशंसा करता हूं और आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति की भी आशा करता हूँ।

## वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड दुनिया के सबसे बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशन में से एक बनकर उभर रहा है**

देश के उत्तरी क्षेत्र में हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व, सुंदर पहाड़ियों और समृद्ध सांस्कृति क विरासत के लिए जाना जाता है। इसे देवताओं की भूमि या 'देवभूमि' के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि उत्तराखण्ड श्रद्धालुओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। हालांकि, राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदलाव देखे हैं, जो इसे एक आध्यात्मिक गंतव्य के तौर पर विकसित कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल के वर्षों में डेस्टिनेशन वेडिंग काफी ट्रेंड में रही है और इस दिशा में भी उत्तराखण्ड किसी से पीछे नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए सबसे तेजी से उभरते राज्यों में एक बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ विवाह स्थल बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विचार राज्य की असीम संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। दिसंबर 2023 में देहरादून में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को 'वेड इन इंडिया' अभियान शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था। इस दौरान उन्होंने संपन्न परिवारों से अपने विवाह के लिए उत्तराखण्ड को डेस्टिनेशन के रूप में चुनने का आह्वान किया था। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के चलते उत्तराखण्ड एक आदर्श विवाह स्थल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नैनीताल की शांत झील से लेकर औली की बर्फ से ढकी पहाड़ियों तक राज्य का हर भू-भाग करिश्माई आकर्षण का अनुभव कराता है। जो लोग अपने विवाह को अविस्मणीय अनुभव देना चाहते हैं, वे अपने वैवाहिक समारोहों की मेजबानी टिहरी की शांत झील, मसूरी की खूबसूरत पहाड़ियों या हरिद्वार के प्राचीन मंदिरों में कर सकते हैं। जो बातें उत्तराखण्ड को शादियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य बनाती है,



वह न केवल इसके आश्चर्यजनक स्थल हैं, बल्कि इसकी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति भी हैं। राज्य में आयोजित होने वाली शादियां केवल एक समारोह से कहीं बढ़कर होते हैं। ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण से लेकर त्रियुगीनारायण की पवित्र ज्योति तक हर स्थान राज्य की सांस्कृतिक छवि की एक अनूठी झलक देखने को मिलती है। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी की धारणा एकजुटता के उत्सव से कहीं बढ़कर है। वह राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उत्तराखण्ड के लोगों के जीवन का स्तर बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं। इससे आगंतुकों की आमद और निवेश की संभावनाओं से रोजगार पैदा करने, बुनियादी ढांचे को समृद्ध बनाने और समग्र विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेस्टिनेशन वेडिंग के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड में त्रियुगीनारायण, ऋषिकेश, जोशीमठ, शांति कुंज हरिद्वार, स्वर्ण मंदिर, चकराता, हर्षिल, देहरादून, कनाताल, मसूरी, औली, टिहरी झील, रामनगर, नरेंद्रनगर, ब्रह्मताल, नैनीताल, अल्मोडा, रानीखेत, भीमताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, रानीगढ़, नौकुचियाताल, और घोड़ा खाल आदि प्रसिद्ध स्थलों में शामिल हैं।

डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखण्ड को सर्वोच प्राथमिकता देने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण उन सभी चीजों को बढ़ावा देता है, जो इस राज्य को उन्नत बनाती हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक राज्य बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां पर्यटक, रोमांच और उद्यम राज्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि उत्तराखण्ड सर्वोत्तम योगाभ्यास, रोमांचक खेल और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

## धार्मिक वैभव को पुनर्जागृत करता मानसखंड मंदिर माला मिशन

**'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के हृदय स्थल के रूप में यहां के 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जा रहा है। इसमें कुमाऊं के विभिन्न जिलों में फैले 16 पौराणिक मंदिरों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।**



उत्तराखण्ड कई प्राचीन मंदिरों और पवित्र स्थलों की भूमि है। यही कारण है कि यह देवभूमि के रूप में विश्वविख्यात है। ये मंदिर कुमाऊं क्षेत्र में फैले हुए हैं और लंबे समय से आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में लोगों के दिलों में बसे हैं। यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। उत्तराखण्ड की वादियों में स्थित ऐसे मंदिरों तक भक्तों और श्रद्धालुओं की पहुंच बनाने को लेकर धामी सरकार विशेष प्रयास कर रही है। प्रदेश के ऐसे कई धार्मिक स्थलों, जिनके बारे में भक्तों को ज्ञात नहीं है, उनकी भव्यता से साक्षात्कार कराने के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर करने की दिशा में काम किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन मंदिरों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझते हैं और मंदिरों के वास्तुशिल्प चमत्कारों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए 'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के तहत एक दूरदर्शी पहल शुरू की है। इस प्रयास का मूल 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करना है, जिसमें कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न जिलों में फैले 16 मंदिरों पर विशेष जोर दिया गया है। सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र रहे ये मंदिर अब बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने को तैयार हैं, उनकी पहुंच और भव्यता में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे में विकास की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन केवल भौतिक नवीनीकरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक समग्र रणनीति भी शामिल है, जिसमें उन्नत सड़क कनेक्टिविटी, आतिथ्य और आवास सेवाएं और संरक्षण जैसी बातें शामिल हैं।



गिरिजा देवी मंदिर

मानसखंड मंदिर माला मिशन के प्रतिष्ठित स्थलों तक सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहते हैं कि मानसखंड की परिकल्पना के तहत आने वाले जितने भी धार्मिक स्थल और पर्यटक स्थल हैं, उन्हें अच्छी कनेक्टिविटी देने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। राज्य में तीर्थयात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने में निर्बाध परिवहन नेटवर्क की भूमिका अहम है। इन मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। तीर्थयात्रा के दौरान सुविधा के साथ-साथ बेहतर सड़क व अन्य बुनियादी ढांचा के विकास से इन स्थलों में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए भी आर्थिक संभावनाएं बनेंगी। पारंपरिक आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का विकास मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए अहम है। मुख्यमंत्री धामी चाहते हैं कि यह कार्य सिर्फ बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से भक्तों और आगंतुकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए आसपास के स्थानों के विस्तार और आतिथ्य सेवाओं के प्रावधान के लिए बजट का आवंटन किया गया है और यह पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है। इस कार्य को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री धामी ने जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनसे मानसखंड मंदिर माला मिशन के काम पर समर्थन मांगा। बैठक में उन्होंने मानसखंड मंदिर माला मिशन के उद्देश्यों और अनिवार्यताओं पर प्रकाश डाला। इस मिशन की सफलता ने आवश्यक संसाधन जुटाने के उनके संकल्प को दर्शाया है। साथ ही, उत्तराखण्ड के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ावा देने में भी इस पहल की महत्वता बढ़ने वाली है।

**मानसखंड एक्सप्रेस**

मानसखंड एक्सप्रेस मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत शुरू की जा रही एक विशेष ट्रेन सेवा है, जो कोलकाता को टनकपुर से जोड़ेगी। लंबी दूरी की इस ट्रेन की सेवा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली है और यह कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों और देशभर के भक्तों के बीच एक मजबूत संबंध के रूप में कार्य करेगी। मानसखंड एक्सप्रेस स्थानीय और क्षेत्रीय परिवहन सेवाओं से युक्त होगी और आतिथ्य सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, राज्य की विरासत और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार का अपने ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों के संरक्षण और उन्नति के लिए प्रतिद्वता के साथ काम कर रही है। इसके लिए विरासत अधिनियम बनाने के उपाय किए गए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मान्यता प्राप्त 16 मंदिरों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं और इनके माध्यम से सरकार उनके संपूर्ण पुनरुद्धार कर रही है। एक सहकारी मिशन के तहत विभिन्न विभागों और प्रभागों का संगम इस प्रयास को आगे बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे मानसखंड मंदिर माला मिशन गति पकड़ रहा है, यह न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्स्थापित करने बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी सुनिश्चित कर रहा है। उत्तराखण्ड की परंपरा और आधुनिकता, आध्यात्मिकता और बुनियादी ढांचे के विस्तार का बेहतर संयोजन निश्चित रूप से उत्तराखण्ड के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को दर्शाता है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन, देश के भविष्य को आकार देने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व की क्षमता का एक भी अप्रतिम उदाहरण है।



बैजनाथ



बागनाथ मंदिर



गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब



जागेश्वर धाम मंदिर



कसार देवी मंदिर

# गोण्डा को विकास की कई सौगात देंगे सीएम योगी

## गुरुवार को 1689.46 करोड़ की कुल 422 विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोण्डा को विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। सीएम योगी यहां 1689.46 करोड़ की लागत वाली कुल 422 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इनमें 1158.13 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का सीएम लोकार्पण करेंगे, जबकि 531.32 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इस परियोजनाओं के माध्यम से सीएम योगी प्रदेश में तीव्र गति से चल रहीं विकास परियोजनाओं को और आगे बढ़ाएंगे। वहीं गोण्डा भी विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।





पीडब्ल्यूडी की सर्वाधिक परियोजनाओं का होगा लोकार्पण

सीएम योगी जिन विभागों की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उनमें सर्वाधिक 472.19 करोड़ की 130 परियोजनाएं लोक निर्माण विभाग (सड़क) से जुड़ी हुई हैं। इसके अतिरिक्त 215.58 करोड़ की 75 परियोजनाएं नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति से संबंधित हैं। वहीं, चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत 281.71 करोड़ रुपए की परियोजना का लोकार्पण होगा।

यही नहीं, लोक निर्माण विभाग (सेतु) की 112.83 करोड़ की एक परियोजना भी यहां लोकार्पित होगी। इसके अलावा, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, कारागार विभाग, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग और पंचायती राज विभाग की विभिन्न परियोजनाओं को सीएम योगी हरी झंडी दिखाएंगे।

### इन परियोजनाओं का होगा शिलान्यास

सीएम योगी 531.32 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इसमें भी सर्वाधिक 68 विकास परियोजनाएं लोक निर्माण विभाग (सड़क) से संबंधित हैं, जिसकी कुल लागत 310.14 करोड़ रुपए है। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग (सेतु) की 102.36 करोड़ रुपए की 6 परियोजनाओं का भी शिलान्यास होगा। इसके अलावा पशुपालन, समाज कल्याण, कारागार, नगर विकास, उद्यान विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन और पंचायती राज विभाग की भी विभिन्न परियोजनाओं की सीएम योगी शुरुआत करेंगे।

# अमर शहीद केपी सिंह के 42वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

बुधवार 13 मार्च को अमर शहीद बाबू के0 पी0 सिंह जी के 42 वें बलिदान दिवस के अवसर पर उनके स्मृति में स्थापित विद्यालय शहीद के0 पी0 सिंह शिक्षा संस्थान इण्टर कालेज के परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के संरक्षक अशोक कुमार मिश्रा व संचालक निरंकार मिश्रा व पंकज मिश्रा तथा धर्मवीर आर्य समाज सेवी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद के.पी. सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। विद्यालय परिवार व स्टाफ तथा प्रधानाचार्य श्रवण कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रगान गाकर व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर समाज सेवी वाजिद अली, अरविन्द सक्सेना, डिप्टी ओझा तथा स्थानीय चौकी इंचार्ज व जवानों द्वारा सलामी देकर उनके बलिदान पर प्रकाश डाला गया।

# आधुनिक युग का हिस्सा बनेगा बचपन प्ले स्कूल : अफरोज

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

बचपन प्ले स्कूल, गोंडा का भव्य उद्घाटन समारोह, सर्कुलर रोड निकट करबला गोण्डा, में बुधवार को आयोजित किया गया। विद्यालय के संस्थापक/ प्रबन्धक हसन सईद की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान अफ़रोज़ खान द्वारा किया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि को संस्था के प्रबन्धक हसन सईद द्वारा बुके, शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात् एकेडमिक काउंसलर श्रीमती फिरदौस अबरार द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का वेलकम स्पीच द्वारा स्वागत किया।बचपन प्ले स्कूल के प्रशिक्षक शाह अहद द्वारा इस स्कूल के विजन और मिशन के बारे में बताया और कहा कि इस ग्रुप द्वारा विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है





और साथ ही अध्यापकों को भी प्रशिक्षित कर प्रभावी शिक्षा पर ध्यान दिया जाता है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके।

संस्था के उपाध्यक्ष डॉ लायक अली खान ने महबूब मीना शाह (बाबा जी) के संघर्ष और शिक्षा के लिए लिए किए गए योगदान के बारे में बताया और ढेरो शुभकामनाए की।

तत्पश्चात् मुख्य अतिथि सम्मान अफरोज द्वारा हवा में गुब्बारे उड़ाकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गोंडा में ऐसा स्कूल खोलकर जो उपहार दिया है, वो जनपद को पिछड़ेपन से बाहर निकालने में मदद करेगा और जनपद के शैक्षणिक विकास में सहायक होगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य डॉ त्रिलोचन सिंह ने कहा कि बाबा जी का स्वप्न अब साकार हो रहा है। इस मौके पर श्री हसन सईद ने कहा कि यह बाबा जी का सपना था कि शहर में ऐसे विद्यालय की स्थापना हो जिससे गोंडा के पिछड़ेपन को दूर किया जा सके।

निकटतम भविष्य मे मीना शाह पब्लिक स्कूल की स्थापना होगी यह विद्यालय बच्चों को आधुनिकतम मॉडल पर आधारित शिक्षा प्रदान करे ताकि शिक्षित समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

# गंभीर वारदातों के खुलासे में नाकाम कर्नलगंज व छपिया थाना प्रभारी पर गिरी गाज

- एसपी ने एक को किया निलंबित तो दूसरे को किया लाइन हाजिर
- अजय वर्मा के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में बीते चार मार्च को सर्राफा व्यवसायी से हुई लाखों रूपये के जेवर व नगदी की लूट की बड़ी घटना का खुलासा करने में नाकाम रहे कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ को एसपी विनीत कुमार ने निलंबित कर दिया है। इसी तरह छपिया थाना क्षेत्र में एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की निर्मम हत्या के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी ना होने पर छपिया थाना प्रभारी को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है।

आपको बता दें कि कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के ठठराही बाजार में सर्राफा व्यवसाई विश्वनाथ शाह से बीते 4 मार्च को रात 10 बजे हेलमेट लगाए दो बदमाश कनपटी पर असलहा लगाकर करीब 60 लाख रुपये के जेवर व 1.80 लाख रुपए की नकदी लूट ले गए थे। इस लूट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटना के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की थी लेकिन घटना के नौ दिन बीतने के बाद भी पुलिस इस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। मामले मे कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक की लापरवाही सामने आई थी। यही नहीं इसके पहले सोने की तस्करी करने के मामले में पकड़ी गयी नेपाल की महिला तस्कर की गिरफ्तारी में भी बरामद किये गये सोने की मात्रा को भी काफी कम दिखाकर कई लाख के का वारा न्यारा करने में भी प्रभारी निरीक्षक हेमंत गौड़ की भूमिका संदिग्ध पाई गयी थी। इन मामलों को लेकर प्रभारी निरीक्षक एसपी के निशाने पर थे। बुधवार को एसपी विनीत जायसवाल ने कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेमंत गौड़ को निलंबित कर दिया है। इसी तरह चार मार्च को छपिया थाना क्षेत्र के बभनान स्थित एक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्यारे कालेज में छेड़खानी करने के आरोपी थे। पुलिस ने इस मामले आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद यह वारदात हो गयी। मृतक प्रधानाचार्य के परिजनों ने छपिया एसओ पर शिथिलता बरतने का आरोप लगाया था और हत्या के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की थी लेकिन पुलिस अभी मुख्य आरोपी अजय वर्मा को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस मामले में भी एसपी नाराज थे। यही नाराजगी छपिया एसओ सत्येंद्र वर्मा को भारी पड़ गयी और बुधवार को उन्हे लाइन हाजिर कर दिया गया। कर्नलगंज के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ के निलंबन के बाद इटियाथोक एसएचओ निर्भय नारायण सिंह को कर्नलगंज कोतवाली का दायित्व सौंपा गया है। उनके स्थान पर मीडिया सेल प्रभारी रहे इंस्पेक्टर विवेक त्रिवेदी इटियाथोक थाने के नये एसएचओ बनाने गए हैं। इसी तरह मीडिया सेल में तैनात रहे उप निरीक्षक कृष्ण गोपाल राय को छपिया थाने की कमान सौंपी गयी है। पुलिस महकमें में हुई इस कार्रवाई को सीएम योगी के गोंडा जनपद के आगमन से जोड़कर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा दौरे पर आ रहे हैं। ऐसे में हत्या व लूट जैसी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई न होने से जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति भी सवालों के घेरे में हैं। प्रधानाचार्य हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय वर्मा के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। उसने रेंबो गैंग भी बना रखा है। गैंग के सदस्य हाथ में राइफल लेकर बुलेट से फर्राटा भरते हैं और अक्सर मारपीट व छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देते हैं। प्रधानाचार्य ने भी आरोपी पर छेड़खानी का आरोप लगाकर शिकायत की थी लेकिन छपिया पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की थी। वहीं कर्नलगंज में सर्राफा व्यापारी से हुई लूट भी पुलिस के गले की फांस बनी है। इन दोनों घटनाओं को लेकर जिले की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में है।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने दस उपनिरीक्षकों का किया तबादला

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिले के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर कर्नलगंज के कोतवाल को हटाकर उनकी जगह निर्भय नारायण सिंह को कोतवाली की नई जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं दस उप निरीक्षको का भी तबादला कर दिया है। माना जा रहा है कि विगत दिनों 4 मार्च सोमवार को कर्नलगंज कस्बे में सर्राफा व्यवसाई की दुकान पर बदमाशों द्वारा किये गये लाखों रुपये के जेवर व नकदी की लूट मामले का खुलासा नौ दिनों बाद भी ना हो पाने पर कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ पर यह कार्यवाही की गई है। इसी के साथ ही देहात कोतवाली क्षेत्र के सालपुर चौकी प्रभारी पवन कुमार सिंह को परसपुर थाना क्षेत्र का पसका चौकी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक उमेश सिंह को कोतवाली देहात के सालपुर चौकी प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। धानेपुर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक अमर सिंह को थाना तरबगंज के लिए स्थानांतरित किया गया है। थाना धानेपुर में तैनात अवधेश सिंह यादव को थाना कटरा बाजार भेजा गया है। छपिया थाना में तैनात रवि प्रकाश यादव को थाना उमरी बेगमगंज के लिए स्थानांतरित किया गया है। मनकापुर कोतवाली अन्तर्गत दतौली चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह को थाना कोतवाली देहात में तबादला हुआ है। थाना कोतवाली मनकापुर में तैनात सुभाष यादव को थाना कोतवाली नगर के लिए स्थानांतरित किया गया है। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के चौकी प्रभारी भंभुआ सुरेंद्र प्रताप सिंह को मनकापुर कोतवाली के कस्बा का चौकी प्रभारी बनाया गया है। मनकापुर कोतवाली के कस्बा चौकी प्रभारी भानु प्रताप सिंह को कर्नलगंज के भंभुआ का चौकी प्रभारी बनाया गया है। परसपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पसका चौकी प्रभारी राम आशीष मौर्य को कटरा बाजार थाना के धोबहाराय के चौकी प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

### किसान की बेटी बनी यूपी पुलिस में एएसआई



कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश पुलिस को 320 नए एएसआई (लेखा) मिले हैं। 6 महाने की ट्रेनिंग के बाद पुलिस लाइन लखनऊ में दीक्षांत समारोह और परेड का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय परीक्षा में टॉप करने वाले नव नियुक्त एएसआई को मेडल देकर सम्मानित किया गया। गोण्डा जिले की रहने वाली पुष्पांजलि सिंह एक सामान्य परिवार से आती हैं। बता दें कि पुष्पांजलि सिंह यूपी के गोण्डा जिले की रहने वाली हैं। उनका चयन 06 अक्टूबर 2020 में पुष्पांजलि सिंह का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के रूप में हुआ था।उनकी पहली पोस्टिंग आज़मगढ़ में हुई थी। उन्होंने एएसआई भर्ती परीक्षा की तैयारी आज़मगढ़ में ही रहकर ड्यूटी करते हुए पूरी की।एएसआई का फाइनल रिजल्ट जुलाई 2023 में घोषित किया गया था। पुष्पांजलि सिंह गोण्डा जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र के चैनापुर गांव की रहने वाली हैं।वह अपने गांव की पहली लड़की हैं, जिनका चयन यूपी पुलिस में एएसआई पद पर हुआ है।वह अपने माता-पिता की चौथी संतान हैं उन्होंने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। उन्होंने गोण्डा से ही अपनी पढ़ाई पूरी है। पुष्पांजलि बहुत ही सामान्य परिवार से आती हैं। उन्होंने कड़ी मेहतन कर यह सफलता प्राप्त की है।उनकी की मां मीना सिंह प्राथमिक विद्यालय चैनापुर में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत हैं। और पिता अनिल सिंह खेती का काम करते हैं।वह रोजाना 6 से 7 घंटे की पढ़ाई करती थी।उनकी सफलता देख कर उनके गांव की दूसरी लड़कियां भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने लगी हैं। पुष्पांजलि सिंह अभी और आगे बढ़ना चाहती हैं और वह सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही हैं।

# घर में घुसकर बालिका से दुष्कर्म, केस दर्ज

## आरोपी फरार तलाश में दबिश दे रही पुलिस

बहराइच समृद्धि, न्यूज। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के एक गांव निवासी बालिका के साथ उसी गांव निवासी युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर बालिका को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 9 वर्षीय बालिका 11 मार्च को शाम 5:30 बजे घर पर अकेली थी। इस दौरान गांव निवासी हरिराम उर्फ अंगनू आ गया। उसने बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद धमकी देकर फरार हो गया। बालिका ने घर पर पिता के आने पर सारी घटना से अवगत कराया। जिस पर मंगलवार को पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना 11 मार्च की है मंगलवार को तहरीर मिली है बुधवार को उन्होंने केस दर्ज कर बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार है, उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# मुंबई ले जाकर नाबालिग से दुष्कर्म, केस दर्ज

## 164 के बयान के बाद भी पुलिस ने लगा दी फाइनल रिपोर्ट



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक को 1 सितंबर 2023 को निविया गांव का युवक सहयोगियों की मदद से अपहरण कर ले गया। मुंबई में नाबालिक के साथ एक सप्ताह तक दुष्कर्म किया इसके बाद छोड़ दिया गया। नाबालिक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, कोर्ट में बयान भी करवाया। इसके बाद भी फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

रिसिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिक को निविया हुसैनपुर गांव निवासी मुबारक अली उर्फ गुल पुत्र नसीब अली ने पिता नसीब अली, शहजाद अली पुत्र वारिस अली और महिला नक्का बेगम पत्नी हकीम निवासी गोंदौरा की मदद से नाबालिक को शादी का झांसा देकर अपहरण कर मुंबई लेकर चला गया था। नाबालिक के पिता का कहना है की बेटी घर से रुपये 50000 नगदी और सोने चांदी का जेवरात भी लेकर गई। आरोपी ने मुंबई स्थित एक होटल में एक सप्ताह तक नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने वहीं पर नाबालिक को छोड़ दिया और वह फरार हो गया। किसी तरह नाबालिक एक संस्था के सदस्यों के हाथ लग गई। संस्था के पदाधिकारियो ने मुंबई पुलिस को सूचना दी। मुंबई पुलिस ने बहराइच के रिसिया पुलिस से संपर्क कर बेटी को वापस घर पहुंचाया।

नाबालिक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुबारक अली के विरुद्ध दुष्कर्म और अपहरण का केस दर्ज किया, इसके बाद नाबालिक का कोर्ट में 164 का बयान भी दर्ज करवाया। लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी करने के बजाए रिसिया पुलिस एफआर लगाते हुए फाइल सीओ को भेज दी। इस मामले में पिता ने मुख्यमंत्री, डीएम और एसपी को पत्र भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी करने और एफआर लगाने वाले पुलिस के कार्य शैली की जांच किए जाने की मांग की है।

# तालाब में मिला युवक का शव

- साइकिल और खिलौना है गायब, गांव में फेरी लगाकर करता था बिक्री



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के बसंतपुर कालिका गांव के दक्षिण दिशा में स्थित तालाब में दो दिन से गायब युवक का शव तालाब में ग्रामीणों ने देखा। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनकसही के मजरा जमादार गांव निवासी शबीर अली (38) पुत्र कासिम अली गांवों में साइकिल से फेरी लगाकर खिलौने का बिक्री करता था। परिवार के लोगों ने बताया कि 11 मार्च को वह सुबह साइकिल से खिलौने की बिक्री के लिए गया, लेकिन वापस घर नहीं आया। परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। बुधवार सुबह नौ बजे थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर कालिका के मजरा ढोढे गांव में स्थित तालाब में एक व्यक्ति का लोगों ने शव उतरता देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक आरके पाण्डेय ने बताया कि मृतक की जेब से बरामद आधार कार्ड से पहचान हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आग लगने से दो मकान जलकर राख लाखों की संपत्ति का हुआ नुकसान

- एसडीएम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ितों को दिया मदद का आश्वासन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम रानीपुर नगर में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें दो मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। एसडीएम ने मौके का मुआयना कर क्षति रिपोर्ट तलब की है। मोतीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा का मजरा रानी नगर जंगल के निकट बसा हुआ है। गांव निवासी सत्रोहन पुत्र दूबर के मकान में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटों ने पड़ोसी शांति देवी के मकान को भी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दोनों मकान जलाकर राख हो गए। आग लगने से सत्रोहन का 50 हजार रूपये नकदी, अनाज, कपड़ा और बर्तन समेत दो लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फिरोज खान ने एसडीएम को दी। एसडीएम संजय कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षति का आंकलन किया। एसडीएम ने बताया कि क्षति रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। इस दौरान नासिर खान, सोनू पासवान, चुन्ना समेत अन्य मौजूद रहे।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- दो संदिग्ध व्यक्तियों को किया पुलिस के हवाले

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



गत दिवस मतदान केन्द्र कन्छर के निरीक्षण के दौरान वृद्ध महिलाओं द्वारा वृद्धावस्था पेंशन रूक जाने के सम्बन्ध में की गई शिकायत तथा जनतादर्शन वृद्धावस्था पेंशन के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गेंद घर परिसर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों का रख-रखाव, कार्यालय भवन व परिसर की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में घूम रहे 02 व्यक्तियों की गतिविधि संदिग्ध पायी गई। पूछताछ के दौरान दोनो संदिग्ध व्यक्तियों के पास कुछ अभिलेख भी पाये गये। इस स्थिति के दृष्टिगत डीएम ने तत्काल मौके पर थानाध्यक्ष दरगाह शरीफ को तलब कर संदिग्ध लोगों को उनकी सुपुर्दगी में देते हुए जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाई के निर्देश् दिये गये। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यालय को क्लोज सर्विट टीवी कैमरे से आच्छादित किया जाय। डीएम ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय आने वाले लाभार्थियों विशेषकर पेंशन लाभार्थियों से मित्रवत व्यवहार करते हुए पूरी सहानुभूतिपूर्वक ई-केवाईसी से सम्बन्धित समस्या का तत्परता के साथ समाधान कराया जाय ताकि बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने में बाधा न आये। डीएम ने कर्मचारियों को आहवान किया बुज़ुर्गों की सेवा करना एक पुण्य कार्य है इसलिए अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते समय सेवाभाव के ज़ज़्बे के साथ बुज़ुर्गों का कार्य करें। डीएम ने स्वयं सम्बन्धित पटल सहायक के पास बैठकर अपने सम्मुख पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की ई-केवाईसी व आधार साडिंग करायी। डीएम ने मौके से ही लीड बैंक प्रबन्धक को मोबाइल के द्वारा निर्देश दिया कि सभी बैंकों शाखाओं को निर्देशित कर दिया जाय कि विभिन्न प्रकार की पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के खातों में ई-केवाईसी व आधार सीडिंग के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर किया जाय। डीएम ने सचेत किया कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से क्रॉसिंग का बैरियर टूटा, लगा जाम

- सही होने के बाद आवागमन के लिए खोला गया क्रॉसिंग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



गोंडा बहराइच मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर बुधवार दोपहर में ऑटो की टक्कर से टूट गया जिसके चलते वाहनों के कतार लग गई क्रॉसिंग सही होने के बाद ही आवागमन के लिए खोला गया।

इस दौरान यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।बहराइच गोंडा राजमार्ग पर रेलवे का ऑटोमेटिक क्रॉसिंग स्थित है। बुधवार दोपहर में दो बजे के आसपास गोंडा से बहराइच डेमो ट्रेन आ रही थी। जिसके चलते 40/एसपीएल क्रॉसिंग बंद थी। इसी दौरान बहराइच से गोंडा जा रहे आटो सवार ने तेज रफ्तार में बैरियर में टक्कर मार दी। जिसके चलते क्रॉसिंग टूट गया। ट्रेन जाने के बाद भी क्रॉसिंग बंद रहा। इससे जाम लग गया। रेलवे पुलिस की सूचना पर मौके पर रेलवे का कर्मचारी पहुंचा। उसने क्रॉसिंग के बैरियर को सही किया। इसके बाद क्रॉसिंग ऊपर उठाया गया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका। जीआरपी थानाध्यक्ष श्यामराज ने बताया कि आटो की टक्कर से क्रॉसिंग टूटी थी जिसे सही कर दिया गया है।

# पत्नी से हुए विवाद में पति ने खाया जहरीला पदार्थ

- घटना से क्षुब्ध पत्नी ने भी बाद में खा लिया जहर, अस्पताल में भर्ती

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शहर के मोहल्ला किला निवासी एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे क्षुब्ध पत्नी ने भी जहर खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली नगर के मोहल्ला किला निवासी रवि (32) पुत्र राम अवतार का मंगलवार शाम को अपनी पत्नी पूनम देवी से पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हुआ। विवाद से नाराज पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी होने पर पत्नी पूनम ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने पति और पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है। डॉक्टर शिवम मिश्रा ने बताया कि इलाज से दोनों की हालत में सुधार है।

# महिलाओं को दी बेटी पढ़ाओ की जानकारी

- छात्र-छात्राओं ने जागरूकता के लिए प्रस्तुत किया रोचक सास्कृतिक कार्यक्रम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन शिविरथियो ने चयनित ग्राम जहानचक में भ्रमण कर लोगो के सामाजिक एवं आथिक स्थिति के बारे में जानकारी ली।

महिला शिविरथियो ने गाँवो में रह रही महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया उन्होंने कुछ महिलाओं को बेटी पढाओ जैसी सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। दूसरे समय मे प्रो दयाराम यादव ने पब्लिक पालिसी के बारे में अवगत करते हुए अपने मत के बारे में जानकारी दी।

छात्र छात्राओं द्वारा रोचक सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जो जन जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा थे। कार्यक्रमधिकारी डॉ मुकेश चन्द श्रीवास्तव ने आये हुए आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ईडीपी प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, रीकेस्वर प्रसाद विश्वकर्मा, बरसाती लाल सहित दोनों इकाइयों के शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# सीएम ने शहीद गुलाब सिंह लोधी की मूर्ति का किया अनावरण

▶ 241.261 करोड़ की कुल 103 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

समृद्धि न्यूज।



**उन्नाव।** बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ द्वारा विकास खण्ड फ्तेहपुर चौरासी के ग्राम चंद्रिकाखेड़ा में आजादी के अमर नायक शहीद गुलाब सिंह लोधी के स्मारक का लोकार्पण व भव्य मूर्ति का अनावरण तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, काली मिट्टी में आयोजित कार्यक्रम में 241.261 करोड़ की लागत की कुल 103 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने शहीद गुलाब सिंह लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने ग्राम चंद्रिकाखेडा के एक सामान्य किसान परिवार में जन्म लेकर देश में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने 1935 में भारत के झंण्डे को लखनऊ के अमीनाबाद में फ्हराकर देश की आजादी का उद्घोष किया था, आज वह स्थान झण्डा पार्क के नाम से प्रसिद्ध है।

आज हम जिस आजादी व लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं, यह सब हमारे शहीदों की शहादत का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में बड़ी भव्यता के साथ आयोजित किया गया है तथा शान से हर घर तिरंगा लहराया गया है। इसी तरह आजादी के शताब्दी वर्ष में हम सब विकसित भारत का आनंद ले रहे होंगे। हम सबका संकल्प 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। इसके लिए हम सभी को पंचप्रण की शपथ को अपनाना होगा। गुलामी के अंशों को समाप्त करना तथा बॉटने वाली ताकतों से सावधान रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करना होगा। भारत ने पिछले 10 वर्ष में मोदी जी के नेतृत्व में कई ऊँचाइयों को छुआ है। आज भारत दुनियां का नेतृत्व करता दिखायी दे रहा है। अमृतकाल में ही देश पर 200 वर्ष तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाडकर हम दुनिया की पॉचवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था बने हैं। विकसित भारत बनाने के लिए हमें चन्द्रिकाखेडा जैसे प्रत्येक गांव को विकसित करना होगा। आज के भारत में सुरक्षा, समृद्धि, आजीविका एवं आस्था सभी को सम्मान दिया जा रहा है। आज प्रदेश में हर जगह भयमुक्त वातावरण है, जिसकी वजह से बाहर के उद्यमी यहां बडी मात्रा में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्नाव पं0 प्रताप नारायण मिश्र, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, हसरत मोहानी, चन्द्रशेखर आजाद आदि की धरती है। क्रांति से लेकर साहित्य की उपासना यहां की मुख्य पहचान है। मुख्यमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद द्वारा उन्नाव से बांगरमऊ तक फोरलेन मार्ग निर्माण तथा सातन पासी किले का पुनरोद्धार जो 02 मांगे रखी गयी हैं, उनको पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हर गरीब को योजनाओं का लाभ जैसे राशन की सुविधा, अपना मकान, अपना रोजगार दिलाने की सरकार द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है। जल्द ही प्रत्येक परिवार को फैमिली आईडी कार्ड जारी कराएं जाएंगे ताकि शत प्रतिशत लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके। पहले गुंडे माफ्यिा हावी होते थे, आज सब गायब हैं। आज विकास के साथ-साथ विरासत का भी सम्मान हो रहा है।

आज रामलला का भव्य मन्दिर तैयार हुआ है, जो हमारी आस्था का केन्द्र बिन्दु है। कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री/परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरिसाक्षी महराज, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती शकुन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, विधायक भगवन्तनगर आशुतोष शुक्ला, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक बॉगरमऊ श्रीकान्त कटियार, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक पुरवा अनिल सिंह, मण्डलायुक्त लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## उद्यान मंत्री ने सुपर मार्केट और दुकानों का किया लोकार्पण व शिलान्यास



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नवीन मण्डी स्थल रायबरेली में 28 नग सुपर मार्केट दुकानों, 15 नग 'स' श्रेणी दुकानों, 02 नग गोदामों, के0सी0 ड्रेन, आन्तरिक मार्गो का सुढ़डीकरण एवं 04 नग नीलामी चबूतरे, 14 नग 'अ' श्रेणी, 13 नग 'ब' श्रेणी एवं 80 नग 'स' श्रेणी दुकानों आदि की मरम्मत व अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि नवीन मंडी स्थल में लगातार बढ़ते व्यापार एवं व्यापारी भाइयों की अवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को किया गया है। जिससे व्यापारी एवं किसान भाइयों की समस्याओं का निदान हो पाएगा। साथ ही उन्हें आयात निर्यात में सहूलियत हो।

उन्होंने कहा की व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और उनके लिए सुलभ और सरल व्यापारिक वातावरण प्रदान किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### महाविद्यालय द्वारा मंदिर में चलाया गया सफाई अभियान




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत जेपीएस महाविद्यालय प्रेमानगर, इचौली रायबरेली के छात्र-छात्राओं द्वारा श्री झारखंडेश्वर महादेव मंदिर शेखपुर समोधा रायबरेली के प्रांगण में मंदिर के आसपास तथा मंदिर में साफ सफाई का अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गयाद्य साफ सफाई अभियान की इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बीपी पाल, कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार यादव, कार्यक्रम प्रभारी देवराज सिंह, ग्राम प्रधान शेखपुर समोधा गया प्रसाद यादव, रामकेश मौर्या, विवेक सिंह, भोला सिंह अनुसुइया सहित महाविद्यालय की सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डीजे में नाचने को लेकर मारपीट में कई घायल



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में जमकर हुई मारपीट, दोनों पक्षों में जमकर चले लात-घूंसे मारपीट में आधा दर्जन लोग हुए घायल मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मटिहा गांव का है जहां बछरावां थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव से संचित चौधरी की बारात शहर के मटिहा गांव आई थी लड़की पक्ष के परिजन व ग्रामीण सभी बारातियों के स्वागत में जुटे हुए थे तभी डीजे पर नाचने को लेकर विवाद शुरू हो गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिनको इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया बाद में ग्रामीणों के द्वारा समझा बुझाकर दोनों पक्षों को शांत कराया गया तब जाकर शादी संपन्न हुई, इसी बीच किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

### एकदिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** राजकीय विद्यालय बालिका इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय नोडल अध्यापक प्रधानाध्यापक एस एमसी अध्यक्ष का एकदिवसीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में जिन ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों द्वारा विद्यालयों में अच्छा कार्य कराया गया उनको भी अंग वस्त्र भेंट कर अधिकारियों ने सम्मानित किया। वहीं अधिकारियों द्वारा यह कहा गया कि अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय में साक्षर के लिए लाना है यह जिम्मेदारी सभी एस एमसी अध्यक्षों एवं अध्यापकों की है और साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी इसमें सहयोग करें जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चे विद्यालय पहुंचे और शिक्षा ग्रहण करें इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव एडियो पंचायत सतीश चतुर्वेदी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष मधुकर सिंह प्राथमिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद अवस्थी सहित सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएमसी अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे ।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल ने किया पैदल गश्त



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं अर्धसैनिक बालों द्वारा विभिन्न जनपदों के प्रमुख नगरों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को डलमऊ नगर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने मिलकर डलमऊ कस्बे के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च किया गया संयुक्त बल द्वारा डलमऊ कस्बे के घनी आबादी एवं संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो किसी की खैर नहीं कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डलमऊ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## अफवाहों से रहें दूर, आपसी भाईचारे से मनाएं त्यौहार : डीएम

▶ सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 और आगामी त्यौहारो होलिका दहन, होलिकोत्सव, रमजान, अलविदा जुमा की नमाज, ईद उल फितर, पूर्णिमा गंगा स्नान और अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक बचत भवन सभागार में की।

जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना शरू हो गया है कुछ ही दिनों में होली का भी त्यौहार भी आ जायेगा। इन सभी त्योहारों में किसी भी प्रकार की अशांति न फैलने पाए। मंदिर और मस्जिदो में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। आने जाने वाले रास्तो को भी ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चूंकि इसी बीच आदर्श आचार संहिता भी लग सकती है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि त्योहारों को राजनीतिक रंग देने का प्रयास ना हो। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र संगीत का प्रयोग करता हुए ना मिले। डीजे बजाने वाले संस्थाओं की सूची तैयार कर ले। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलने पाए। अराजक तत्वों पर नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करती रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहेगी। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारो के बीच अनवरत विद्युत आपूर्ति होती रहे। खाद्य विभाग खाने पीने के सामानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने-पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरते।

### अति संवेदनशील स्थलों पर रखे कड़ी नजर : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाए। सभी थानों में पुलिस विभाग हर समय मुस्तैद रहे। अति संवेदनशील स्थलों को अभी से चिन्हित कर लिया जाए। त्यौहारो के बीच आचार संहिता का भी पालन करते रहे। उल्लंघन करने वालो पर गंभीर धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। पिछले 10 वर्ष के आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों की जांच पड़ताल कर ले। जिससे की किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यो के अतिरिक्त जनपद के सभी वरिष्ठ नागरिक, सभी धर्मो के धर्मावलम्बी और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयमाल होने के बाद दूल्हा बारात लेकर फरार

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चक देबीदीन जनता बाजार मजरे गौरा रुपई के कमला किशोर त्रिवेदी की पुत्री का विवाह सोमवार को था। जसपुरा छत्तीसगढ़ से सोमवार को बारात सुबह ही आ गई थी । कमला किशोर ने सोमवार दिन में सभी बरातियों को कच्चा भोजन भी कराया।

सायं काल भी बारातियों की खूब आवाभगत की गई। आगवानी के बाद जय माल का कार्यक्रम हुआ। जय माल के बाद बस से आये बाराती वापस छत्तीसगढ़ के लिए चले गए। दूल्हा सहित 5-6 लोग दुल्हन विदा कराने के लिए रुक गए थे। वही जय माल के बाद किसी बात को लेकर दूल्हा और उसके परिजन नाराज हो गये।

त्रिवेदी परिवार के द्वारा वर पक्ष के लोगों को मनाने की कोशिश की गई लेकिन दूल्हा श्री नारायण पांडे और उसके पिता सत्यवान पांडे ने कहा कि हम लोग जनवासे में बैठकर बातचीत कर रहे हैं।थोड़ी देर में वापस आते हैं । लेकिन इस बीच मौका पाकर स्कॉर्पियो जीप में बैठकर दूल्हा सहित शेष बचे बाराती भी बिना दुल्हन विदा कराये भाग गए।

लालगंज पुलिस से हुई शिकायत के अनुसार चक देवी दीन मजरे गौरा रुपई के कमला किशोर त्रिवेदी की पुत्री नेहा का विवाह श्री नारायण पांडे पुत्र सत्यवान पांडे निवासी जसपुरा छत्तीसगढ़ के साथ तय हुआ था। सोमवार को सुबह बारात आ गई थी लेकिन किसी बात को लेकर बाराती और वर पक्ष दुल्हन को बिना विदा कराये ही भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है ,जांच पड़ताल की जा रही है।

## युवक का फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विजईखेड़ा गांव निवासी बेचेलाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बुधवार को पुत्र अजय गौतम 21 सुबह शौच की बात कह गांव के बाहर गया था और गांव के बाहर मेवालाल निवासी मुलुक गड़ार के खेत में बेर के पेड की डाल पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है। मृतक तीन भाइयों के बीच मंझला था। बड़ा भाई अमन छोटा तुषार है एक बहन अर्पिता मां माधुरी बेटे की मौत से आहत है। मृतक युवक के खिलाफ सोमवार को दही थाना में सुमित पाल पुत्र राकेश कुमार पाल निवासी मल्हीखेडा टीकरगढी द्वारा बहन निधि पाल के साथ दुष्कर्म और हत्या का मुकद्मा दर्ज कराया था जिसके बाद से वह तनाव में आ गया और बुधवार को उसने भी फांसी लगा ली।

## होमगार्ड पर लगा अवैध वसूली का आरोप

▶ स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सलोन कोतवाली में तैनात होमगार्ड के खिलाफ स्थानीय लोगों ने खोला मोर्चा क्षेत्र में अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से की शिकायत मामला सलोन कोतवाली का है जहां थाने में तैनात होमगार्ड बीपी सिंह लगभग 15 वर्षों से थाने में तैनात है, और अवैध वसूली से लेकर पेड़ों की कटान व फरियादियों से वसूली व जमीनों पर अवैध कब्जे का ठेका लगाने का आरोप लगाते हुए क्षेत्र निवासी जय सिंह व कल्प नाथ पांडे ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल से मुलाकात करके होमगार्ड बीपी सिंह के द्वारा किए गए अनैतिक कार्यों से अवगत कराया पुलिस अधीक्षक में जांच करा कर कड़ी कार्रवाई आश्वासन दिया।

### भवन निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में पट्टे की भूमि पर भवन निर्माण कराने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष से श्यामू दिवेदी दूसरे पक्ष से पिता पुत्र उमाशंकर मिश्रा व शिवकेश मिश्रा गंभीर रुप से घायल हो गए। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## छात्राओं को दिया अग्नि आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं को अग्नि आपदा से बचाव के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण। अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं को अग्निशमन अधिकारी आरके तिवारी केंद्र महराजगंज द्वारा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को अग्नि से सुरक्षा एवं अग्नि आपदा से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया ।वही एक गैस सिलेंडर में आग लगाकर और उसे बहुत ही आसानी पूर्वक बुझाया गया और छात्रों को यह बताया गया कि जब कभी भी इस तरह की स्थिति आ जाए तो हमें आंग पर कैसे काबू पाना है यह बात हम जरूर जाने। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामकुमार निषाद डॉक्टर सहदेव प्रसाद पूजा यादव सर्वेश कुमार पूजा अरोरा शशि रूपल कश्यप अंबेडकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुकृत दास कनौजिया सहित महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

## बीएमपीएस प्रबंधन का बालिकाओं को विशिष्ट तोहफा




▶ प्ले ग्रुप में प्रवेश लेने वाली प्रथम 21 बालिकाओं का प्रवेश शुल्क पूरी तरह माफ

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बैसवारा क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में नवीन सत्र 2024-25 में बालिकाओं के प्रवेश पर प्रवेश शुल्क पूरी तरह से माफ।

उल्लेखनीय है कि बीएमपीएस प्रबंधन अपनी विशिष्ट शैक्षिक कार्य शैली के लिए जाना जाता है, बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देने के उद्देश्य से बीएमपीएस प्रबंधन की ओर से प्ले ग्रुप में अप्रैल माह तक प्रवेश लेने वाली प्रथम 21 बालिकाओं का प्रवेश शुल्क पूरी तरह से माफ रहेगा।अभिभावकों से विनम्र निवेदन है कि इस अवसर का अवश्य ही लाभ उठाएं। यह जानकारी विद्यालय के पीआरओ यश बहादुर यादव ने दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद रायबरेली के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियों के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti .in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण के अनुसार शहरी परिक्षेत्र हेतु शहर परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री का 01 रिक्त पद है। इसी प्रकार ग्रामीण परिक्षेत्र हेतु राही, लालगंज एवं दीनशाहगौरा परियोजना में 5, हरचन्दपुर एवं बछरावा में 43, शिवगढ़ में 8, सतांव एवं अमावां में 10, महराजगंज में 40, खीरों में 15, ऊँचाहार में 21, जगतपुर में 4, रोहनिया एवं छतोह में 9, सलोन में 46, सरेनी में 35, डलमऊ में 34 तथा डीह में 7 कुल 350 आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पद हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया है कि उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट पर अपलोड है। उक्त पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश हैं कि पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं। आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा की स्थायी निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा

आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें। पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 03 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक रहेगी। उपरोक्त पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।


## कृषक उत्पादक संगठन का नामः दुधवा फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड विकासखंड पलिया जनपद खीरी

(10000 एफ.पी.ओ. के गठन एवं संवर्धन योजना)एफ.पी.ओ. में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) एवं एकाउंटेंट की नियुक्ति

| पद का नाम | पदों की संख्या | आवश्यक कौशल एवं शैक्षिक योग्यता | अनुभव | प्रमुख जिम्मेदारी | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) कृषक उत्पाद संगठन (FPO) | 01 | Graduate in agriculture/agriculture marketing/ agri-business management or BBA or equivalent or 10+2 and Diploma in agriculture/ agriculture marketing/agri business management or other related areas<br>सूचना प्रणालियों और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस स्वावलंबी रूप से उपयोग करने में सजगता। | कृषि, व्यावसायिक, या सम्बंधित क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्षों का अनुभव। सूचना प्रणालियाँ और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस स्वावलंबी रूप से उपयोग करने में सजगता। | -FPO के दैनिक संघलान को सुनिश्चित करना<br>- योजना बनाते हुए लक्ष्य तय करने में बोर्ड की सहायता करना।<br>- बोर्ड द्वारा निर्देशित विभिन्न वैद्यानिक अनुपालन जैसे बोर्ड की बैठक, जनरल बॉडी की बैठक, बहीखाता पद्यति, परीक्षा, वार्षिक रिटर्न GST फाइलिंग आदि सुनिश्चित करना।<br>- डिजिटल उपकरणों और प्रौद्योगिकी के उपयोग को सुगम बनाना<br>- ऐसे अन्य कार्यों का निवारण करने के लिए तैयार रहना जो बोर्ड द्वारा कहा जा सकता है। | रू.25,000/- प्रतिमाह |
| काउंटेंट कृषक उत्पाद संगठन (FPO) | 01 | - 10+2 in Commerce of Accountancy.<br>- आच्छादित लेखा, कम्प्यूटर बेस्ड बुक कीपिंग, और अन्य वित्तीय सूचना प्रणालियों का ज्ञान।<br>- सूचना प्रणालियों और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस स्वावलंबी रूप से उपयोग करने में सजगता। | एकाउंटेंट के रूप में न्यूनतम 1 वर्ष का कार्य अनुभव । | - FPO के दैनिक लेनदेन को लेखांकन सॉफ्टवेयर एवं बुक्स में रिकॉर्ड करना<br>- इन्वेटरी प्रबंधन<br>-परिसंपत्ति प्रबंधन<br>- बैंको के साथ लेन-देन<br>-ऑडिटिंग के लिए वित्तीय रिकार्ड तैयार करें<br>- Tax और RoC से संबंधित अनुपालन का प्रबंधन | रू.10,000/- प्रतिमाह |

आवेदन प्रक्रिया : इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन फार्म एवं आवश्यक दस्तावेज संघर्ष प्रेरणा संकुल संघ के कार्यालय में श्री/श्रीमती प्रियन्का देवी मोबाइल नंबर-(8808538736) के पास जमा कराएं। संघर्श प्रेरणा संकुल संघ कार्यालय में ड्राप बॉक्स की सुविधा उपलब्ध है। आवेदक अपना आवेदन पत्र ड्राप बॉक्स में भी जमा कर सकते है। आवेदन प्रपत्र ईमेल dudhwafpo@gmail.com पर भेजना अनिवार्य है।

**आवेदन की अंतिम तिथि 20.03.2024 है।**

**आवेदन प्रपत्र जमा करने का समय पूर्वाहन 10 बजे से अपरान्हन 05 बजे तक।**

**साक्षात्कार की तिथि 30.03.2024 समय पूर्वान्ह 10:00 बजे स्थान संघर्ष प्रेरणा संकुल संघ कार्यालय, ग्राम पंचायत गदनिया, नियर पानी की टंकी, थापा फार्म सम्पूर्णानगर रोड, पलिया।**

**आवेदन हेतु कोई शुल्क नहीं होगा।**

**अध्यक्ष**
**दुधवा फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**
**विकास खंड पलिया**

## जीटी रोड पर बदस्तूर मनोहर सियासत

सियासत में रणनीतियां जन कल्याण के लिये विरले ही बनती हैं। सत्ता हथियाने या सत्ता में बने रहने के लिये साम-दाम-दंड-भेद सहित तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जाना आम बात है। महाभारत से लेकर अब तक यही सिलसिला जारी है। पाण्डवों को पांच गांव से भी वंचित रखे जाने पर कुरुक्षेत्र में यही कुछ हुआ। अब इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि हरियाणा में चुनावी महाभारत के लिये एक बार फ्रि भारतीय जनता पार्टी ने अंततरू कुरुक्षेत्र को ही पहल दी है। मनोहर लाल मंत्रिमंडल के इस्तीफे के उपरांत मंगलवार सायं कुरुक्षेत्र से ही पार्टी सांसद नायब सैनी को हरियाणा सरकार की कमान सौंपी गयी। हालांकि वह विधायक भी नहीं हैं, फ्रि भी सियासत की चौसर पर फेंके उनके मोहरे पर ही पार्टी हाईकमान ने अपनी मुहर लगायी। प्रदेश के सत्ता पटल पर चौबीस घंटे के भीतर हुए इस नाटकीय घटनाक्रम का लब्बोलुआब यह है कि मंच के अभिनेता मनोहर लाल भले पार्श्व में चले गये हों, मगर पलायन में वह कतई नहीं गये। मंच पर होने वाले नायाब अभिनय के निर्देशक मनोहर लाल ही होंगे इसमें किसी भी तरह का संशय नहीं होना चाहिए। यह तो स्वाभाविक है कि लगातार दो पारियों में एक ही चेहरे के नेतृत्व से जनता का मोहभंग होने की आशंका अक्सर बनी रहती है। गुणा-जोड़ के गणित में और सियासी विज्ञान में महारत रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नये मुखौटे से बदलाव करके गुजरात मॉडल का सफ्ल प्रयोग यहां भी दोहराया है। मंगलवार की सायं हुए इस बदलाव के संकेत दरअसल मोदी ने सोमवार सुबह ही गुरुग्राम में द्वारका हाई-वे के उदघ्घाटन भाषण दे दिये थे। मोदी ने हरियाणा में पार्टी प्रभारी रहते हुए मनोहर लाल से अपने घनिष्ठ संबंधों की एक तरह से याद ताजा करायी थी। उन्होंने स्मरण किया कि दरियों से लेकर मोटरसाइकिल तक पर वे इकटघ्ठे बैठते रहे हैं। यह बात भी जग जाहिर है कि जहां मनोहर लाल अतीत काल में मोदी के सारथी रहे, वहीं उन्हीं दिनों में नायब सैनी एक सामान्य कार्यकर्ता या यूं कहे एक टाइपिस्ट के रूप में मोदी और मनोहर के सारथी थे। अतरू सोमवार सुबह मोदी द्वारा व्यक्त किये गये उदघ्गारों की पुष्टि मंगलवार शाम ढलते-ढलते 'विदाई भावनाओं' के रूप में हो गयी। सोशल मीडिया या सियासत के कुछ गलियारों में चल रही इस चर्चा से हम इत्तेफ्राक नहीं रखते कि जन मन भर जाने की वजह से मनोहर लाल अतीत में भेज दिए गये हैं। मनोहर लाल पर मोदी के विश्वास की पुष्टि करीब छह माह पूर्व भी हुई जब प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद पर बदलाव करके जाट नेता ओम प्रकाश धनखड़ की जगह उनके पसंदीदा उम्मीदवार नायब सैनी के नाम पर ही मुहर लगी थी। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जननायक जनता पार्टी से गठबंधन तोड़ने की पटकथा भी जमा-गुणा और जातिगत गणित के अंतर्गत मनोहर-मोदी की सियासी स्याही से लिखी गयी। गठबंधन भंग करने के मुख्यतरू दो कारण रहे। एक, पार्टी में गठबंधन को लेकर आंतरिक रोष और दूसरे पार्टी में यह मंथन भी चल रहा था कि जजपा की संगत में जाट वोट मिलने की संभावना न के बराबर थीं। इसलिये सत्ता के आवंटन में देवीलाल के प्रति जन भावनाओं का आदर बराबर रखा गया है। दुष्यंत भले निपटा दिये गये हों, लेकिन देवीलाल के सुपुत्र निर्दलीय विधायक चौ. रणजीत सिंह को मंत्री के रूप में बरकरार रखा गया है। इसके साथ ही गैर जाट व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के चेहरे के रूप में नायब सैनी का पत्ता खेला गया।

**राममंदिर का मुद्दा जिस प्रकार से औंधे मुंह गिरा है, भाजपा को साम्प्रदायिक मुद्दों की जरूरत अब भी बनी हुई है जो इसी चुनाव में और उसके बाद भी सामाजिक ध्रुवीकरण के विमर्श को जिलाये रखे। इस मामले को केवल यह मानकर भी परे नहीं सरका दिया जाना चाहिये कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कह दिया है कि श्यह नागरिकता छीनने का नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों से आने वाले प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का कानून हैश् (31 दिसम्बर 2014 के पहले भारत में आ गये थे)। पहले भी जब यह कानून लाया गया था तभी यह साफहो गया था कि यह भेदभाव पर आधारित है क्योंकि इसमें म्यांमार जैसे देश के रोहिंग्या मुसलमान शामिल नहीं है जो वहां धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हो रहे हैं। यह कानून उसी लाइन पर बना है जो भाजपा के साम्प्रदायिक एजेंडे के अनुकूल है।**

# कुछ छोटे और बहुत से बड़े इरादों को लेकर आया है सीएए

**डॉ. दीपक पाचपोर**



**सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जिस एनआरसी को असंवैधानिक करार दिया गया था, उसे नये रंग-रोगन के साथ भाजपा सरकार लागू करने पर आमदा है। मूल रूप से इसे लेकर असम एवं पश्चिम बंगाल में बड़ा असंतोष था। भाजपा पहले भी इसे लागू करना चाहती थी पर विभिन्न कारणों से ऐसा वह कर नहीं पायी थी। तीसरी बार मोदी इन्हें लागू करने के लिये ही सत्ता में आना चाहते हैं। नागरिकों पर कई तरह से निगरानियां होने एवं नागरिकता छीनने के हथियार किसी भी सरकार के पास उपलब्ध हो जायेंगे तो नागरिक स्वतंत्रता का क्या होगा, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।**

ऐसे वक्त में जब देश आम चुनावों की दहलीज पर है, भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट-सीएए), 2019 को सोमवार को अधिसूचित कर अपने कई इरादों को जाहिर कर दिया है। भाजपा के एकमात्र चेहरे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि में लगातार गिरावट तथा उनकी सरकार की सभी मोर्चों पर नाकामियां दर्ज होने के बाद सीएए लाना यही बतलाता है कि 10 वर्षों तक सरकार चलाने के बाद भी पार्टी का एकमात्र हथियार अब भी ध्रुवीकरण ही है। इतना ही नहीं, सीएए लागू करने के बाद केन्द्र सरकार अगर तीसरा कार्यकाल पाने में सफल हो जाती है तो वह और क्या करने जा रही है- इसका भी संकेत इसी में छिपा हुआ है।

मोदी व भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाना देश के लिये कितना खतरनाक हो सकता है- सम्भवतः यह समझ विपक्षी दलों एवं इंडिया गठबन्धन को इससे हो जानी चाहिये। हालांकि देखना यह भी होगा कि सीएए भाजपा ऐसे वक्त पर भी लेकर आई है जब वह इलेक्टोरल बॉन्ड्स के मामले में सुप्रीम कोर्ट के कठघरे में है जहां से यह संदेश देश भर में चला गया है कि उसने देश के धनिक वर्ग से खूब पैसे बटोरे हैं। सीएए काफी समय से लम्बित था। 2019 में पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा से यह पारित तो हो गया था परन्तु कोरोना के कारण इसे लागू नहीं किया गया था। इसका मकसद तीन पड़ोसी देशों-पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफ्गानिस्तान से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करना है जो उन देशों में धार्मिक रूप से प्रताड़ित हैं। ये सारे ही गैर मुसलिम समुदाय हैं। यह कह देना और इतना ही समझ लेना पर्याप्त नहीं है कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर सरकार की हो रही फ्जीहत से ध्यान बंटाने के लिये भाजपा सरकार सीएए लेकर आई है।

राममंदिर का मुद्दा जिस प्रकार से औंधे मुंह गिरा है, भाजपा को साम्प्रदायिक मुद्दों की जरूरत अब भी बनी हुई है जो इसी चुनाव में और उसके बाद भी सामाजिक ध्रुवीकरण के विमर्श को जिलाये रखे। इस मामले को केवल यह मानकर भी परे नहीं सरका दिया जाना चाहिये कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कह दिया है कि श्यह नागरिकता छीनने का नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों से आने वाले प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का कानून है (31 दिसम्बर 2014 के पहले भारत में आ गये थे)। पहले भी जब यह कानून लाया गया था तभी यह साफ हो गया था कि यह भेदभाव पर आधारित है क्योंकि इसमें म्यांमार जैसे देश के रोहिंग्या मुसलमान शामिल नहीं है जो वहां धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हो रहे हैं। यह कानून उसी लाइन पर बना है जो भाजपा के साम्प्रदायिक एजेंडे के अनुकूल है। वैसे भी इसे तब मानवीयता के खिलाफ बतलाया गया था और देश की उस नीति के विरूद्ध भी जिसका आजादी के बाद से पालन होता आया है।

2019 में जब यह कानून आया था तब और अब की सामाजिक व राजनीतिक परिस्थितियों में बड़ा फर्क आया है। अब मोदी और उनकी पार्टी जो तीसरी मर्तबा सरकार में आने की इच्छुक है, वह देश में बड़े बदलाव लाने के इरादे रखती है। इनमें सर्वोपरि है संविधान को बदलना। इसे पार्टी की ओर से कभी स्पष्ट तौर पर तो नहीं घोषित किया गया है लेकिन संविधान को लेकर जो विचार पार्टी रखती है और कई बार भाजपा से जुड़े लोग यदा कदा जाहिर करते रहते हैं, वह सब इसी दिशा की ओर इंगित करता है। वैसे भी मोदी का दिया नारा अबकी बार 400 के पार भाजपा की जरूरत है जिसके बल पर संविधान को रद्द किया जा सकता है। इस लिहाज से देखें तो सीएए तो प्रवेश द्वार है जिसे पार करने के बाद राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) तथा राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जिस एनआरसी को असंवैधानिक करार दिया गया था, उसे नये रंग-रोगन के साथ भाजपा सरकार लागू करने पर आमदा है। मूल रूप से इसे लेकर असम एवं पश्चिम बंगाल में बड़ा असंतोष था (अब भी है)। भाजपा पहले भी इसे लागू करना चाहती थी पर विभिन्न कारणों से ऐसा वह कर नहीं पायी थी। तीसरी बार मोदी इन्हें लागू करने के लिये ही सत्ता में आना चाहते हैं। नागरिकों पर कई तरह से निगरानियां होने एवं नागरिकता छीनने के हथियार किसी भी सरकार के पास उपलब्ध हो जायेंगे तो नागरिक स्वतंत्रता का क्या होगा, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। पुराने दस्तावेजों के आधार पर लोगों की नागरिकता की शर्त को वे ही लोग पूरा कर सकेंगे जिनका जीवन सुव्यवस्थित व सुविधापूर्ण है। गरीब, दलित, अल्पसंख्यक, प्रवासी मजदूर, किसान, आदिवासियों जैसे वर्गों के लिये अपनी नागरिकता साबित करना मुश्किल हो जायेगा। यह आशंका पहले भी व्यक्त की गयी थी, अब उसका खतरा कहीं साकार रूप में सामने आता दिख रहा है। सीएए को लागू कर भाजपा ने एक तरह से इसका ऐलान कर ही दिया है। सीएए को लागू किया जाना विपक्ष को चेतावनी की घंटी के रूप में लेना चाहिये।

यदि भाजपा को इस बार भी पूर्ण बहुमत मिलता है तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत को एक बड़ा बदलाव देखना होगा। इसकी आशंका लगभग तभी से व्यक्त की जा रही है जब भाजपा को 2014 में सरकार बनाने का मौका मिला था। यदि अगले कार्यकाल में उसे बड़ा बहुमत मिला तथा उसकी सरकार बनती है तो संविधान में किसी भी तरह के बदलाव के लिये तैयार रहना होगा- लोकतांत्रिक प्रणाली के बदले एकदलीय व्यवस्था से लेकर राष्ट्रपति शासन व्यवस्था- कुछ भी लागू हो सकती है। एक ऐसा शासन देखने को मिल सकता है जिसमें भाजपा के अलावा सारे दल समाप्त हो सकते हैं।

## विचार

# लोकसभा चुनाव में धन खर्च का बन सकता है रिकॉर्ड

**नन्तू बनर्जी**

**कानून-व्यवस्था की स्थिति कड़ी की जायेगी, हालांकि यह पूरी तरह से राज्यों की जिम्मेदारी है। हिंसा, आतंकी रणनीति और प्रभाव का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलों की तैनाती की योजना के बारे में राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को सभी राजनीतिक दलों को सूचित करना होगा। ये स्वतंत्र, निष्पक्ष और राजनीतिक उकसावे से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सीईसी द्वारा निर्देशित कई अन्य कदमों में से कुछ हैं। ऐसा नहीं है कि पहले के चुनावों में ऐसे कदम नहीं उठाये गये, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम देने में विफल रहे। चुनाव अभियानों में नकदी बंडलों का उपयोग बड़े पैमाने पर और बढ़ रहा है। राज्यों में सत्तारूढ़ दल और उनके उम्मीदवार हमेशा पुलिस और प्रशासन के समर्थन और सहयोग से पूरी कमान संभाले हुए हैं।**

देश भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) भले ही संदिग्ध चुनाव प्रचार प्रथाओं, जो पिछले कुछ वर्षों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया को तेजी से भ्रष्ट कर रहा है, को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हो, सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टी के व्यवहार को प्रभावित करना या निर्देशित करना उसके लिए आसान नहीं है। पार्टियों और उनके उम्मीदवारों द्वारा प्रति लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की आधिकारिक खर्च सीमा 75 लाख से 90 लाख रुपये के बीच है।

संघीय सरकार चुनाव कराने के लिए अनुमानित सकल व्यय का लगभग 10 प्रतिशत वहन करती है। आधिकारिक तौर पर, इसने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए 38.70 अरब रुपये खर्च किये। शेष राशि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने खर्च की। हालांकि, कानूनी रूप से लेखा व्यय उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों द्वारा खर्च की गई वास्तविक राशि का केवल एक अंश दर्शाता है। अनौपचारिक रूप से या वास्तविक स्थितियों में, उम्मीदवार द्वारा खर्च किया गया धन आधिकारिक खर्च सीमा से 10 से 15 गुना या उससे भी अधिक हो सकता है। चुनाव आयोग इस बारे में कुछ नहीं कर सका। चुनाव अभियान का खर्च उम्मीदवारों और नकद धन उत्पन्न करने की उनकी क्षमता के अनुसार अलग-अलग होता है। सत्ताधारी दल के उम्मीदवार आम तौर पर सरकारी ठेकों या खर्चों से अवैध रूप से एकत्र किये गये गंदे धन, सभी प्रकार के अवैध व्यवसायों, रिश्वत, नौकरियों के लिए नकद और हवाला लेनदेन आदि से सुसज्जित होते हैं। काले धन के पहाड़ों पर बैठकर, वे सरकारी सत्ता बरकरार रखने और अगले चुनाव होने तक अधिक पैसा कमाने के लिए चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा खर्च करते हैं। उनका मकसद किसी भी संभव तरीके से चुनाव जीतना है।

वास्तविक मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के लिए गलत मतदान और बाहुबलियों का इस्तेमाल असामान्य नहीं है, हालांकि असाधारण मामलों में समस्याग्रस्त बूथों पर दोबारा चुनाव होते हैं। दुर्भाग्य से, चुनाव और नयी सरकार के गठन के बाद सीमित प्रशासनिक अधिकार और शक्ति के साथ, ईसीआई शायद ही कभी सत्तारूढ़ दल के विजयी उम्मीदवार को अयोग्य ठहरा सकता है, फ्रि भी, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और राजस्व खुफ्यिा निदेशालय सहित लगभग 20 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की संयुक्त सेवाओं का उपयोग करके चुनाव में अवैध धन के प्रभाव को रोकने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की नवीनतम पहल सबसे अधिक स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि निगरानी और जांच एजेंसियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हवाई अड्डों, हेलीपैडों और चार्टर्ड उड़ानों पर माल की आवाजाही पर नजर रखें।

कानून-व्यवस्था की स्थिति कड़ी की जायेगी, हालांकि यह पूरी तरह से राज्यों की जिम्मेदारी है। हिंसा, आतंकी रणनीति और प्रभाव का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलों की तैनाती की योजना के बारे में राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को सभी राजनीतिक दलों को सूचित करना होगा। ये स्वतंत्र, निष्पक्ष और राजनीतिक उकसावे से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सीईसी द्वारा निर्देशित कई अन्य कदमों में से कुछ हैं। ऐसा नहीं है कि पहले के चुनावों में ऐसे कदम नहीं उठाये गये, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम देने में विफल रहे। चुनाव अभियानों में नकदी बंडलों का उपयोग बड़े पैमाने पर और बढ़ रहा है। राज्यों में सत्तारूढ़ दल और उनके उम्मीदवार हमेशा पुलिस और प्रशासन के समर्थन और सहयोग से पूरी कमान संभाले हुए हैं। अपने चुनाव अभियान को मजबूत करने के लिए उम्मीदवारों के पास अवैध धन का प्रवाह जारी है। ऐसा माना जाता है कि 543 सीटों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों द्वारा रिकॉर्ड नकद व्यय देखा जायेगा, जो पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ देगा। दिल्ली स्थित सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक, इस बार कुल खर्च 1.2 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा हो सकता है, जो 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय खर्च किये गये 14.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक होगा। चुनावी बांड प्रणाली को खत्म करने से आगामी चुनाव में प्रचार खर्च पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है, हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य स्तर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को थोड़ा झटका लग सकता है। 2017-18 से 2022-23 के बीच 12,008 करोड़ के चुनावी बांडों की बिक्री हुई, जिसमें भाजपा को करीब 55 फीसदी या 6,564 करोड़ रुपये मिले। कांग्रेस को केवल 1,135 करोड़ रुपये मिले।

दिलचस्प बात यह है कि राज्य स्तरीय पार्टी टीएमसी को इसी अवधि के दौरान 1,096 करोड़ रुपये मिले, जो किसी क्षेत्रीय पार्टी द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी रकम है। 2022-23 में राजनीतिक दलों के चुनावी बांडफंडिंग पर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यह पता चला कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, जिसका प्रबंधन पी वी कृष्णा रेड्डी, अदारपूनावाला के नेतृत्व वाले सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, और लक्ष्मी मित्तल की आर्सेलर मित्तलनिप्पॉन स्टील इंडिया तीन शीर्ष दान दाताओं के रूप में उभरे हैं।

# पाक की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी

**आर.के. सिन्हा**

आसिफ अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे। पर, किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वो 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए।

जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनाव में पीपीपी को जीत दिलाई और सैन्य नेता जनरल परवेज़ मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें मिस्टर टेन परसेंट का लेबल दिया। उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया। जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजरी भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कर लिया था।

जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया, जिसमें फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साजिश रचने तक के केस शामिल थे। लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए। 1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था।

दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे। हालांकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तान की अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे। इमरान खान के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद लग रहा था कि अब आसिफ अली जरदारी की पारी का अंत हो गया। पर, आपको याद होगा कि जरदारी की पार्टी ने अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के माध्यम से इमरान खान की सरकार को हटाने के लिए मुस्लिम लीग (नवाज) और अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया था। तब इमरान खान की सरकार गिर गई थी और उसके बाद देश में गठबंधन सरकार बनी। जिसके प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ बने और विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो जरदारी।



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# ममता बनर्जी के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली

**विकास सक्सेना**



**तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर अधिकार 'हमारा' है। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया। मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने से रोका जा सकता है।**

अंग्रेजी की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक कील की वजह से पूरा राज्य खो जाता है। इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े की वजह से युद्ध और युद्ध की वजह से राज्य से हाथ धोना पड़ जाता है। यही हाल लोकतंत्र में भी होता है। कई बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है। बंगाल इसका उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई।

कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी 'निजी सम्पत्ति' की तरह 'इस्तेमाल' कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें।

हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर अधिकार 'हमारा' है। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया। मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने से रोका जा सकता है।

इस घटना के बाद गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जिससे पीड़ित महिलाओं को नई ताकत मिल गई। उन्होंने शेख शाहजहां के जुल्मों के खिलाफ आवाज बुलंद की। लेकिन जब ये महिलाएं कैमरे के सामने आकर अपनी व्यथा सुना रही थीं उस समय राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी पीड़ा समझने के बजाए उन पर लांछन लगा रही थीं। ममता बनर्जी के सवाल हैरान करने वाले थे। वे अपनी पीड़ा बताने वाली महिलाओं के मुंह ढंकने पर सवाल उठा रही थीं। जबकि दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक है। पीड़िताओं से पूछा जा रहा था कि उन्होंने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई।

महिलाएं बता रही थीं कि जब वे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने जाती थीं तो उन्हें वापस शेख शाहजहां और उसके गुंडों के पास भेज दिया जाता था। शोषण की सारी सीमाएं पार होने के बाद सड़कों पर उतरी महिलाओं ने बाकायदा न्यायालय में शपथ पत्र देकर आप बीती बताई तो न्यायालय के दबाव में आरोपित शिबू हाजरा, उत्तम सरदार और शेख शाहजहां आदि के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो गए। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में फरार चल रहे शेख शाहजहां को 56 दिनों तक सरकार बचाती रही। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने और न्यायालय से फटकार लगने पर आखिरकार उसे गिरफ्तार किया गया पर उसे बचाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार पूरी ताकत से जुटी रही। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के सुपुर्द नहीं किया। इसके बाद जब अवमानना का मामला दर्ज हुआ तो भी दो घंटा इंतजार कराने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले किया। न्यायालय जाते समय शेख शाहजहां की चाल - ढाल से उसके रुतबे का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627

# सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

- क्षेत्राधिकारी व एसडीएम की मौजूदगी में आयोजित की गई बैठक

समृद्धि न्यूज़।



**महोबा।** जिले की कुलपहाड़ तहसील की क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने रंगों के उत्सव होली और रमज़ान को सौहार्दपूर्ण मनाए जाने की अपील की है। पनवाड़ी थाने में आयोजित हुई बैठक में उन्होंने कहा कि सोशल नेटवर्किंग साइटों पर भी नजर रखी जा रही है।

उन्होंने संचार माध्यमों के जरिए भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। बता दें कि पनवाड़ी थाना परिसर में क्षेत्रीय प्रधानों, व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों के साथ उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार और प्रभारी निरीक्षक अवधेश मिश्रा ने रमजान माह, होली और ईद पर्व को लेकर लोगों से बैठक की।

बताया कि 11 मार्च की रात से जिला भर में धारा 144 लागू की गई, जिसका अनुपालन शासन के निर्देशानुसार किया जाए। भीड़भाड़, शासन के खिलाफ प्रदर्शन और उपद्रव पर पूर्णतया पाबंदी की गई है। इस मौके पर रमेश द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि पनवाड़ी, रमाकांत रावत प्रधान प्रतिनिधि अलीपुरा, देवेंद्र राजपूत प्रधान जखा, नरेश राजपूत प्रधान प्रतिनिधि लिधौरा खर्द, राजू राजपूत प्रधान प्रतिनिधि भरवारा, डालचंद्र प्रधान प्रतिनिधि रिछा, हाजी उमर, भरत तिवारी, रमेश सक्सेना, रामस्वरूप , राजू तिवारी, रामकुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने शराब के ठेकों का किया औचक निरीक्षण

- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाया गया अभियान

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी त्योहारों एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौंड द्वारा एसडीएम चरखारी तथा थाना चरखारी पुलिस टीम एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में संचालित विभिन्न शराब ठेकों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शराब ठेकों से संबंधित अभिलेखों, स्टॉक एवं गुणवत्ता की जांच की गई । जिसमें स्टॉक मिलान के बाद बोतलों के लेबल चेक किये गये, कुछ दुकानों के अन्दर बैठकर शराब पिलाये जाने की सूचना के क्रम में अधिकारियों द्वारा संबंधित को दुकान के अंदर शराब न पिलाने की सख्त हिदायत दी गयी । बता दें कि एसपी के निर्देश पर लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है।

# मजदूरों की मौत मामले की होगी मजिस्ट्रियल जांच

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

- जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का किया गया गठन

जिले के थाना कबरई क्षेत्र में स्थित ग्राम पहरा में चार मजदूरों की मौत हो गई थी। अब इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश किए गए है। इसके लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि ग्राम पहरा थाना कबरई में खनन क्षेत्र गाटा संख्या 1939 के खंड संख्या-एक में दुर्घटना घटित होने के कारण चार व्यक्तियों की मौत हो गई थी। दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के लिए जिलाधिकारी ने आदेश जारी किए है। मजिस्ट्रियल जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। प्रस्तावित जांच के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी हो या उक्त प्रकरण के संबंध में कोई कथन प्रस्तुत करना चाहते है तो वे 14 एवं 15 मार्च को जिलाधिकारी कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक उपस्थित होकर समिति के समक्ष अपना मौखिक व लिखित पक्ष रख रखते है। बता दें कि पहरा गांव के पास पहाड़ का पट्टा धनराज सिंह के नाम संचालित है। मंगलवार को दोपहर के समय पहाड़ में रोज की तरह खनन कार्य चल रहा था।

तीन ट्रैक्टर में जुड़ी कमप्रेसर मशीन पहाड़ के नीचे विस्फोटक लगाने के लिए होल कर रही थी। वहीं एक पोकलैंड नीचे पत्थरों को समेटने का काम कर रही थी। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे पहाड़ के ऊपर जमा मिट्टी नीचे गिरने लगी, जब तक नीचे काम कर रहे लोग संभल पाते हजारों टन पत्थर युक्त मलबा नीचे काम कर रहे लोगों व मशीनों के ऊपर गिर गया। जिससे पोकलैंड आपरेटर और श्रमिक मलबे में दब गए जबकि कुछ लोग चपेट में आने से बाल बाल बच गए। मिट्टी और पत्थर का मलबा गिरने से ड्रिल मशीन से पत्थरों में छेद कर रहे पहरा गांव निवासी 35 वर्षीय रामफूल अहिरवार पुत्र चुन्नू अहिरवार और 36 वर्षीय राममिलन कुशवाहा पुत्र सीताराम और एलएनटी मशीनों के मध्यप्रदेश निवासी हेल्पर प्रेमचंद्र उर्फ प्यारे और नहदौरा निवासी 20 वर्षीय कुलदीप मलबे में दब गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने बचाव कार्य के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं मशीनों के आपरेटर धीरू व कैलाश थोड़ा दूरी पर होने के कारण मलबे में दबने से बच गए। मजदूरों के पास कोई सुरक्षा उपकरण नहीं थे। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# 17 मरीजों को मोतियाबिंद पाए जाने पर नि:शुल्क आपरेशन के लिए चित्रकूट ट्रस्ट भेजा गया

- 65 नेत्र मरीजों को नि:शुल्क चश्मा वितरण किए गए : प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।



बुधवार को पूर्व से निर्धारित बड़ी माता इलैक्ट्रानिक शोरूम में समाजसेवी राज नारायण उर्फ राजू मिश्रा के सौजन्य से सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट का दूसरे नेत्र शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 280 मोतियाबिन्द रोगियों का रजिस्टेशन कर चैकअप किया गया.चैकअप के दौरान 17 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रिफर किया गया।

बुधवार प्रात: 9 बजे से बड़ी माता इलैक्ट्रानिक शोरूम के स्वामी एवं समाजसेवी राजू मिश्रा के सौजन्य से श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा दूसरे नेत्र शिविर का आयोजन किया गया उपरोक्त शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ मुकेश खरे डॉ शिवेंद्र मिश्रा डॉक्टर सागर शुक्ला ,सहायक गौरव तिवारी ,राम प्रताप पांडे, रामस्वरूप बर्मा सहित टीम द्वारा कस्बा सहित दूरदराज से आए लगभग 280 मरीजों का रजिस्टेंशन कर नेत्र परीक्षण किया गया परिक्षण के दौरान 22 मरीजों को मोतियाबिंद पाए जाने पर नि:शुल्क आपरेशन हेतु चित्रकूट ट्रस्ट भेजा गया शिविर में आगन्तुग गढ़मान्य नागरिकों एवं पत्रकारों को नेत्र से सम्बन्धित जानकारियां गौरव तिवारी ने सम्बोधित कर बताईं कि नेत्र का ऑपरेशन किसी भी ऋतु सर्दी गर्मी बरसात में कराया जा सकता है नेत्र में कोई भी हानि नहीं होती है और ऑपरेशन सफल रहता है. शिविर में उपस्तिथ अतिथियों को समाजसेवी राजू मिश्रा ने अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक माह की 13 तारीख को नेत्र शिविर का आयोजन इसी स्थान सुचारु रूप से बना रहेगा। मिश्रा ने ये भी बताया आगामी नेत्र शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम की ब्यबस्था की जाएगी जिससे कस्बे एवं दूरदराज से आए ग्रामीणों को भरपूर लाभ दिलाया जा सके शिविर में आए सभी आगंतुगों का शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने का आभार ब्यक्त किया शिविर में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्र के द्वारा नेत्र शिविर में पहुंच कर मरीजों निशुल्क चश्मा वितरण किए , अग्रवाल, भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी महोबा राम लखन सोनी समाजसेवी आदि उपस्तिथ रहे।

## पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस ने किया गश्त

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के दृष्टिगत एसएसपी इटावा के निर्देशन में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन मे आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल मे सकुशल संपन्न कराने हेतु थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

महोबा, समृद्धि न्यूज़।

ट्रक चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे इसमें सवार होकर जा रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता की सूचना पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 427, 304-ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम अकौना निवासी कुंजीलाल अहिरवार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 9 मार्च की सुबह करीब साढ़े 9 बजे उसका 21 वर्षीय पुत्र किशनलाल अपनी मौसी के पुत्र परमसिंह के साथ बाइक से घरेलू कार्य को लेकर बेलाताल बाजार जा रहा था। बेलाताल-श्रीनगर रोड पर अकौना चौराहे पर ये लोग पहुंचे थे तभी पीछे




से तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे परमसिंह उछलकर दूर गिरकर बच गया। वहीं किशनलाल की ट्रक के पहिए के नीचे आ जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 427, 304-ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है। घटना से मृतक के परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# रमजान बरकतों, रहमतों व गुनाह से बचने का महीना



- रमजान में रोजा, नमाज और कुरान की तिलावत का सिलसिला शुरू

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है, मुसलमान रोजे के साथ नमाज़ व कुरान की तिलावत करने में जुट गए हैं। मस्जिदों में तराबीह और घरों पर रोजा अफ्तार का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

रमजान उल मुबारक के पहले रोजे को मस्जिद पंजतनी इटावा में सैयद अली की ओर से रोजा अफ्तार का आयोजन किया किया गया, इसके बाद तालिब रिज़्वी ने कुरान की तिलावत की। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कि रमज़ान उल मुबारक में कुरान नाजिल हुआ और रोज़े फर्ज किये गए। रमजान में अल्लाह रोजेदारों की दुआ को कुबूल करता है। रमजान का महीना बरकतों और रहमतों का महीना है। अल्लाह रमजान में नेकी के दरवाजे खोल देता है और गुनाहों के दरवाजे बंद कर देता है। रमज़ान के महीने में रोज़ा रखना अनिवार्य है।रमज़ान इस्लामी कलेंडर का नवां महीना है जिसमें पूरे माह अल्लाह की इबादत की जाती है। ये वो महीना है जिसमें इंसान झूट, फरेब, धोखे और गुनाह से दूर रहता है। पांच वक्त की पाबंदी से नमाज पढ़ता है, रोज़े रखता है। रमज़ान खुद को पाक करने का महीना है। रमज़ान में रोज़ा रखना, रोज़ेदार की कदर करना, रोज़ेदार का एहतिराम करना भी अल्लाह ने इबादत करार दिया है। इसके अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में तराबीह का सिलसिला जारी है। जगह जगह रोजेदारों को अफ्तार कराया जा रहा है।

## कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**इटावा।** चौधरी छेदा लाल व अयोध्या प्रसाद यादव की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह राधा कृष्ण आश्रम नगला मोढा देव मोडी में आयोजित किया गया।

कवि सम्मेलन में बाहर से आए कवियों ने अपनी कविताओं से जमकर प्रभाव छोड़ा एवं आम जनमानस को काफी लंबे समय तक रुक कर सभी कवियों को सुनने को मजबूर किया । इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव प्रबंधक पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल को स्मृति चिन्ह देकर एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने शिक्षा के प्रचार प्रसार एवं नित नए आयाम स्थापित करने के लिए उनका चयन इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए किया एवं उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री श्री कृष्ण यादव एवं पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव ने यह सम्मान प्रदान किया।

# यूपीयूएमएस में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत मरीजों को किया गया जागरूक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत यूपीयूएमएस में ओपीडी में आए मरीजों को ग्लूकोमा से होने वाली दृष्टि हानि के संदर्भ में जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिकुलपति डॉ रमाकांत व चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह द्वारा किया गया।

नेत्र विज्ञान विभाग की प्रो. रीना शर्मा ने ओपीडी में आए मरीजों को बताया कि ग्लूकोमा एक बेहद गंभीर बीमारी है जिसे आम बोलचाल में हम काला मोतियाबिंद कहते हैं।अगर समय से इस समस्या का निदान न किया जाए तो आंख की रोशनी भी जा सकती है। इसीलिए ग्लूकोमा से होने वाली दृष्टि हानि के लिए सही जानकारी बहुत जरूरी है।

उन्होंने बताया कि अधिकतर ग्लूकोमा के लक्षण 40 वर्ष के बाद दिखते हैं इसीलिए जिन लोगों की आयु 40 वर्ष हो चुकी है वह अपनी आंखों का रुटीन चेकअप अवश्य कराते रहें। डॉ शर्मा ने बताया कि ग्लूकोमा दो प्रकार के होते हैं- प्राइमरी ओपन एंगल ग्लूकोमा (पीओएजी) इस प्रकार के ग्लूकोमा में आंखों के बड़े प्रेशर की वजह से ऑप्टिक नर्व में सिकुड़न होने लगती है। जिससे नजर खराब होती है और धीरे-धीरे ओपन एंगल ग्लूकोमा की शिकायत होती है। इसमें मरीज को पहले किनारे से धुंधला दिखता है बाद में सामने की विज़न में खराबी आती है लक्षण का सही समय पर पता चलने पर सही इलाज मिलने पर 80 से 90 प्रतिष्टप तक का डेमेज रोका जा सकता है।

प्राइमरी क्लोज् एंगल ग्लूकोमा (पीएनएजी) यह दूसरे प्रकार का ग्लूकोमा होता है इसमें एक प्रकार का तरल पदार्थ जो आंखों को पोषण देता है उसका प्रवाह रुक जाता है।जिससे मरीज के सर में तेज दर्द,दिखाई कम देना, आंखें लाल होना, उल्टी और चक्कर आना, धुंधलापन, बार-बार चश्मा का नंबर बदलना, अंधेरे में जाने पर चीजों पर फोकस कम होना, साइड विजन का नुकसान होना जैसे लक्षण मरीज में देखे जाते हैं।नेत्र विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रवि रंजन ने बताया कि यदि इस तरह के लक्षण अपने सामान्य जीवन में आपको बार-बार दिख रहे हों तो सावधानी बरतें और तुरंत आंखों का परीक्षण कराएं। नेत्र विशेषज्ञ से अवश्य सलाह लें। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को उच्च रक्तचाप,मधुमेह,हृदय रोग है उन लोगों में ग्लूकोमा का जोखिम बढ़ जाता है इसलिए वह समय-समय पर अपनी आंखों का रुटीन चेकअप अवश्य करवाएं। ओपीडी में आए लोगों को जागरूक करने के लिए मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और पोस्टर व अन्य प्रदर्शन सामग्री के साथ लोगों को जागरूक किया और ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होने का संदेश दिया। आज ओपीडी में 258 व्यक्तियों ने आंखों का परीक्षण कराया जिसमें 53 मरीज ग्लूकोमा से ग्रसित थे।




# होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि



रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पीपरईया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज च्योकी स्टेशन। |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (ट) | 23:55 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | गोरखपुर जंक्शन | 18:55 | शुक्रवार | 15 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01124 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 07:25 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 01103 | सीएसटी मुंबई | 22:35 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01104 | गोरखपुर जंक्शन | 15:30 | सीएसटी मुंबई | 00:40 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, देवरिया, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05023 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | आनन्द विहार (ट) | 13:15 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 05024 | आनन्द विहार (ट) | 15:15 | गोरखपुर जंक्शन | 07:30 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेल सिटी, बरेली जं., चन्दौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्रीमाधोपुर, रिंगस जं., फुलेरा जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन। |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | शनि, मंगल गुरु | 23 से 30.03.2024 तक | | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान | भदोही, माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, अमेठी जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05048 | आनन्द विहार (ट) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | | |
| 05053 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | बांद्रा टर्मिनल | 16:00 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, सामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशन। |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनल | 21:45 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05005 | गोरखपुर जंक्शन | 14:40 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास जं. स्टेशन। |
| 05006 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | गोरखपुर जंक्शन | 08:50 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, थावे, तमकुही रोड, पडरोना, कप्तानगंज, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन। |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरु., शनि, सोम, बुध | 21 से 27.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | बाराबंकी, बुढवल जं., करनैल गंज, गोंडा, मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, तमकुही रोड, थावे, दिघवादुबौली, मसरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरु | 22 से 28.03.2024 तक | | |
| 05045 | लाल कुआँ | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा जं., नवा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी जं., समदड़ी जं., मोकालसर, जालौर, मोदरन, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना जं., सुरेन्द्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन। |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लाल कुआँ | 04:05 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., बनारस,, प्रयागराज जं., सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं., नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण जं. स्टेशन। |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, वीरंगम जं., महेसाना जं., उनझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन। |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09525 | हापा | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | बुधवार | 20.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | राजकोट जं., बाँकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद जं., नाडियाड, आनन्द, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावर राजगढ़, रुठियाई जं., गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटौरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, कोकराझार, न्यु बंगाईगांव जं., बरपेटा रोड, रंगिया, उदलगुड़ी, न्यु मिसामारी, रंगपारा नार्थ एवं हरमुटी स्टेशन। |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | | |
| 09183 | मुंबई सेन्ट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | बुधवार | 20.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) | बोरीवली, पालघर, वापी, बलसाड़ जं., सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगाँव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी जं., प्रतापगढ़, जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन। |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | | |
| 09111 | बडोदरा | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | सोमवार | 18.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | बडोदरा | 08:35 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09195 | बडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा जं., बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., सुलतानपुर एवं वाराणसी जं. स्टेशन। |
| 09196 | मऊ | 23:00 | बडोदरा | 00:45 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | | |
| 09061 | वलसाड | 02:15 | बरौनी जं. | 18:00 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशन। |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरुवार | 21.03.2024 | | |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | दानापुर | 20:30 | सोमवार | 18.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | नाडियाड जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर जं., मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद जं. | 11:10 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार (ट) | 14:10 | सोमवार | 25.03 से 01.04.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., एवं गोविन्दपुरी स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03 से 02.04.2024 तक | | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार (ट) | 08:00 | तिथिवार | 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन। |
| 04146 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथिवार | 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30.03.2024 एवं 01.04.2024 | | |
| 08475 | पुरी जं. | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मर्थापुर, ढ़ेंकानाल, अनुगुल, रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, बिलासपुर, न्यु कटनी जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी जं. | 06:55 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23 से 30.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य | विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतिपुरम, रायगड़, केसिंगा, टिटिलागढ़ जं., कांटाबांजी, खरियार रोड, महासमुन्द, रायपुर, अनूपपुर, न्यु कटनी जं., ललितपुर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24 से 31.03.2024 तक | | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सौ सफाई कर्मचारियों को बांटी आयुष्मान कार्ड व पीपी किट

▸ पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल किया लॉन्च

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**



प्रधानमंत्री के वर्चुअल प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी

बुधवार को वंचित वर्गों के लिए आउटरिच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आज पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया गया।

इसी क्रम में जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि आरपी निरंजन, विधान परिषद सदस्य शिक्षक के प्रतिनिधि मयंक चतुर्वेदी, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी सीनियर अधिकारी, नोडल प्रभारी भारत सरकार प्रियंका तोमर, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह सहित उपस्थित आदि अधिकारी व लाभार्थियों ने विकास भवन की रानी लक्ष्मीबाई सभागार में वर्चुअल प्रसारण देखा गया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित किया गया। पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल पर सामाजिक उत्थान एवं आधारित जन कल्याण कार्यक्रम में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से रियायती ऋण वितरित किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से जनपद के 60 लाभार्थियों को लगभग 1 करोड़ 7 लाख लोन देकर लाभांवित किया गया। इस अवसर पर माननीय जनप्रतिनिधियों ने नमस्ते योजना अंतर्गत 100 सफाई कर्मचारियों को नमस्ते आयुष्मान कार्ड तथा पीपी किट का वितरण किया गया।

## महिला दुकानदार पड़ोसी दुकानदारों की स्वेच्छाचारिता से परेशान

**जालौन (उरई)।** आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों का सामान आगे बढ़ाकर लगा लेते हैं। जिससे महिला दुकानदार की दुकान ढंक जाती है। मना करने पर झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि औरैया रोड पर उसकी दुकान है। उसकी दुकान के आसपास और भी दुकानदार किराए पर दुकान लिए हैं। पड़ोसी दुकानदार अपनी दुकानों का सामान बाहर तक निकालकर अतिक्रमण कर लेते हैं। आसपास के दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर दुकानों का सामान बाहर सड़क तक रख लेने से उसकी दुकान ढंक जाती है और ग्राहक उसकी दुकान तक नहीं आ पाते हैं जिससे उसे नुकसान हो रहा है। पीड़िता का आरोप है कि जब वह पड़ोसियों को अतिक्रमण से मना करती है तो वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़िता ने एसडीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष को डीएम ने दिया प्रशस्ति पत्र

**कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज**

युवाओं को नये उद्योगों को स्थापित कराने के लिये प्रेरित करने तथा उद्यमियों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने का निरंतर प्रयास करने के कारण कालपी का हाथ कागज उद्योग दिनों दिन आगे बढ़ रहा है।

इसी को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश शासन के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करके हौंसला अफ्जाई की है।

जिलाधिकारी जलोंन राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हाथ कागज निर्माता समित के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार तिवारी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान से नवाजा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्टरेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उद्योगों के विकास के लिए जिला प्रशासन के द्वारा निरंतर प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि उद्यमियों की समस्याओं प्राथमिकता से निपटाया जायेगा।



हाथ कागज उद्यमी नरेंद्र तिवारी को प्रशस्ति पत्र देते जिलाधिकारी।

कालपी में निर्मित हाथ कागज के उत्पादन की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा हाथ कागज को प्रोडक्ट को ओडीओपी योजना के तहत शामिल किया गया है उन्होंने संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी एवं हाथ कागज उद्योग की साराहना की है। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अधिकारी तथा उद्यमी मौजूद रहे।

# नर्सिंग होम संचालक पर मारपीट रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज

**कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज**

नर्सिंग होम संचालक द्वारा युवक के साथ की गई मारपीट के मामला सुर्खियों में है। पुलिस ने युवक की तहरीर पर दो नामजदों समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट व रंगदारी का मामला दर्ज किया है।

विदित हो कि गत 10 मार्च की रात नगर के मुहल्ला मिर्जामण्डी निवासी युवक प्रशान्त शुक्ला गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होंकर घर जा रहा था लेकिन वह घर पहुचँता कि उससे पहले बाईक से आये हमलावरों ने उसे घेर लिया था और कटटे की वटो से हमला कर दिया था हालांकि शोरगुल सुनकर आये लोगो ने ललकारा तो वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकला था। युवक के मुताबिक हमलावर अभिनव व छोटू नगर में प्रीति नर्सिंग होम का संचालन करते हैं जिसकी अनियमता का मुददा उसने सोशल मीडिया पर डाला था जिससे वह उसे बिगत कई दिनों से विभिन्न तरीके से प्रताड़ित कर रहे थे। वही पुलिस ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है और मारपीट का शिकार हुई युवक प्रशांत की तहरीर पर प्रीति नर्सिंग होम के संचालक अभिनव व छोटू निवासी कागजीपुरा कालपी तथा एक अज्ञात युवक के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 341 व 386 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी के अनुसार मामले में जाँचकर आरोपितों के खिलाफकठोर कार्यवाही की जायेगी।

## माहे रमजान के महीने शुरू

**उतरौला,बलरामपुर।** माहे रमजान का महीना शुरू हो चुका है इसी मुकद्दश रमजान के खत्म होने के बाद ईद आने वाली है। जिसको लेकर हर तरफ बाजार में ईद की खरीददारी करने वालों की भीड़ है। कोई पसंदीदा कपड़े खरीद रहा है तो कोई फुटवेअर लेकिन महिलाओं और लड़कियों को सबसे ज्यादा पसंद आने वाली मेहंदी को कैसे भूल सकते हैं। ईद के मौके पर बाजार में इंडो ऐरबिक डिजाइंस से लेकर ग्लिटर वाली मल्टीकलर्ड मेहंदी छाई हुई है। इसके अलावा हिना टैटू, बटरफ्लाई और रेप्टाइल डिजाइन भी खासे डिमांड में हैं। हाथों में मेहंदी रचने का कारोबार शहर से लेकर गांव तक तेजी से परवान चढ़ रहा है। ईद पर इस कारोबार में लाखों के वारे न्यारे हो जाते हैं। मेहंदी कारोबार से जुड़े जमाल बताते हैं कि पिछली बार से इस बार कारोबार में 40 प्रतिशत का उछाल आया है।

# पालिका की बोर्ड मीटिंग में 44 करोड़ 39 लाख का बजट पास

▸ नगर के लिये कई नई विकास योजनाओं की मिली सौगात

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**


नगर पालिका की बोर्ड बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

नगर पालिका परिषद का वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 44 करोड़ 39 लाख रुपये का बजट पास हुआ। नगर के लिए कई नई विकास योजनाओं की सौगात भी मिली।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नगर पालिका सभागार में बोर्ड मीटिंग का आयोजन किया गया। बोर्ड मीटिंग में एमएलसी प्रतिनिधि रमा निरंजन सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल व ईओ सीमा तोमर की उपस्थिति में छही प्रस्ताव पटल पर पेश किए गए। सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया। बोर्ड की मीटिंग में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 44 करोड़ 39 लाख रुपये का बजट पेश किया गया। जिसमें नगर पालिका कर्मचारियों की तनख्वाह, नगर पालिका के अन्य व्यय और आय का अनुमानित बजट पेश किया गया। जिसे बोर्ड सदस्यों ने अपनी सहमति जताकर पास कराया। इस दौरान नगर की विकास योजनाओं पर भी चर्चा की गई। जिसमें नगर में खराब शौचालयों की मरम्मत कराया जाना, 10 नए मोबाइल शौचालय और जोशियाना मोहल्ले में स्थित तालाब पर एलईडी लाइटों को लगवाया जाना प्रस्तावित है। कूड़े को इकट्ठा करने के लिए आपे वाहन जाता है। कुछ गलियों में यह वाहन नहीं जा पाते हैं तो वहां कूड़ा एकत्रित नहीं हो पाता है। ऐसे स्थान पर नगर पालिका द्वारा ई रिक्शा भेजकर कूड़ा एकत्रित किया जाएगा। हर्षित नमन श्रीवास्तव ने औरैया मार्ग छत्रसाल मोड पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए वहां गोलबंर बनवाए जाने का प्रस्ताव दिया। जिससे स्वीकार किया गया। इसके अलावा जल निकासी के लिए जहां नालों का कार्य शेष है उसे पूरा कराया जा रहा है। इस मौके पर सभासद मनुराज तिवारी, शीला देवी, निधि यादव, रवि कुशवाहा, मीनू सोनी, ईलू मेंबर, बबली कंचन, अन्नू शर्मा, नरसिंह यादव, विनीता दीक्षित, रूखसाना, सरला देवी, ललित शुक्ला, नीरजचंद्रा, कफील कुरैशी, विक्की श्रीवास्तव, हर्षित राय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## चकरोड के गड्ढों पर अवैध कब्जे का एसडीएम से की शिकायत

**जालौन (उरई)।** चकरोड और खाद के गड्ढों पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने की शिकायती पीड़ित किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी सुंदरी बेवा चतुर सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि रकबा नंबर 52 तक पहुंचने के लिए चकरोड है लेकिन कुछ लोगों ने चकरोड पर कब्जा कर लिया है। अब वह अपने खेत तक नहीं पहुंच पा रही है। चुर्खीबाल निवासी रामभरोसे ने चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायत की। ओछेलाल निवासी जखा ने विपक्षियों पर चबूतरा तोड़ देने की धमकी देने का आरोप लगाकर शिकायती पत्र दिया। बाबूराम निवासी कुठौंद ने गाटा संख्या 326 को खाद के गड्ढे के रूप में सुरक्षित होने एवं विपक्षियों द्वारा खाद के गड्ढों पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। पीड़ितों ने एसडीएम से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### 29 परिवारों को मिलेगी एक करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता

**बलरामपुर।** कृषक दुर्घटना बीमा के तहत किसान की मृत्यु/ दिब्यांगता पर 5 लाख तक की सहायता तत्काल प्रदान किया जा सके इसकी प्राथमिकता के साथ डीएम अरविंद सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही हैं। जिसके फलस्वरुप जनपद के 29 कृषक परिवारों को एक करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता मिलेगी। डीएम सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान या उनके परिजनों को किसी दफ्तर के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है,वह घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर वेब पोर्टल पर सकते हैं। उन्होंने कहा की पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों एवं उनके परिजनों को जल्द से जल्द सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

### बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत

**उतरौला,बलरामपुर।** ट्रेक्टर से टकराने से 26 बर्षीय बाइक सवार की मौत , पुलिस ने लाश को पी एम को भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी थाना रेहरा बाजार के ग्राम सभा बूधीपुर के मजरे पंडित पुरवा लोनियनडीह के निवासी मृतक 26 वर्षीय बाइक चालक प्रवेश चौहान पुत्र स्व0 जगतपाल की माता कुसुमा ने बताया कि मंगलवार देर शाम मेरा पुत्र मृतक प्रवेश चौहान नयानगर बाजार घरेलू सामान खरीदकर घर वापस आ रहा था ,बूधीपुर- नयानगर बाजार मार्ग पर किसलिकपुरवा गांव के पास दूसरे तरफ से आ रहे ट्रैक्टर के साइड से निकल रहा था , ट्रेक्टर ट्राली पर लदी यूके लिपटिश की लकड़ी से बाइक सवार टकरा गया जिससे गम्भीर चोटें आयी , आनन फानन में परिजनों व ग्रामीणों ने 108 एम्बूलेंस व डायल 112 को सूचना दी गयी 108 एम्बूलैंस से पी एच सी रेहरा ले जाया गया ,जहां डाक्टर ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर ,लाश को पी एम को भेजकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है प्रभारी चिकित्साधिकारी रेहरा बाजार डॉ. उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि मृतक प्रवेश चौहान को 108 एम्बूलेंस से पीएचसी रेहरा बाजार देर शाम लाया गया था लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया था।

### महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता में प्रधानाध्यापिका सम्मानित



**सहजनवां, गोरखपुर।** विकास खंड पाली के ग्राम डुमरी की रहने वाली प्रधानाध्यापिका अनमिका उर्फ अनु शर्मा को नेपाल के महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आनलाइन आयोजित की गई थी। अनु के सम्मानित होने पर विकास खंड के अध्यापकों में काफी खुशी है। कार्यक्रम का आयोजन पड़ोसी देश नेपाल की सुप्रसिद्ध साहित्यिक संस्था- शब्द प्रतिभा बहु क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन लुंबिनी द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें कई कवियों ने भाग लिया है। संस्था का मुख्य उपद्देय है कि भाषा स्तर पर महिलाओं को मुखर और सशक्त बनना है। गोरखपुर जिले की होनहार कवित्री अनामिका शर्मा उर्फ अनु ने प्रांतीय व राष्ट्रीय स्तर पर कई कवि सम्मेलनों में भाग लिया है और पुरस्कार भी प्राप्त किये हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्याय विपिन बिहारी दुबे,प्रधानाध्यापक- प्रेम नरायण चौबे, रवि प्रकाश पाण्डेय,ध्रुव नरायन, राजेश गुप्ता, प्रदीप सिंह,ज्ञान मौर्या, गणेश, शंकर सिंह समेत कई लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

## ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को सदर तहसील अंतर्गत- कसया खुर्द, गांव के दर्जनों ग्रामीणों द्वारा वर्तमान में हो रहे चकबंदी को लेकर उनके अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएम ऑफिस में पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार। अध्यक्षता कर रहे गुलाब भारती पुत्र रामप्यारे, तेजबली पुत्र बरसाती, श्यामसुन्दर पुत्र सुमेर, रामरक्षा पुत्र श्रीराम, रामेश्वर सिंह पुत्र स्व0 बेचन सिंह समस्त निवासीगण ग्राम-कसया खुर्द, परगना-बड़हर, ग्रामीणों ने बताया कि प्रार्थीगण उपरोक्त नाम व पते के निवासी हैं तथा उक्त ग्राम सभा चकबन्दी की जद में है। उक्त ग्राम सभा वर्तमान समय में आराजी नम्बर पर दर्ज होने के बावजूद इसके सर्वे आफिसर मनमाने ढंग से उक्त ग्राम- कसया खुर्द में प्रक्रिया कर चुके हैं।

# बैंक शाखाओं के वाहन खड़े होने से यातायात व्यवस्था हो रही ध्वस्त

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर में संचालित बैंकों में पार्किंग की व्यवस्था न होने से परेशानी होती है। एक ओर जहां बैंक के बाहर वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति बनती है तो दूसरी ओर उपभोक्ताओं को भी अपने वाहन में नुकसान होने का भय बना रहता है।

उपभोक्ताओं ने बैंकों में पार्किंग की व्यवस्था कराने की मांग बैंकों के आला अधिकारियों से की है। नगर में संचालित अधिकांश बैंक किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। किराए के भवनों में संचालित बैंकों के पास अपने उपभोक्ताओं के वाहन खड़े कराने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नगर में भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, इंडियन बैंक मुख्य शाखा, आर्यावर्त बैंक मंडी शाखा, इंडियन बैंक मंडी शाखा, पंजाब नेशनल बैंक, कैनरा बैंक, एक्सिस बैंक आदि संचालित हो रहे हैं। इनमें से कुछ बैंक तो मुख्य मार्ग पर ही स्थित हैं।

मुख्य मार्ग पर बैंक होने के बाद भी इन बैंकों में पार्किंग की व्यवस्था न होने से उपभोक्ताओं को मजबूरन सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करना पड़ता है। सड़क पर वाहन खड़े करने से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। भारतीय स्टेट बैंक के पास भवन के नीचे पार्किंग की जगह है तो भी उसका उपयोग नहीं होता है। बैंक में आने वाले उपभोक्ता अपने वाहन सड़क पर खड़े कर देते हैं। सड़क पर वाहन खड़े करने के कारण सड़क पर जाम लगता है तथा आवागमन प्रभावित होता है। पार्किंग की समस्या होने के बाद भी बैंकों के शाखा प्रबंधक इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बैंकों के उपभोक्ता अब्दुल कयूम, मोहम्मद समीर, प्रतीकांत चंसौलिया, आशुतोष शिवहरे, आलोक, महेंद्र आदि ने बैंकों के उच्चाधिरियों से बैंकों में उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए पार्किंग की व्यवस्था कराने की मांग की है।


बैंक शाखा के बाहर खड़े वाहन।

## राष्ट्र की रक्षा करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारीः हरीशंकर अग्निहोत्री

**उतरौला,बलरामपुर।** राष्ट्र हित हर भारतवासी के लिए सर्वोपरि होना चाहिए। जिस हृदय में राष्ट्र के लिए सम्मान नही हो उससे देश मे रहने का अधिकार छीन लेना चाहिए। युवा वर्ग को राष्ट्रीय एकता के लिए हमेशा तत्पर रहने की जरूरत है। आर्य समाज के वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन राष्ट्र रक्षा एवं युवा सम्मेलन विषय पर बोलते हुए आर्य विद्वान हरीशंकर अग्निहोत्री ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा की जिम्मेदारी केवल सेना या पुलिस की नहीं है बल्कि हर नागरिक को आंतरिक व बाह्य सुरक्षा के लिए सजग रहना चाहिए।

**सूचना**

मेरी पुत्री अक्सा फातिमा पुत्री इशरत जहां /रियाज अहमद निवासी नान पजान, नगर पंचायत जैदपुर, जनपद बाराबंकी के पासपोर्ट नम्बर- आर-7759598 में जन्मतिथि 15.06.2009 अंकित है,जबकि अन्य सभी अभिलेखों में वास्तविक जन्मतिथि 15.06.2008 अंकित है। अतः पासपोर्ट में अंकित जन्मतिथि 15.06.2008 कर दी जाये।

**सूचनाकर्ता**
इशरत जहां पत्नी रियाज अहमद
निवासी-नान पजान, नगर पंचायत, जैदपुर, जिला बाराबंकी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सथरा वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/15वां केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 11/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/15वां केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत सथरा की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/03/2024 से दिनांक 16/03/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 16/03/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | डामर रोड से बब्लू के मकान तक नाली, साइड वाल व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | ईंट, मौरम, सीमेन्ट, बालू आदि | 4,24462 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 10 दिन |

**नियम व शर्तेः**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-(प्रतिभा सिंह) ग्रा0पं0 सथरा, राजेपुर सचिव- (राजीव सुमन)

**कार्यालय ग्राम पंचायत खुड़ना वैध वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 13/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुड़ना वैध द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/03/2024 से 20/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | भोले के घर से सुनील बाबा के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग कार्य | 982957 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | श्रीनिवास के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 985434 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (शिप्रा गंगवार) ग्रा0पं0 खुड़ना वैध, शमशाबाद सचिव (अरुण यादव)

# महिला की तीसरी शादी रचाने पर गला घोट कर हत्या

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



कोतवाली रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र सभासद वार्ड नं0 01 पूरब मोहाल द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी गयी थी कि एक अज्ञात महिला का शव उमाशंकर सिंह के मकान के पीछे पूरब मोहाल में पड़ा है।

गौरतलब है कि इस सूचना पर उच्चाधिकारीगण के साथ प्रभारी निरीक्षक रागंज जपनद सोनभद्र पुलिस बल के साथ मौके पर जा कर मृत महिला की पहचान का प्रयास किया गया तो उक्त मृतका के पास से मिले उसके पर्स में अधिवक्ता की विजटिंग कार्ड व आधार कार्ड एवं अन्य वस्तुएँ मिली जिसके आधार पर उक्त मृतका की पहचान ममता श्रीवास्तव पत्नी स्व0 राजीव कुमार श्रीवास्तव निवासी फूलहरा थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई। मृतका के मायका पक्ष के लोगो द्वारा मृतका की पहचान कर पुष्टि की गयी है। शव का पंचायतनामा समक्ष परिजन (पंचान) तैयार कर पोस्ट मार्टम कराया गया। पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के अवलोकन से मृतका की मृत्यु का तात्कालिक कारण मृत्यु से पूर्व गला घोटने से स्वासावरोध पाया गया है। मृतका के पिता दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव पुत्र स्व0 बैजनाथ प्रसाद निवासी मुरमुसी थाना लेसलीगंज जनपद पलामू झारखण्ड द्वारा लिखित सूचना देकर अभियुक्तगण नन्दू यादव आदि के विरुद्ध मु0अ0स0 182/2024 धारा 302,120बी भादवि थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत कराया गया है। जिसके त्वरित अनावरण व कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक राबर्ट्सगज, स्वाट टीम प्रभारी व सर्विलांस टीम प्रभारी एंव उनकी टीम द्वारा नामजद अभियुक्त नन्दू यादव पुत्र दशई यादव निवासी फुलवार थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र की गिरफ्तारी की गयी। गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त ने पूछताछ पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसका अन्तरंग सम्बन्ध मृतका ममता श्रीवास्तव के साथ विगत् कुछ महीनो से था, एंव ममता अब नन्दू पर पैसे देने व विवाह करने का दबाव बना रही थी, जबकि नन्दू पहले से शादी शुदा है एंव सामाजिक एंव पारिवारिक लोक लाज वश ममता से शादी नही करना चाहता था। जिससे की ममता को रास्ते से हटाने की ठान लिया एंव दिनांक 10.03.2024 को ममता दुद्धी बुलाया तथा उसके साथ देर शाम तक दुद्धी में ही रहा, उसके पश्चात राबर्ट्सगंज साथ आया एंव रात्रि करीब 12.00 बजे पूरब मोहाल वार्ड नं0। कस्बा राबर्ट्संगज में उमाशंकर के मकान के पीछे ले जाकर मृतका के ही दुपट्टे से गला घोट कर हत्या कर दिया, एंव आज बाहर भागने वाला था कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-1759/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 13/03/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गौरव सिंह गंगवार पुत्र शशी कुमार गंगवार निवासी मो0 लोहाई ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन संख्या 258, 259, 260 मोहल्ला काजम खां कायमगंज पर श्रीमती सुमन गंगवार पत्नी शशी गंगवार के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-1727/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 13/03/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदुभन जैन, शिवांक जैन पुत्र इंद्रसेन जैन, प्रदुभन जैन निवासी मो0 बजरिया ठाकुरदास ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख, विरासतन के आधार पर भवन संख्या 57A, 58 मोहल्ला बजरिया ठाकुरदास कायमगंज पर श्री इंद्रसेन पुत्र काशीराम के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-1672/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 13/03/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनोद रस्तोगी/जूही पुत्र, पुत्री, पत्नी सतीश चन्द्र निवासी मो0 पाठक ने पंजीकृत विक्रय/वसीयत विलेख, विरासतन के आधार पर भवन संख्या 274,275,276 मोहल्ला गंगा दरवाजा कायमगंज पर श्री सतीश चन्द्र रस्तोगी पुत्र गंगादीन के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

# कुठौंदा बुजुर्ग का सफाईकर्मी अक्सर ड्यूटी से रहता है नदारत

▸ गांव की गलियां व नालियां गंदगी से बजबजा रही

▸ गंदगी व अन्ना जानवर गांववासियों के लिए बने हुए है परेशानी का सबब

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

सरकार सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद भी ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में तैनात सफाईकर्मी गांव में नियमित सफाई नहीं कर रहा है। गांव की गलियों में फैली गंदगी और नालियों के चोक होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने गांव में नियमित सफाई कराने एवं मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए डीडीटी के छिड़काव अथवा फॉगिंग कराने की मांग डीएम से की है। विकास खंड के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में गांव में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए सफाईकर्मी तो नियुक्त किया गया है। लेकिन सफाई कर्मचारी गांव में नियमित सफाई नहीं कर रहा है। यही कारण है कि गांव की गलियों में कूड़ा कचरा फैला हुआ नजर आता है। जगह-जगह कूड़े के ढेर नजर आते हैं। नालियों में गंदगी जमा होने से नालियां चोक हो गई हैं और नालियों में घास उग आई है। जिनसे निकलने वाली बदबू से ग्रामीण परेशान हैं। आम रास्ते में मुख्य चौराहे पर गंदगी होने के कारण अन्ना जानवर घूमते रहते हैं। गंदगी व अन्ना जानवर गांववासियों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। इतना ही नहीं गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर, अवनीश आदि ने बताया कि सफाईकर्मी के नियमित सफाई न करने से गांव में गंदगी का अंबार लगा है। जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। गर्मी का मौसम भी शुरू हो चुका है। ऐसे में संक्रामक रोगों का भी डर सता रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने एवं मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए नालियों में डीडीटी का छिड़काव कराने एवं फॉगिंग मशीन चलवाने की मांग की है।


गांव में नाली में उगी घास।

# सहदुल्ला नगर सिद्धनाथ मन्दिर के प्रांगण में महायज्ञ शुरू



**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सादुल्लाह नगर में श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर के प्रांगण में ÷नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ कलश स्थापना एवं शोभायात्रा में भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा की अगुवाई में नगर भ्रमण कलश यात्रा निकला गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक किशोरी प्रज्ञा विष्णु प्रिया जी , दद्दन त्रिपाठी, सुधीर श्रीवास्तव, लक्ष्मी रतन गुप्ता,देवानंद गुप्ता,बहरैची प्रसाद गुप्ता सादुल्लाह नगर के सम्मानित ब बंधु एवं मातृशक्ति की उपस्थिति भी रही।

# ईओ ने सफाई व पेयजल व्यवस्था का किया निरीक्षण

## किदवई नगर में अवैध जल संयोजनधारकों को दी चेतावनी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला किदवई नगर के वार्ड नंबर 06 वाल्मीकि नगर में अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार पंडित नें निरीक्षण टीम के साथ सफाई व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था जायजा लेते हुये नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सहयोग करनें की अपील की।

बुधवार को प्रातः 07 बजे अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार पंडित ने अपने पूर्व निर्धारित रोस्टर के अनुसार वार्ड नं 06 वाल्मीकि नगर में निरीक्षण टीम के साथ सफाई व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था की जांच की। इस दौरान उन्होंनें नागरिकों से कूड़ा सफाई कर्मियों द्वारा चलाई जा रही ट्राई साईकिल में ही दिये जाने के लिये प्रेरित किया। वहीं नागरिकों को सड़क एवं नाला/नाली में कूड़ा फेंके जाने पर जुर्माना किये जाने की चेतावनी भी दी।


टीम के साथ निरीक्षण करते ईओ अनिल पंडित।

कुछ स्थानों पर अवैध जलसंयोजन पाये जाने पर टीम के सदस्य जनार्दन मिश्रा को अवैध जलसंयोजन चिन्हित कर उनको वैध कराये जाने एवं कार्यवाही हेतु निर्देषित किया। इस दौरान अधिषासी अधिकारी ने सभासद चरणजीत से भी जनजागरूकता की मुहिम में सहयोग करनें एवं जागरूक करनें अपील की। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अशोक शर्मा, जनार्दन मिश्रा, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, पूरन सिंह, गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बदलते मौसम में बढ़ रहे खांसी के मरीज

**छिबरामऊ,कन्नौज।** लगातार मौसम में हो रही बदलाव से लोगों की मुश्किल में बढ़ा दी है रात को हल्की सर्दी और दोपहर में चटख धूप सब पर भारी पड़ रही है ऐसे में एलर्जी के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है त्वचा और नाक को एलर्जी के मरीज सबसे अधिक पहुंच रहे हैं डॉक्टर दवा देने के साथ एलर्जी से बचने के लिए सलाह दे रहे हैं ऐसे में बच्चों से लेकर बड़ों तक में एलर्जी की समस्या हो रही है दिन में चटक धूप में रात में हल्की सर्दी के कारण खांसी के मरीज ज्यादा वर्कर आ रहे हैं उन्होंने बताया कि मौसम बदलने के कारण एलर्जी हो जाती हैइसके लिए निर्मित मार्क्स पहनकर रखें उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए सलाह दी है।

# मंडलायुक्त ने बूथों का निरीक्षण कर जानी हकीकत

> अधीनस्थों को रैम्प को दुरूस्त कराये जाने के दिये निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत कानपुर मंडलायुक्त ने नगर व क्षेत्र के संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बुधवार को पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा से वापस लौटते समय मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय, समधन स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं ग्राम खाडेदेवर स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्थित मतदान बूथों का भ्रमण कर सामान्य सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम खाडेदेवर में बूथों में बने रैंप को दुरुस्त कराए जाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का आदेश दिया। इस दौरान एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी, छिबरामऊ तहसीलदार अभिनव कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य, राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद इरफान उर्फ राजू, लेखपाल गुलफाम हुसैन, दिनेश दुबे, कौशल पांडे सहित तमाम राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


प्रा. वि. में बूथों का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त अमित गुप्ता।

# होली के दृष्टिगत पैरा मिलिट्री फोर्स ने किया पैदल गस्त



> सभ्रांत नागरिकों से की अपील,नवयुवकों को जागरूक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षकअमित कुमार आनंद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी ओमकार नाथ शर्मा द्वारा लोकसभा चुनाव-2024, होली व रमजान के त्यौहार के दृष्टिगत पैरा मिलिट्री फोर्स बीएसएफ व छिबरामऊ क्षेत्र संयुक्त पुलिस टीम के साथ छिबरामऊ क्षेत्र के समस्त क्रिटिकल पोलिंग केंद्र, संवेदनशील स्थानों में फ्लैग मार्च किया गया।

सभ्रांत नागरिकों से अपील है कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे। कन्नौज पुलिस द्वारा लगातार सतत निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना / चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें कन्नौज पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी।

# सब्जी बेचने वाले की इलाज के दौरान हुई मृत्यु

**छिबरामऊ कन्नौज।** सब्जी के सब्जी की ठेली पर सब्जी बेच रहे 35 वर्षीय युवाक अचानक तबियत कोई खराब मोहल्ला वालों ने सौ सैया उपचार के लिए कराया भर्ती जहां उपचार के दौरान हुई मौत 35 वर्षीय शानू खान पुत्र वाहिद सिद्दीकी जो ठेले पर सब्जी बेचने का कार्य करता था रोज के तरह सब्जी का ठेला लेकर सब्जी बेचने के लिए मोहल्ले में फेरी लगा रहा था अचानक तबीयत खराब हुई मोहल्ला वालों ने 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां उपचार के समय सानू ने दम तोड़ दिया घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया सानू अपने पीछे एक पत्नी तीन बच्चों को छोड़ गए कैसे होगा इनका गुजर बसर।

# उपयोगी जानकारियां देकर कर्मचारियों को किया जागरूक

> नगरपालिका में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नगरपालिका के सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उपयोगी जानकारियां देकर कर्मचारियों को जागरूक किया गया। अपर जिला जज/सचिव श्रीमती लवली जायसवाल की देख रेख में आयोजित शिविर में पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानों ने लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के बारे में जागरूक करते हुये बताया जिन वादकारियों के पास अपने मुकदमे की पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नहीं है तथा वह अपना अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है तो वे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने नालसा, सालसा के निर्देश पर चलाई जा रही योजनाओं, नालसा हैल्पलाईन नम्बर 15100 एवं नालसा ऐप डाउनलोड कर ऐप के लाभ के बारे में भी बताया। पशु क्रूरता और जानवरों की सुरक्षा के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुये पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के सम्बन्ध में बताया कि पशुओं को अनावश्यक दर्द पहुंचाने या पीड़ा देने से रोकने के लिये अधिनियम में दंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सुलभ न्याय की जानकारी देने के लिए कर्मचारियों में पम्प्लेट्स वितरण कर प्रचार प्रसार किया।



अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा जैसे सरकार आपके द्वार पहुंच रही है वैसे ही विधिक साक्षरता प्राधिकरण के माध्यम से आपकी तमाम समस्याओं का समाधान आसानी के साथ किया जा रहा है। इस दौरान समाजसेवी उषा उपाध्याय सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन वैध पाए गए

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की वापसी व जांच हुई जिसमें कोई पर्चा अवैध नहीं पाया गया बार एसोसिएशन छिबरामऊ वर्ष 2024 25 के वार्षिक चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन उपाध्यक्ष पद के लिए दो दो महासचिव पद के लिए तीन उपाध्यक्ष फर्स्ट पद पर पांच नामांकन उपाध्यक्ष सेकंड पद पर पांच नामांकन कोषाध्यक्ष पद पर दो नामांकन संयुक्त सचिव पद पर चार नामांकन प्रशासनिक सदस्य सदस्य वरिष्ठ पर 6 नामांकन प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ आठ नामांकन जांच प्रक्रिया में सही पाए गए पुस्तकालय अध्यक्ष सुमन लता शाक्य मीडिया प्रभारी अभिषेक द्विवेदी के पद पर एक-एक नामांकन होने के कारण निर्विरोध निर्वाचन होना लगभग तय हो गया न्यायालय परिसर में जांच प्रक्रिया के समय भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहे।

## जीजा ने साले को घर में घुसकर पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते जीजा साले के साथ चार लोगों ने घर में घुसकर अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासी ताहिर खान पुत्र कमालुद्दीन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 10 मार्च को वह अपने घर पर था तभी ग्राम बिलन्दपुर निवासी शकील उर्फराजू, सरफराज, मिनहाज, तस्लीम आए और गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके भाई के साले मजीद को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के उपरांत कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दहेज न मिलने पर विवाहिता से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज न मिलने पर ससुराली जनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना बेवर के ग्राम बल्लूपुर निवासी रामनरेश पुत्र तोताराम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बीते वर्ष उसने अपनी पुत्री रजनी की शादी ग्राम लाडपुर निवासी राजू पुत्र रतिराम के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराली जनों पति राजू, ससुर रतीराम द्वारा अतिरिक्त दहेज में अपाचे मोटरसाइकिल व सोने की जंजीर की मांग की गई। उसकी पुत्री द्वारा असमर्थता जताने पर उक्तगणों ने मंगलवार की शाम उसकी पुत्री के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# किसानों के मामलों में अधिकारी अपनाएं माननीय दृष्टिकोणः तहसीलदार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के मवई बिलवारी गांव निवासी एक किसान ने बुधवार को तहसीलदार से शिकायत की थी। किसान ने क्षेत्रीय लेखपाल पर उसकी खेतों में खड़ी तैयार फसल को टैक्टर से जबरन जुतवा दिया था। जिसपर तहसीलदार ने सम्बन्धित लेखपाल को बुलाकर जानकारी ली। बाद में तहसीलदार ने जमीन की दोबारा पैमाइश के निर्देश दिए है। उमर्दा विकास खण्ड के मबई बिलवारी गांव निवासी एक पीड़ित किसान ने तहसीलदार को दिए प्रार्थना पत्र में शिकायत की थी कि उसके पैतृक भूमि पर लेखपाल ने बिना किसी जांच किए उसकी तैयार खड़ी गेंहू की फसल को जुतावा दिया। इसपर तहसीलदार अवनीश कुमार ने सम्बन्धित लेखपाल को मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल की। इसपर लेखपाल ने तहसीलदार को बताया कि कि जिस भूमि पर यह खेती कर रहे थे। वह सरकारी भूमि है। वहां खाद के गड्ढे प्रस्तावित हैं। इसपर कार्रवाई की गई है। इसपर तहसीलदार अवनीश कुमार ने सिंह क्षेत्रीय लेखपाल को फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों के मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। जिससे अन्नदाता बेवजह परेशान न हो। उन्होंने कानूनगो व क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त भूमि की दोबारा पैमाइश कराई जाए। उसकी रिपोर्ट तैयार कर उनको भी उपलब्ध कराएं और किसानों को बेवजह परेशान ने किया जाए।

# मतदेय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित होनी चाहिएः अमित गुप्ता



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिले के भ्रमण पर आये रोल प्रेक्षक/आयुक्त कानपुर मण्डल, कानपुर अमित गुप्ता ने आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिले में बनाए गये कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदेय स्थलों पर साफ-सफाई, शौचालय, पानी, विद्युत आदि की व्यवस्था सुव्यवस्थित होनी चाहिए। रोल प्रेक्षक/ आयुक्त कानपुर मण्डल, कानपुर अमित गुप्ता ने बूथ संख्या 364 प्राथमिक विद्यालय दंदौरा बुजुर्ग तथा बूथ संख्या 403, 404, 405 कम्पोजिट विद्यालय मलिकपुर, बूथ संख्या 409, 410 प्राथमिक विद्यालय समधन, बूथ संख्या 411, 412 प्राथमिक विद्यालय बालक समधन व बूथ संख्या 475, 476, 477, 478 प्राथमिक विद्यालय खाडेदेवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंनें निर्देश दिए है किया कि समस्त मतदेय स्थलों पर साफ-सफाई, शौचालय, पानी, विद्युत आदि की व्यवस्था सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि मतदेय स्थलों पर फर्नीचर, दरवाजे, खिड़की आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं हेतु जिन बूथ केंद्रों पर रैंप की व्यवस्था ठीक नहीं है वहां पर रैंप की व्यवस्था ठीक करा ली जाए। बूथ पर वरिष्ठ/नागरिकों मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सी आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। इस मौके पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, तहसीलदार सदर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# 1.150 ग्राम गाँजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**विशुनगढ़,छिबरामऊ।** कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में एंव थानाध्यक्ष देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना विशुनगढ़ पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 1.150 ग्राम गाँजा के साथ गिरफ्तार कर किया गया विशुनगढ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गौरव यादव पुत्र अशोक उर्फ मुनुआ यादव निवासी ग्राम धरनीधरपुर नगरिया थाना विशुनगढ जनपद कन्नौज उम्र करीब 22 वर्ष को एक मोटरसाइकिल पल्सर मय 1.150 चत्र ग्राम गाँजा के विशुनगढ़-प्रेमपुर रोड पर धनसिंहपुर के पास भोला नगरिया को जाने वाले रास्ते (खड़जा) वाला तिराहा बहद ग्राम धनसिंहपुर थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज से गिरफ्तार किया। संगीन धाराओं में अभियोग दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेजा गया।

# होमगार्ड के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल किया पार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के सुक्खापुर्वा गांव में एक होमगार्ड के घर से अज्ञात चोरो ताला तोड़कर घर में रखे जेवरात व नगदी पार कर दी। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर होमगार्ड ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के सुक्खापुर्वा गांव निवासी प्रदीप कुमार तिर्वा कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात है। मंगलवार को उनकी पत्नी मकान में ताला लगाकर बच्चों के साथ रिस्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने औरैया गई थी। प्रदीप कुमार नाइट ड्यूटी पर तैनात थे। तभी रात में अज्ञात चोरो ने उनके घर का ताला तोड़ दिया। कमरे में रखी अलमारी को खोलकर उसमें रखी लाखों की कीमत के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। बुधवार की सुबह जब होमगार्ड ड्यूटी से घर वापस पहुंचे, तो घटना की जानकारी हुई। इसपर उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम सूरज पोर्टल के जरिए व्यवसाय के नए अवसर तैयार होंगेः असीम अरुण

## बैठक में उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक के अन्तर्गत 19 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत चेक, तथा 4 लाभार्थियों को आयुष्मान हेल्थ कार्ड वितरित



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री असीम अरूण की अध्यक्षता में विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में वंचित वर्गो के लिये आउटरीच कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वंचित वर्गो को ऋण सहायता के लिए पीएम सूरज पोर्टल को लॉन्च किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों अधिकारियों तथा लाभार्थियों ने देखा।

इस अवसर पर मन्त्री असीम अरूण ने कहा कि पीएम सूरज पोर्टल एक परिवर्तनकारी पहल है। पीएम सूरज पोर्टल के जरिए व्यवसाय के नए अवसर भी तैयार होंगे। इससे समाज के सबसे वंचित वर्गो का उत्थान और सशक्तिकरण करना इसका उद्धेश्य है। इस योजना के अंतर्गत ऋण मुहैया कराया जाएगा। कहा कि केंद्र सरकार कई सारी योजनाओं का संचालन कर रही है, जिनमें राशन, आवास, पेंशन और बीमा जैसी अनेकों योजनाएं शामिल हैं। श्री अरुण ने कहा कि पीएम सूरज पोर्टल एक राष्ट्रीय पोर्टल है, जो सामाजिक उत्थान और रोजगार पर आधारित और जनकल्याण के लिए है। इस पोर्टल के माध्यम से ऋण सहायता स्वीकृत की जाएगी। इससे पात्र लोगों को ऋण लेने में सुविधा मिलेगी। इस पोर्टल से लाभार्थी आसानी से लाभ ले सकते है, जिसमें 15 लाख रुपये तक के बिजनेस लोन के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इससे बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और इसी पोर्टल के जरिए आवेदन किया जा सकेगा। कहा कि यह कार्यक्रम आपके अधिकार का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी व सच्चे काम से ही विकसित भारत का लक्ष्य संभव है। कहा कि मोदी की गारंटी के साथ योजनाओं का लाभ मिलेगा। मन्त्री जी ने बताया कि जनपद में हेल्पलाइन नम्बर 1077 संचालित है किसी भी लाभार्थी को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह हेल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी समस्या का निस्तारण करवा सकता है। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी गरीब, वंचित, शोषित लाभार्थियों को बैंक से संबंधित कोई भी कार्य है तो वह आरएस कठेरिया से सम्पर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समाज के वंचित वर्ग को आगे बढ़ने का मौका मिला है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के गरीब, शोषित, वंचित वर्गो के लाभार्थियों को और अधिक किस तरह से लाभान्वित किया जाये, इसको लेकर निरन्तर चिंतन व मनन करते रहते हैं। यह प्रधानमंत्री की सोच है। प्रधानमंत्री द्वारा संचालित कई विभिन्न लाभकारी योजनाएं देश के किसान, महिलायें, नौजवान, गरीब, शोषित वंचितों के विकास के लिये कटिबद्ध है। कार्यक्रम में उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक के अन्तर्गत 19 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत चेक वितरण की गई तथा 4 लाभार्थियों को आयुष्मान हेल्थ कार्ड वितरण किये गये। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी समेत जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

# एसबीआई ने दो पीएचसी को दिये मेडिकल उपकरण



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जनपद में मेडिकल सुविधाओं को बढ़ाने और नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण का प्रयास रंग ला रहा है। सीएसआर के तहत एसबीआई ने पीएचसी मुरैया बुजुर्ग और फतेहपुर जसोदा का जीर्णोद्धार करवाते हुए मेडिकल उपकरण मुहैया करवाये। इस अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री असीम अरुण ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के उत्थान के लिए निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थानों को आगे आना चाहिए। समाज के विकास में निजी क्षेत्र की सहभागिता आवश्यक है। नागरिकों को पीएचसी स्तर पर बेहतर मेडिकल सुविधाएँ मिल सकें इसके लिए बैंक द्वारा स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, डॉप्लर मशीन सहित कई अन्य जरुरी मेडिकल उपकरण दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों को उपलब्ध कराया गये है। इसके अतिरिक्त दोनों पीएचसी पर जीर्णोद्धार के क्रम में हैलोजन, एलइडी, बिल्डिंग रिपेयर, पेंटिंग, टेबल, आलमारी आदि उपलब्ध कराये गये है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे समाज कल्याण विभाग राज्यमन्त्री एवं सदर विधायक असीम अरुण ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के उत्थान के लिए निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थानों को आगे आना चाहिए। समाज के विकास में निजी क्षेत्र की सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर मंत्री असीम अरुण ने बैंक के अधिकारीयों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यो से आम जनमानस को सीधा लाभ मिलता है। इस मौके पर एसबीआई के सीजीएम शरद स. चांडक, डीजीएम, कानपुर अंचल राजीव रावत एवं क्षेत्रीय प्रबंधक, कानपुर अंचल प्रसून कुमार समेत क्षेत्र के तमाम गणमान्यजन मौजूद रहे।

# तीन मजदूरों ने किशोरी से किया सामूहिक दुष्कर्म

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पानी की टंकी के लिए पाइप लाइन डालने का कार्य कर रहे तीन मजदूरों ने एक किशोरी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटी किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। घटना की जानकारी होने के बाद परिजन किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां कुछ मजदूर पाइप लाइन बिछाने का काम कर रहे थे। बीते दिवस मंगलवार को गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी देर शाम खेतों की ओर जा रही थी। जिसको मजदूरों ने अगवा कर लिया और गांव के बाहर बने पंचायत भवन में ले गए और यहां तीन मजदूरों ने उसके साथ बारी-बारी दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने चीखने-चिल्लाने का प्रयास किया तो मजदूरों ने उसका मुंह दबा लिया।

किसी तरह मजदूरों के चंगुल से छूटने के बाद किशोरी अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना के बारे में बताया। जिसके बाद परिजन किशोरी को लेकर सदर कोतवाली पहुंचे और तीनो आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उक्त तीनों आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। बुधवार को पुलिस ने कानपुर जिले के ककवन थाना क्षेत्र के औरन ताहपुर गांव निवासी रोहित प्रजापति पुत्र परशुराम, व हरदोई जिले के टड़ियावां थाना क्षेत्र के ठड़ियावन गांव निवासी चंद्रप्रकाश पुत्र रामपाल व मेम्बर पाल पुत्र लालाराम निवासी ग्राम डोलापुर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने उक्त तीनों के खिलाफ नाबालिग किशोरी से गैंगरेप मामले में धारा 376डी, 323, 504, 506, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट व 3/4 पाक्सो एक्ट के मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है। वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास के नए आयाम हो रहे स्थापितः असीम अरुण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को क्षेत्र के गुगरापुर मार्ग से मूसरि, पांडेपुरवा से लेकर हाईवे से जोड़ने बाली निर्माणाधीन सड़क का शिलान्यास समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने किया। इस दौरान राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। अब पहले जैसी व्यवस्था नहीं है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होता। अब सरकारी कार्य को लेकर लोगों की धारणा बदल रही है। न हीं अब सरकारी कार्यों में कोई विलंब होता है। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री होने के नाते जिले में होने वाले कार्यों की वह समय-समय पर समीक्षा भी करेंगे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे को फर्रुखाबाद व बुंदेलखंड से भी जोड़ा जायेगाः सीएम

## 288.3 करोड़ की 192 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास/लोकार्पण


बच्ची को स्मार्टफोन देते मुख्यमंत्री


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर के बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन कालेज मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। साथ ही गंगा एक्सप्रेस-वे से फर्रुखाबाद को जोड़ने की बात कही। उन्होंने 288.3 करोड़ की 192 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने छात्रों को मोबाइल वितरित किये।

मुख्यमंत्री योगी नें कहा कि देश में पहला जनपद फर्रुखाबाद वह जिला है जिसमे एग्री स्टैक किसान योजना सबसे पहले लागू की गयी। जिसके माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड से 10 मिनट के भीतर ऋण मंजूर होगा। डिजिटल केसीसी की सुविधा किसानों को मिलेगी। यहाँ की सफलता के बाद पूरे देश में यह योजना लागू होगी। संकिसा धाम का सुन्दरीकरण हो रहा है संकिसा धाम दिव्य धाम के रूप में प्रस्तुत होगा। नीव करोरी धाम भी सुन्दरीकरण की कार्य योजना प्रस्तुत करनें को कहा। नमामि गंगे का कार्य प्रयागराज कुंभ के पूर्व पूर्ण होगा। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे को जनपद से जोड़ने के बारे में कहा कि इसके लिए किसी के पास जाने की जररूत नहीं है। गंगा एक्सप्रेस-वे को बुंदेलखंड एक्सप्रेस से भी जोड़ा जायेगा। कानून व्यवस्था की जब चर्चा होती है तो पूरे देश में यूपी की कानून व्यवस्था की चर्चा होती है। फर्रुखाबाद आनें वाले समय में कानपुर की तर्ज पर एक आधुनिक जनपद बनने को तेजी से अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि यूपी कानून व्यवस्था के मामले में नहीं, बल्कि अन्य मामलों में भी बेहतर व्यवस्था करने वाला प्रदेश बना। यूपी में जाति और मतों की चर्चा होती है। विकास, किसान, युवा, महिलाओं, आस्था व धार्मों की चर्चा नहीं होती थी। आज विकास की योजनाओं का लाभ सभी को समान रूप से मिल रहा है। 56 लाख गरीबों को छत दी, 3 करोड़ शौचालय गरीब के घर में बने। 5 लाख का बीमा कवर आयुष्मान की सुविधा 5 करोड़ को मिली और 5 करोड़ को और देने का कार्य शुरू है। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कार्यक्रम में फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री से अभिवादन करते अश्नील दिवाकर

### फर्रुखाबाद में विकास और विरासत का संरक्षण है

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार फैमली आईडी कार्ड बनाने जा रही है। जिसके माध्यम से राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा, शौचालय, आवास, पेंशन, रोजगार फैमली आईडी कार्ड की सुविधा मिलेगी। कोई सोचता था कि यूपी में 40 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव और उसके पहले चरण में 10.50 करोड़ के प्रस्ताव का शिलांयास फरवरी माह में पीएम मोदी ने किया। जिससे 35 लाख युवों को नौकरी मिलेगी। यूपी का नौजवान नौकरी करनें बाहर नहीं जायेगा। बाहर के लोगों को नौकरी के लिए फर्रुखाबाद आना होगा। फर्रुखाबाद में विकास और विरासत का संरक्षण है। आज नई अयोध्या देखी होगी। जब गलत लोग की सरकार आती है तो राम भक्तों पर गोली चलाती है। जब अच्छी सरकार आती तो राम मन्दिर के दर्शन कराती है। हमने बदलते हुए भारत को देखा है। 2014 के पहले दुनिया में भारत का सम्मान नहीं था। योजनाओं का लाभ चेहरा देखकर दिया जाता था। गरीब को योजना का लाभ नहीं मिलता था। 2017 से पहले यूपी बीमारू था लेकिन यूपी नम्बर एक की अर्थव्यवस्था बन रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग ने शव वाहन से मुख्यमंत्री की सभा में लाभार्थियों को बांटे लंच पैकेट



शव वाहन की फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वाह-रे स्वास्थ्य विभाग इन्हें मुख्यमंत्री तक का नहीं है डर, तभी तो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आये लाभार्थियों के लिए शव वाहन से लाये गये लंच पैकेट उन्हें थमा दिये। धीरे-धीरे कानाफूसी शुरु हो गयी। जब मामला उच्चाधिकारियों के पास पहुंचा तो उनके हाथ पैर फूल गये और आनन-फानन में चीफ फार्मासिस्ट को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। मामला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की जनसभा से संबंधित है। वह भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान में जन सभा को सम्बोधित करने आये थे। कुछ लाभार्थी विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने थे। जिन्हे कार्यक्रम में संबंधित विभागों द्वारा सभा स्थल तक पहुंचाया गया और उन तक भोजन पहुंचाने की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग को सौंपी गई। हद तो तब हो गई कि जब शव ढोने वाले वाहन में लंच पैकेट रखकर सभास्थल पर मौजूद लाभार्थियों में बांट दिये गये। हेराफेरी करने वाला कितना भी चौकन्ना क्यों न हो, लेकिन कोई न कोई तो उसे देख ही लेता है। शव वाहन से लंच पैकेट उतरते जिन लोगों ने देखा उन लोगों ने धीरे-धीरे कानाफूसी शुरु कर दी और मामला तूल पकड़ गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार के हाथ पैर फूल गये और उन्होंने आनन-फानन में चीफ फार्मासिस्ट चक्र सिंह यादव को स्टोर इंचार्ज पद से तत्काल प्रभाव कायमगंज सीएचसी स्थानांतरण करने की सजा दी।

### एंबुलेंस प्रभारी व नोडल अधिकारी का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री की सभा में स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही सामने आयी। सभास्थल पर बनाए गए सेफ हाउस में एंबुलेंस समय से नहीं पहुंची। सीएमओ ने लापरवाही करने वाले एंबुलेंस प्रभारी व नोडल अधिकारी का वेतन रोकने की बात कही। वहीं फार्मासिस्ट आशीष को सीएचसी राजेपुर स्थानांतरित करने की बात कहीं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि एंबुलेंस काफी देर से पहुंची। जिन लोगों की इसमें लापरवाही सामने आयी है उन पर कार्यवाही की जा रही है।

## मुख्यमंत्री की जनसभा में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष का हुआ अपमान

### नाम लेना तक भूल गये भाजपाई, जिलाध्यक्ष पर निकाली भड़ास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक

भारतीय जनता पार्टी भले ही मातृ शक्ति का सम्मान करना कहते नहीं थकती हो, लेकिन जो आज हुआ उससे साफ हो गया कि भाजपा के दांत दिखाने के और तथा खाने के और। सिर्फ मतलब के लिए नारी वंदना करने में लग जाते, जब सम्मान की बात आती तो मातृ शक्ति को भूल जाते। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत के पक्ष में बुधवार को जनसभा को सम्बोधित करने फर्रुखाबाद आये थे। मंच पर कई ऐसे चेहरे थे जो सिर्फ फोटो खिंचाने में सबसे आगे दिखायी दिये, लेकिन जिन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं की भीड़ जुटायी, उन्हें ही भाजपा के लोग भूल गये।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने मुख्यमंत्रि के कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाओं को सभास्थल तक पहुंचाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगा दिया और वह सफल हुईं, लेकिन जब सम्मान की बात आयी तो न ही उन्हें मंच पर जगह दी गई और न ही किसी भी वक्ता ने उनका नाम लिया। ऐसे में अपने को असहज सा महसूस कर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भाजपा नेत्री मीरा सिंह के साथ मंच के सामने पड़ी कुर्सियों पर एक तरफ जाकर बैठ गयी। उन्होंने सोचा कि शायद अब प्रत्याशी या कोई नेता हमें देखकर नाम पुकारेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और इसकी नाराजगी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के चेहरे पर साफ दिखायी दे रही थी। उन्होंने हमारे संवाददाता को बताया कि इस संदर्भ में मैंने अपनी नाराजगी जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के समक्ष जाहिर की, तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि प्रत्याशी जाने। भाजपा के कुछ लोग दबी जुबान से सभा से निकलते समय बात कर रहे थे कि प्रत्याशी के तो जीत का अभी से ही चश्मा चढ़ गया। योगी की सभा में नारी शक्ति के अपमान के संदर्भ में जानकारी करने के लिए जब जिलाध्यक्ष से संपर्क किया गया तो उनकी ओर से कोई जबाव नहीं आया। सांसद मुकेश राजपूत से भी जानकारी करनी चाही पर उनकी ओर से भी कोई जबाव नहीं दिया गया। अगर इसी तरह महिला नेत्रियों का अपमान होता रहा, तो आने वाले समय में भाजपा को कार्यक्रम में महिलायें लाना मुश्किल पड़ जायेगा।

### सभा में सबसे ज्यादा दिखायी दी आशायें

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री की जनसभा सभी कुर्सियां भरने के लिए कई दिनों से कुछ विभाग के अधिकारियों पर अच्छा खासा पार्टी ने दबाव बना रखा था। जिसके चलते अधिकांश कुर्सियों पर आशा बहुएं, आंगनवाड़ी व कार्यकत्री बैठी देखी गईं, जबकि असलियत की भीड़ नदारद रही।

### सट्टा लगाते एक गिरफ्तार

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। दरोगा महेंद्रपाल सिंह ने मुखबिर की सूचना पर मस्जिद की पटिया पर बैठे एक व्यक्ति को सट्टा लगाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बीती रात दरोगा महेन्द्रपाल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि मस्जिद की पटिया पर एक व्यक्ति बैठकर सट्टा लगवाड़ी कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया। उसकी जामातलाशी में उसके पास से सट्टा लिखी पर्चियां, 730/-रुपये और पेन व दफ्ती मिली। पुलिस ने गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की।

## खबरें एक नजर में

### 63 केवीए परिवर्तक से 80 लीटर तेल चोरी अवर अभियंता ने थानाध्यक्ष नवाबगंज को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** 63 केवीए परिवर्तक से तेल चोरी होने के संबंध में अनिल कुमार गौतम अवर अभियंता ने थानाध्यक्ष नवाबगंज को तहरीर दी है। दी गयी तहरीर में कहा है कि विद्युत उपकेंद्र 33/11 के0वी0ए0 विद्युत उपकेंद्र नवाबगंज से निर्गत 11 केवी लाइन जगदीशपुर फीडर पर लगे 63 केवीए परिवर्तक का तेल अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निकाल लिया गया, जो कि कुतुबुद्दीनपुर पर लगा हुआ है। जिससे दिनांक 12/13.03.2024 की सुबह 5 बजे के लगभग आसपास के लोगों द्वारा दूरभाष पर सम्बन्धित लाइनमैन हुकुम सिंह को सूचना उपलब्ध कराई गई। लाइनमैन द्वारा परिवर्तक चेक करने पर पाया गया कि उक्त परिवर्तक में हरे रंग का पाइप लगभग 3.50 मीटर लम्बा व सफेद रंग की कटिया में 15 लीटर तेल मौके पर मिला। वीडियो रिकार्डिंग में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 80 लीटर तेल निकाल लिया गया है। जिससे उक्त परिवर्तक चलने की स्थिति में नहीं है।

### ब्लाक प्रमुख की बगैर अनुमति के ठेकेदार करवा रहा स्टोर रुम का निर्माण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख को बिना सूचना दिए कृषि केंद्र के अधिकारी स्टोर रूम का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि उन्होंने प्रस्ताव पर साइन नहीं किये हैं।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में कृषि रक्षा केंद्र के अधिकारियों तथा ठेकेदार द्वारा बिना ब्लॉक प्रमुख की अनुमति के निर्माण कार्य करना शुरु कर दिया। जबकि इस बाबत कार्यालय के कर्मचारियों से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि हम लोगों से किसी ने कोई भी अनुमति नहीं ली है और ना ही अभी भूमि अधिग्रहीत करने के लिए ब्लॉक प्रमुख द्वारा प्रस्ताव पर साइन किए गए हैं, लेकिन एकाएक ठेकेदार, अधिकारी ब्लॉक परिसर में खाली पड़ी काफी जगह में निर्माण कार्य करने लगे हैं। वही ठेकेदार से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि पूर्व विकास खंड अधिकारी द्वारा प्रस्ताव पास किया गया था। जिसके तहत स्टोर रूम का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित किया गया था। इस आधार पर कृषि स्टोर रूम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### हत्या के मामले में युवक को आजीवन कारावास 50 हजार रुपये के जुर्माने से किया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गेंहू की सिंचाई करने गए युवक की हत्या करने वाले आरोपी को अपर जिला जज कक्ष 6 न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने नरसिंह पुत्र अमर सिंह निवासी देवसनी मेरापुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया।

बीते 4 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम देवसनी निवासी अमर सिंह पुत्र मिड़ई लाल ने थाना मेरापुर पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 16.01.2019 को मैं अपने पुत्र थान सिंह को खोजते हुए गांव के छेदालाल पुत्र कामता प्रसाद निवासी देवसनी थाना मेरापुर के गेहूँ के खेत मे पहुंचे तो मेरा पुत्र थान सिंह खेत में सदिग्ध परिस्थितयों में मृत अवस्था में मिला। मेरा पुत्र दिनांक 15.01.2019 को रात्रि में अपने खेत में पानी लगाने के लिए गया था, तभी उसी समय मौत हो गयी। सूचना को थाने आया हूँ। थाना पुलिस व स्वाट टीम ने साक्ष्य गवाह के आधार नरसिंह के विरूद्ध न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने नरसिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## तीन बच्चों की मां रिश्तेदार युवक के साथ फरार


मां के गम में बच्ची की बिगड़ी हालत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तीन बच्चों की माँ रिश्ते के भतीजे के साथ फरार हो गई। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला विलौना निवासी महेश चंद्र जाटव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके तीन बच्चे हैं।

जिसमें दो बेटे एक बेटी है। दो वर्ष पूर्व उसकी बहन शशी प्रभा की बेटी डाली का विवाह कम्पिल से हुआ था। विवाह में शामिल होने आया प्रदीप पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी गियरी लखनपुर थाना कलान शाहजहाँनपुर से उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग चलने लगा। दोनों लोग फोन द्वारा वार्ता करने लगे। बीते दो दिन पूर्व मेरी पत्नी अपने तीन बच्चों को छोड़कर प्रेमी प्रदीप के साथ माल जेवर व पैसे लेकर फरार हो गई। जानकारी मिलने पर परिजन प्रदीप के घर पहुँचे। जहाँ उसकी पत्नी प्रदीप के साथ घर पर मौजूद थी।

सूचना डायल 112 पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस वापस लौट गई।

चर्चा के अनुसार महिला के पति सहित बच्चों ने प्रदीप की पिटाई भी की और वापस अपने घर लौट आये। मां के भाग जाने के गम में बेटी लाली की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया।

## सांसद ने बाबाजी के सामने फैलायी झोली, मिला ठुल्लू

> मुख्यमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित किया था कि गंगा एक्सप्रेस-वे से कट देकर फर्रुखाबाद को जोड़ दिया जायेगा, लेकिन आज तक वह कार्य पूरा नहीं हुआ

### सभा में सफाईकर्मियों, आशा कार्यकत्रियों ने बढ़ाई भीड़

**नवाबगंज।** मुख्यमंत्री की सभा को सफल बनाने के लिए अधिकारियों ने न जाने क्या-क्या जतन किये। आला अधिकारियों के निर्देश पर विकास खंड के कर्मचारियों ने दो बसों से आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहुएं तथा समूह की महिलाओं व विकास खंड क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारियों को दो बसों से लंच पैकेट की व्यवस्था कर बसों को रवाना किया गया। विकास खंड कर्मचारियों के अनुसार ढाई सौ लंच पैकेट की व्यवस्था हुई थी, लेकिन सभा स्थल पर जाने के लिए अधिक भीड़ नहीं कर पाए। विकास खंड कर्मचारियों ने बताया की करीब डेढ़ सौ महिलाओं तथा सफाई कर्मचारी सहित सब लोग हुए थे। जिनको दो बसों से रवाना किया गया।

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जब-जब चुनाव या बजट आता तो फर्रुखाबाद के लोगों में उम्मीद जागती कि शायद इस बार फर्रुखाबाद को कुछ बड़ा विकास व रोजगार का पैकेज मिल जायेगा, लेकिन हर वार निराशा ही हाथ लगती है और वही इस बार भी हुआ। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना चंद दिनों में ही जारी होने वाली है।

इससे पहले भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनता को करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान में जनसभा को सम्बोधित किया। उनके सम्बोधन से पूर्व सांसद व प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने कई बार उनकी चरण वंदना कर फर्रुखाबाद के लिए जनप्रतिनिधियों की निधि से हटकर झोली फैलाकर मांग की। जिसमें कुछ मांगे उन्होंने मन से बतायी। जिसमें फर्रुखाबाद का नाम पांचाल नगर करने की घोषणा मुख्यमंत्री जी इस मंच से करें। दूसरी फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ें और कोई बड़ा उद्योग फर्रुखाबाद को दे दें। जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। कम्पिल को तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग की, पर प्रत्याशी की झोली खाली की खाली ही रह गयी। सिवाये आश्वासन के कुछ नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने इतना जरुर कहा कि एक्सप्रेस-वे का अधिकांश सर्वे हो चुका है। जल्द ही प्रयास किया जायेगा कि गंगा एक्सप्रेस-वे को फर्रुखाबाद व बुंदेलखण्ड से भी जोड़ा जायेगा। इसके लिए किसी के पास जाने की जरुरत नहीं है। बताते चले कि विधानसभा चुनाव में भी इसी स्थान पर मुख्यमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित किया था कि गंगा एक्सप्रेस-वे से कट देकर फर्रुखाबाद को जोड़ दिया जायेगा, लेकिन आज तक वह कार्य पूरा नहीं हुआ। अब ऐसे में सवाल यह है कि चुनावी आश्वासन है या वाकई में फर्रुखाबाद को एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री को सुनने आयी जनता मुख्यमंत्री की ओर निगाहे गड़ाकर इस आशा में बैठे कि शायद अब बुलडोजर बाबा फर्रुखाबाद के लिए किसी पैकेज की घोषणा कर देंगे। जनता की उम्मीदों पर पानी उस समय फिर गया जब संबोधन खत्म हुआ और बुलडोजर बाबा हाथ हिलाते हुए अपने उड़न खटोला की ओर जल्द दिये। फिर क्या था लोग आपस में चर्चा करने लगे अरे इस बार भी बाबा जी ने भाषण के अलावा फर्रुखाबाद को घोषणाओं के नाम पर ठुल्लू दे दिया।

## आईजी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


थाने का निरीक्षण करते आईजी


अभिलेखों देखते पुलिस उप महानिरीक्षक

मुख्यमंत्री की सभा से वापस लौटते समय आईजी योगेंद्र कुमार ने थाने का औचक निरीक्षण किया। जिससे पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर के क्रिश्चियन इंटर कालेज में भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के जन समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया था। जिसमें आईजी योगेंद्र कुमार आये थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद वह वापस लौटते समय कमालगंज थाने पहुंच गये। आईजी ने थाने का निरीक्षण किया। जिसमें कमालगंज थाने के जर्जर भवन को देखा और थाने के जर्जर भवन की फोटो भी खींची। उसके बाद अभिलेखों की गहनता से जांच की। उन्होंने थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही अपराधों पर अंकुश लगाने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, सीओ रविंद्र नाथ राय, थाना प्रभारी राजेश राय से थाना संबंधित जानकारी ली। उसके बाद जरूरी दिशा निर्देशों को देकर वह रवाना हो गये।

### बेवजह गाली-गलौज एवं मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सुमित्रपुर निवासी पिंटू पुत्र बाबूराम ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 12 फरवरी को समय करीब 4.30 बजे मेरे एवं सावित्री पत्नी पिंटू के साथ में पड़ोसी पप्पू पुत्र बाबूराम, गोविंद पुत्र पप्पू, जितेंद्र पुत्र पप्पू, सुमन पत्नी बाबूराम गाली-गलौज एवं हाथपाई एवं लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे पीड़िर्त एवं सावित्री देवी के शरीर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# एग्री स्टैक योजना को अपनाने वाला फर्रुखाबाद अग्रणी जिला: सीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं का किया गया शिलान्यास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एग्रीस्टैक परियोजना के पहले लागू उपयोग के मामले किसान क्रेडिट कार्ड का उद्घाटन किया गया। एग्रीस्टैक भारत में कृषि पद्धतियों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किए गए एक डिजिटल ढांचे का प्रतीक है। यह पहल किसानों को सशक्त बनाने और अनुकरणीय परिणाम प्राप्त करने के लिए डेटा और डिजिटल सेवाओं की क्षमता का उपयोग करने का प्रयास करती है। एग्रीस्टैक किसानों (किसान आईडी) को प्रमाणित करने, जियोटैगिंग के माध्यम से खेत के स्थानों (फार्म आईडी) को सटीक रूप से इंगित करने और डिजिटल फसल सर्वेक्षण के माध्यम से फसल की खेती की निगरानी के लिए डेटा प्रस्तुत करेगा।

एग्री स्टैक योजना के तहत भारत सरकार ने ई-खसरा सर्वेक्षण (डिजिटल फसल सर्वेक्षणद्ध) करने और किसान रजिस्ट्रियां तैयार करने के लिए पायलट कार्यान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले का चयन किया है। जिले में भूमि रिकॉर्ड को सत्यापित करने, ई-केवाईसी करने और मोबाइल ऐप के माध्यम से सहमति प्राप्त करने के साथ-साथ किसानों की पहचान का उपयोग करके किसान रजिस्ट्रियों को संकलित करने के लिए राजस्व विभाग और कृषि विभाग के बीच एक संयुक्त प्रयास चल रहा है। प्रत्येक गांव में अब एक समर्पित टीम है जिसमें एक पटवारी (राजस्व अधिकारी) और कृषि विभाग के कर्मी शामिल हैं।

जिले में लगभग 5.40 लाख किसान हैं। इन किसानों की तुलना में अब तक लगभग 2.30 लाख किसानों के आधार (विशिष्ट पहचान ) और भूमि रिकॉर्ड को लिंक और सत्यापित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त लगभग 1.85 लाख किसानों को ऑनलाइन ई-केवाईसी और सहमति भी प्राप्त हुई है।

कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जिसे एग्री स्टैक योजना के नाम से जाना जाता है के कार्यान्वयन के साथ जमीनी स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में आज का दिन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस परिवर्तनकारी पहल का नेतृत्व फर्रुखाबाद कर रहा है जो इस योजना को अपनाने वाला अग्रणी जिला है। जिसने किसान केसीसी योजना के तहत मात्र 15 मिनट के भीतर ऋण प्रदान करके कृषि परिदृश्य में क्रांति ला दी है। इस योजना की शुरुआत किसानों के लिए डिजिटल सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत करती है। जो केसीसी ऋण तक पहुंचने में अभूतपूर्व सुविधा का वादा करती है। चार प्रमुख बैंकों भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा का समर्थन इस अभूतपूर्व प्रयास की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है।

# स्वीप प्रभारी भारती मिश्रा ने मतदान हेतु दिलायी शपथ



मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाती भारती मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कमालगंज में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप प्रभारी भारती मिश्रा ने मतदाताओं को मतदान हेतु शपथ दिलायी। भारती मिश्रा ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि भारत के प्रत्येक मतदाता का यह नैतिक दायित्व है कि वह स्वयं तो मतदान हेतु संकल्पित हो तथा परिवार, समुदाय, ग्राम एवं जनपद स्तर तक मिलने वाले प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु संकल्पित कराने का बीड़ा उठाएं। इसके साथ ही लोकतंत्र का पर्व है, वोट देना गर्व है, जागे हैं जगाएंगे, सबसे वोट कराएंगे आदि नारे लगवाए।

इस दौरान नसीम जहां, तिलत अफरोज, रेनू चौहान, माधुरी, शहनाज़ बेगम, अरुणा, अर्चना यादव, पूनम, सुधा, सुनीता, कान्ति, रेखा, कमाल प्रसाद, पिंकी यादव आदि लोग शपथ कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केन्द्रों पर मना धूम्रपान निषेध दिवस, दिलायी शपथ



तम्बाकू नियंत्रण जागरुकता की शपथ दिलाते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत हर साल मार्च माह के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है। जिले के सभी चिकित्सालयों सहित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में शपथ ग्रहण हस्ताक्षर अभियान कराया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवनीद्र कुमार ने कहा कि विश्व में लाखों लोग हर वर्ष तम्बाकू सेवन से अपनी जान गंवाते हैं। जो क्षय रोग, एड्स एवं मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। इसलिए इस भीषण त्रासदी को रोकने के लिए हम सभी को मिलकर तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाना होगा। यह हमारे आपके जीवन के लिए मीठे जहर के समान है इसको अभी नहीं छोड़ा तो यह आपका जीवन छीन लेगा। नोडल अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह ने बताया कि प्रतिदिन 2200 से अधिक भारतीय तम्बाकू सेवन के कारण मरते हैं तथा भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में 40 तम्बाकू के प्रयोग के कारण मरते हैं। लगभग 95 प्रतिशत मुख का कैंसर तम्बाकू सेवन करने वालों को होता है। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जनपद सलाहकार सूरज दुबे ने जानकारी दी कि धूम्रपान हमारे शरीर के लिए इतना घातक है कि हम अपने जीवन से भी हाथ धो बैठते हैं। सभी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों पर लिखा होता है कि तम्बाकू के सेवन से कैंसर हो सकता है।

# एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ शिविर का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




एनएसएस के शिविर में जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्रायें

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शालिनी के संरक्षण में व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुन्दर लाल के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गांव निनौआ के शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।

शिविर 13 मार्च से 19 मार्च तक चलेगा। शिविर का प्रारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन तथा एनएसएस लक्ष्य गीत से प्रारम्भ किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में डीएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गर्ग ने सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि यह शिविर सात दिन का होता है और इन सात दिनों में छात्र/छात्रा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भूमिका निभाते हैं। डॉ0 शिल्पी सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया और बताया कि शिविर में छात्र/छात्रा लगन के साथ सामाजिक कार्य करते हैं। एनएसएस के सह-संयोजक डा0 महेश कुमार ने सभी छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किए जाते हैं। एनएसएस अधिकारी डॉ. सुन्दर लाल ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र/छात्रा/युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। सेवा के माध्यम से शिक्षा, एनएसएस का आदर्श वाक्य नॉट मी, बट यू है जोकि लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को पुष्ट करता है। शिविर में छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, भूलन देवी, पूजा, शिवानी, रोशनी, आकांक्षा, खुशी, अर्चना, खुशबू, आर्तिका, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत, प्रियांशु कटियार, अनुरुद्ध, अभय सिंह, नारायण अवस्थी, सोहांत कुमार, शौर्य मिश्रा, मो0 कैफ, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एनएसएस के स्वयं सेवकों ने निकाली प्रभात फेरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




प्रभात फेरी में भाग लेते युवा

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर लक्ष्मी यदुनंदन लाल विद्यालय स्वयंसेवकों ने दूसरे दिन गांव शिवरई में प्रभात फेरी निकाली और साथ ही गांव में स्वच्छता का संदेश भी दिया।

स्वयंसेवकों द्वारा गांव में जाकर विभिन्न परिवारों से मिलकर शिक्षा, मतदाता पहचान पत्र, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी तथा किशोर, युवा, वयस्क और प्रौढ़ो से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को एकत्रित करने के लिए सर्वे कार्य किया।

द्वितीय दिवस के बौद्धिक सत्र में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक अभिषेक कुमार सिंह ने भगवत गीता के ज्ञानयोग एवं कर्मयोग के जीवनयोपयोगी सूत्रों को विद्यार्थियों को बताया। साथ ही उन्होंने करियर एवं जीवन से संबंधित विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर भी दिया। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने सेवा योजना की रूपरेखा की जानकारी दी। इस अवसर पर विवेक अवस्थी, नील कमल, संजीव शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने बीईओ सतीश कुमार को नम आंखों के साथ दी विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




बीईओ के विदाई समारोह में मौजूद अध्यापकगण

शमशाबाद के खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार वर्मा का बरेली स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। विदाई समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षकों व ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष तथा रसोइयां आदि ने उन्हें विदाई दी।

ब्लाक शमशाबाद में विदाई समारोह में खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहा कि आप लोगों के बीच कार्य करते हुए तीन साल का समय बीत गया, पता ही नहीं चला।

जिस तरह आप लोगों ने स्नेह दिया है यह मेरे जीवन में हमेशा यादगार बनकर रहेगा। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने पहुंचकर माला पहनाकर उन्हें विदाई दी। कई शिक्षक विदाई के दौरान भावुक भी हुए। जिन्हे खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश वर्मा ने गले लगाकर ढांढस बंधाया और कहा कि नौकरी में स्थानांतरण प्रक्रिया चलती रहती है।

उन्होंने कहा कि मेरे लायक जो भी कोई सेवा हो तो याद करना मैं हमेशा तैयार रहूंगा। शिक्षकों ने उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मनोज गंगवार, प्रभात गंगवार, अतुल गंगवार, अजीत यादव, राकेश यादव, मनोज यादव, धीरज यादव, महेन्द्र कुमार, शाबिर अली, अशोक यादव, विनोद कुमार प्रजापति, नरेन्द्र कुमार, राजेश यादव, अरविन्द, राशिद खां, पंकज कुमार, सुरेश चन्द्र आदि मौजूद रहे। साथ ही स्काउट मास्टर व स्वीप प्रभारी राजकुमार ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी।

## दबंगों ने नकदी व फोन छीना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम राजारमपुर मेई निवासी इरफान खान पुत्र बब्बर खान ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया दिनांक 13 मार्च को मैं दिल्ली से अपने ग्राम मेई आया था। बरौन पुलिया के पास नाजिम खान पुत्र कश्मीर खां एवं उनके साथ तीन अज्ञात साथी थे जिन्होंने मेरी जेब में रखे 10,000 एवं एक फोन छीन लिया। जब मैं उनकी दुकान पर ग्राम में गया तो उन्होंने मेरा आधार कार्ड छीन लिया एवं दोबारा मेरे साथ मारपीट की। अब नाजिम मुझ पर 10,0000 चोरी का झूठा आरोप लगाने की धमकी दे रहे हैं। नाजिम खान की परचून की दुकान ग्राम मेई में है। नाजिम खान मुझे आधार कार्ड बनवा के 2000 ठग चुके हैं। पीड़ित का कहना है वह दबंग किस्म के लोग हैं। आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।



रोजगार मेले में साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

## रोजगार मेले में 160 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। रोजगार मेले में हीरो मोटाकर्प लि0 कम्पनी के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिये। रोजगार मेले में 228 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। 228 के सापेक्ष 160 अभ्यार्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया। जिसमें आईटीआई पास आउट 149, नॉन आईटीआई 11 प्रतिभागी चयनित हुए। मेले की व्यवस्था प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। मेले में कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, शिव बहादुर सिंह, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोगों ने सहयोग किया।

# सामूहिक विवाह समारोह में 7 जोड़े हुए एक दूजे के

## सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद नव जोड़े

फुलेरा दूज पर माता सावित्रीबाई सेवा समिति की ओर से सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सिटी लाइट बैंक्वेट हाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार एवं समिति के समस्त सदस्यों द्वारा डॉ. नवल किशोर शाक्य का माला पहनाकार व साफा बांधकर स्वागत किया गया तथा उनके साथ आये लोगों को भी सम्मानित किया गया। संयोजक योगेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से विभिन्न जातियों के 07 जोड़े सम्मिलित हुए। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने माता सावित्रीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों को बताया कि यह हमारे देश की प्रथम महिला शिक्षिका थीं। जिन्होंने समाज में महिलाओं की शिक्षा पर जोर दिया।

डॉ. नवल किशोर शाक्य ने सभी नव जोड़ों को आशीर्वाद देकर उपहार दिये। समिति की कोषाध्यक्ष ज्योति कुशवाहा व अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा वर कन्याओं को उपहार व आशीर्वाद प्रदान किया गया।

संयोजक योगेश कुमार के माता-पिता द्वारा भी सभी नव जोड़ों को उपहार वह आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर डॉ. विपिन कुमार जादौन, सरनाम सिंह, हेमलता देवी, राजेंद्र कुमार, राम दर्शनी, विनीता जादौन, अरुण कुमार, सौरभ राठौर, राजेश कुमार, सोनू राठौर, तरुण कुमार शुक्ला, विधिक सलाहकार बृजेश कुमार, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, भारती मिश्रा, अभिषेक कुमार, डॉ. विक्रम शाक्य, पृथ्वीराज शाक्य, प्रदीप कुमार शाक्य, सुमित कुमार, गोपाल आदि लोग उपस्थित रहे। संरक्षक राजकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संजय दिवाकर सिंघानिया बने सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव



संजय दिवाकर सिंघानिया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल ने मोहम्मदाबाद अवंतीबाई नगर निवासी संजय दिवाकर सिंघानिया को प्रदेश सचिव नामित किया है। संजय दिवाकर सिंघानिया के लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव बनने पर समर्थकों ने उन्हें फोन पर बधाई दी। संजय दिवाकर ने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं निर्वाहन करूंगा।

# जनपद के किसान दिल्ली में होने वाली महापंचायत के लिए हुए रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




दिल्ली जाते समय स्टेशन पर मौजूद किसान नेता

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिल्ली के लिए बुधवार को रवाना हुए। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाह्न पर 14 मार्च को होने वाले किसान मजदूर महा पंचायत में भाग लेने जनपद के बड़ी संख्या में किसान नेता रवाना हुए। देर शाम फर्रुखाबाद स्टेशन पर पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए ट्रेन पर बैठ कर रवाना हुए। मण्डल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा व जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, अजय कटियार, अभय यादव, रजनी तिवारी सहित बड़ी संख्या में किसान नेता होने वाले किसान आंदोलन में प्रतिभाग करने के लिए रवाना हुए।



## चोरी की बाइक चलाते पकड़ा, लेकिन नहीं दी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कन्नौज के निवासी राम शंकर मंगलवार को अपनी बुआ हेमकली पत्नी फेरू सिंह यादव के घर राजेपुर सरायमेदा में आया था। किसी कार्य से वह सब्जी मंडी में आया और मोटरसाइकिल खड़ी करके काम से चला गया। जब लौटकर आया, तो उसकी मोटरसाइकिल वह पर नहीं थी। जिसकी सूचना उसने थाने में दी। आज सायं करीब चार बजे उसने भोला नगला के कप्तान सिंह को कस्बे में मोटरसाइकिल को चलाते देखा, तो उसने अपनी मोटरसाइकिल मांगी। जिससे नाराज़ होकर कप्तान सिंह ने जानमाल की धमकीं देकर मोटरसाइकिल लेकर भाग गया। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही करने की बात कही।

## दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज कस्बा के बबना रोड आजाद नगर निवासिनी सबीना बेगम पत्नी इरफान हुसैन ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया दिनांक 12 मार्च को हमारा पुत्र अरबाज अपनी जगह पर खेल रहा था, तभी शाम समय लगभग 6.00 बजे हमारे पड़ोसी रामजी पुत्र मिर्ची लाल व उनकी पत्नी वर्षा देवी, शांति देवी पत्नी रंजीत ने मिलकर मेरे पुत्र अरबाज़ को पकड़ लिया तथा उसके साथ मारपीट की। झगड़ा देखकर जब सबीना बचाने मौके पर पहुंचे, तो उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस में जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# रमजान रहमतों/बरकतों का महीना



हाजी अकरम अंसारी



सैय्यद आफताब हुसैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माहे रमजान में लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। हाजी अकरम अंसारी इन दिनों घर में रहकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसमें खुदा की चारों ओर पाक किताबें हजरत मूसा पर छह रमजान को तौरेत, हजरत इशा पर तेरा रमजान को इंजील हजरत दाउद अलैहहिस्सलाम रमजान लैलतुल कद्र में आखिरी नवी मोहम्मद मुस्तफा पर कुरआन नाजिल हुआ। इसे इबादत, मगफिरत और फजीलतों का महीना कहा जाता है।

सैय्यद आफताब हुसैन ने कहा कि लोग अल्लाह की इबादत करें। अल्लाह इस पवित्र महीने में बरकत फरमाता है। रोजदार के लिए समंदर की मछलियां इफ्तार तक मगफिरत की दुआ करती हैं।

पवित्र माह में खुदा की राह में एक रुपये छिपाकर खर्च करना उन 700 सौ रुपये खर्च करने से बेहतर है जो दिखावा में खर्च किये जायें। अल्लाह एक रुपये के बदले 700 रुपये का सबाब अपने बंदों को फरमाता है। कम से कम रोजदारों का एहतराम करें।

# करनाल से खट्टर, नागपुर से गडकरी मैदान में

## लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, कई बड़े नाम शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की जिसमें बड़े नाम शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से चुनाव लड़ेंगे, कर्नाटक के पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई हावेरी से चुनाव लड़ेंगे, बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से चुनाव लड़ेंगे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मुंबई उत्तर से चुनाव लड़ेंगे। हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

यह मनोहर लाल खट्टर द्वारा अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ अपने पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। उन्हें करनाल लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। सिरसा से अशोक तंवर, अंबाला से बंटो कटारिया, भिवानी-महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह, गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह यादव और फरीदाबाद से कृष्णपाल गुर्जर को टिकट मिला है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने थोड़ी अनिश्चितता के बाद अपनी नागपुर सीट बरकरार रखी है क्योंकि उनका नाम 2024 लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची में नहीं था। बीजेपी ने दिल्ली की बची हुई दो सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पूर्व दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया गया है। इससे पहले बीजेपी ने 2 मार्च को 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ने का ऐलान किया गया था। पहली सूची के मुताबिक केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव त्रिपुरा पश्चिम से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने नयी दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।



**कुल 72 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा**

| | |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 20 |
| कर्नाटक | 20 |
| गुजरात | 07 |
| हरियाणा | 06 |
| तेलंगाना | 06 |
| मध्य प्रदेश | 05 |
| उत्तराखंड | 02 |
| दिल्ली | 02 |
| हिमाचल प्रदेश | 02 |
| त्रिपुरा | 01 |

# डबल इंजन की सरकार में बदला उत्तर प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर : नन्दी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश के सभी औद्योगिक विकास क्षेत्रों में निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, बंद चल रहे उद्योगों एवं रिक्त पड़ी भूमि की स्थिति जानने एवं नए उद्योगों की स्थापना की संभावनाओं को लेकर बुधवार को पिकप भवन सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री नन्दी ने बैठक में उपस्थित सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने बिना लीज डीड के चल रही फैक्ट्रियों पर कार्रवाई करने और बंद पड़ी व रिक्त चल रही भूमि पर नए उद्योगों को स्थापित कराने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने सीईओ यूपीसीडा को लापरवाह व गैर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर है।






# 84 प्रतिशत 'आबादी' ने खाई एल्बेन्डाजॉल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में इस बार के कृमि मुक्त अभियान में 84 प्रतिशत लक्षित आबादी ने पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खाई है। जबकि पिछले अभियान में 79 प्रतिशत बच्चों, किशोर और किशोरियों ने ही एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया था। इस दवा के सेवन से जहां स्वास्थ्य व पोषण में सुधार होता है वहीं शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है। साथ ही बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में दवा सेवन करवाने में इस वर्ष जो उपलब्धि मिली, उसके पीछे स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयास के साथ जनमानस की जागरूकता का सहयोग है। हम स्वस्थ व पोषित समाज निर्माण की ओर अग्रसर हैं। आशा है कि प्रदेश की नई पौध अन्य के मुकाबले ज्यादा स्वस्थ होगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि फरवरी में कृमि मुक्त अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल खिलाने के लिए अभियान शुरू किया गया था। अभियान में प्रदेश के 69 जिलों के 758 ब्लॉक में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के कुल 9.14 करोड़ बच्चों, किशोर और किशोरियों को एल्बेन्डाजॉल खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। 7 करोड़ 69 लाख 77 हजार 361 ने एल्बेन्डाजॉल का सेवन किया। डॉ मनोज ने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त में कृमि मुक्त अभियान चलाया गया था, इस दौरान प्रदेश में लक्ष्य के सापेक्ष 79 प्रतिशत लक्षित बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई गई थी, इस वर्ष यह आंकड़ा लक्ष्य के सापेक्ष 84 प्रतिशत है जो विगत वर्ष की तुलना में 05 प्रतिशत अधिक है। शरीर में कृमि संक्रमण होने पर पेट दर्द, दस्त, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना जैसी शिकायत आती है।



यह संक्रमण नंगे पैर चलने, जमीन पर गिरे हुए खाद्य पदार्थ को उठाकर खा लेने आदि से हो जाता है। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। वह एनीमिया से ग्रसित हो जाता है। एल्बेन्डाजॉल खा लेने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। इससे शरीर में आयरन की शोषक क्षमता बढ़ जाती है और शरीर में एनीमिया यानि खून की कमी दूर होती है। यह अभियान एक फरवरी को चलाया गया था। अभियान में किन्हीं कारणों से छूटे बच्चों के लिए पांच फरवरी को मापअप राउन्ड चलाया गया था।

# फार्मस्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति में सब्सिडी की सुविधा : जयवीर

**लखनऊ।** ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से यूपी पर्यटन विभाग ने विभिन्न ग्रामीण होमस्टे प्रदाताओं के साथ अनुबंध किया है। ये होमस्टे स्थानीय संस्कृति और लोककलाओं के साथ व्यंजनों से जुड़े अनूठे फार्म स्टे का अनुभव प्रदान करते हैं। अयोध्या से केवल 70 किलोमीटर दूर बस्ती में 'माइ मॉम ग्रामीण होमस्टे' और बांदा जिले के उदयपुरवा में ईको-विलेज परियोजना के तहत 'गुलमोहर ग्रामीण होमस्टे' ऐसा ही उदाहरण है। इन होम स्टे में 4-5 कमरे होते है, जिनमें सभी मूलभूत सुविधाएं होती है।

पर्यटन विभाग ग्रामीण और प्रमुख गंतव्यों के निकट फार्म स्टे की स्थापना के लिए पर्यटन नीति 2022 अन्तर्गत सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कतिपय चयनित गांवों को ग्रामीण पर्यटन केंद्रों में तब्दील किया जा रहा है, जो संस्कृति के साथ ग्रामीण पर्यटन का विशिष्ट अनुभव प्रदान करते हैं।

इंटरनेट कनेक्टिविटी होने के साथ, ये हब आगंतुकों को एक्सपिरियन्स टूरिजम का अनुभव प्रदान करते हैं। पर्यटक ग्रामीण परिवेश के शुद्ध वातावरण में समय बिताने के साथ मौसमी फसलों और बाग-बगीचों से भी परिचित होंगे। ग्रामीण जीवन की अपनी विशिष्ट संस्कृति होती है। आस्थाओं, मान्यताओं तथा विविध गतिविधियाँ ग्रामीण जीवन को अनूठा बनाती हैं। होम स्टे के माध्यम से आगन्तुकों को ग्रामीण अंचलों की विभिन्न गतिविधियों से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है।

# देश-दुनिया को रिझाने के साथ वेडिंग डेस्टिनेशन क्षेत्र के रूप में उभरेगा उत्तराखंड : सीएम धामी

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में वेडिंग के लिए सैकड़ों डेस्टिनेशन हैं। जो उत्तराखंड में मिल सकता है, वह पूरी दुनिया में कहीं और नहीं मिल सकता। यहां त्रियुगीनारायण है, जहां शिव-पार्वती का विवाह हुआ था। जागेश्वर धाम भी है, जहां बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री जैसे मंदिर हैं। यहां रामनगर जैसा बृहद वन क्षेत्र है, आदिकैलाश है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को कैंप कार्यालय सभागार में डेस्टिनेशन वेडिंग पर उत्तर भारत के प्रमुख वेडिंग प्लानर्स के साथ वर्चुअल बैठक हुई। इसमें उत्तरी भारत के 75 से अधिक प्रमुख वेडिंग प्लानर्स ने प्रतिभाग किया। वेडिंग प्लानर सौरभ व सीता ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आज कल के युवाओं को वेडिंग के लिए नेचुरल व्यू चाहिए। इसके लिए उत्तराखंड बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन है। यहां का मौसम भी काफी अच्छा है। उन्होंने बताया कि वे अब तक 60 से अधिक शादियों की व्यवस्था कर चुके हैं।



वहीं वेडिंग प्लानर शैलजा व आयुष ने बताया कि वे देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश, त्रियुगीनारायण, चकराता आदि में वेडिंग करा चुके हैं। यहां का वातावरण, मौसम, प्रकृति की विविधता आदि देवभूमि उत्तराखंड के प्रति लोगों का जबरदस्त आकर्षण है। सीजेवाई गुड़गांव से वेडिंग प्लानर रेनू ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि वे अभी तक 200 से अधिक विवाह करा चुके हैं। इसी तरह कई वेडिंग प्लानर्स ने अपने-अपने सुझाव बैठक में साझा किए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वेडिंग प्लानर्स के सुझाव को वेडिंग डेस्टिनेशन के संबंध में जल्द ही अमल में लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में कई ऐसे धार्मिक और प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण स्थल हैं, जिन्हें फिल्मों की शूटिंग के साथ प्री-वेडिंग शूट के लिए भी प्राथमिकता दी जा रही है। चारधाम के अलावा उत्तराखंड का नैसर्गिक सौंदर्य देश-दुनिया को हमेशा आकर्षित करता रहा है। अब वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी प्रदेश खास पहचान बनाएगा। सरकार उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत नीति तैयार कर रही है। जल्द ही उसके परिणाम सामने आएंगे।


